# परिश्रम और विनम्रता से आगे बढ़े नितिन नवीन, भाजपा की नई पीढ़ी का चेहरा चुनौतियों के लिए तैयार




भाजपा में नितिन नवीन को परिश्रमी और विनम्र नेता के रूप में देखा गया है और संगठन व चुनावी प्रबंधन में उनकी भूमिका को लगातार मजबूत माना गया है

छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव (2023) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को नितिन नवीन के राजनीतिक जीवन का सबसे महत्त्वपूर्णमोड़ माना जाता है। पिछले हफ्ते ही उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया और वह इस पद को संभालने वाले अब तक के सबसे युवा नेता बन गए हैं। लेकिन उनके करियर को असली रफ्तार साल 2019 में मिली थी जब उन्हें सिक्किम विधान सभा चुनाव में भाजपा के अभियान की कमान सौंपी गई थी।

वर्ष 2019 के उन चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हालांकि पीके चामलिंग के नेतृत्व वाली सिक्किम लोकतांत्रिक मोर्चे की हार हुई और मुख्यमंत्री के तौर पर उनके पांच बार के कार्यकाल का अंत हो गया। लेकिन इसका फायदा भाजपा को नहीं बल्कि उनके सहयोगी पीएस तमांग और उनके सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चे को मिला। भाजपा ने 32 सदस्यीय विधान सभा में से 31 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए लेकिन पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकी। शीर्ष नेतृत्व के लिए यह चौंकाने वाला नहीं था, क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के गढ़ में भाजपा को अक्सर मुश्किल होती है चाहे वह झारखंड, पश्चिम बंगाल या तमिलनाडु जैसे राज्य हों। लेकिन, इस नियुक्ति ने नवीन को युवा राजनीति से इतर केंद्रीय स्तर के बड़े नेताओं के साथ काम करने का मंच दे दिया।

नवीन की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से हुई और वह भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) से जुड़े और वर्ष 2010 से 2013 तक इसके राष्ट्रीय महासचिव रहे। इसके बाद वर्ष 2016 से 2019 तक फिर बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने। वर्ष 2019 में उन्हें दिल्ली चुनाव के दौरान आरके पुरम विधान सभा क्षेत्र में मदद के लिए बुलाया गया और उन्होंने दिल्ली के सियासी गलियारों में भाजपा नेताओं के साथ अपने ताल्लुक बनाए, विशेषतौर पर रेखा गुप्ता के साथ। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं थी कि नितिन नवीन की नियुक्ति से खुश होने वाली दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उन्हें सबसे पहले बधाई देने वालों में शामिल थीं।

वर्ष 2019 में अपने चुनाव की रणनीति बनाने के साथ ही (अपने पिता के अचानक निधन के बाद वह पहले ही विधायक बन चुके थे) उन्हें पूरे प्रदेश में भाजपा के भविष्य को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता उन पर निगाह बनाए हुए थे कि वह सिक्किम के मामले का प्रबंधन किस तरह करते हैं।

उन्होंने उम्मीद जगाई लेकिन इसके साथ ही एक और चुनौती सामने आ गई। वर्ष 2021 से 2024 तक, उन्हें विधान सभा चुनावों से पहले छत्तीसगढ़ का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया। उनकी वरिष्ठ सहयोगी डी पुरंदेश्वरी थीं, जो दक्षिण भारतीय राजनीति से अधिक परिचित थीं और उनके बाद ओपी माथुर आए। आमतौर पर निराश जमीनी कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाने की जिम्मेदारी नवीन पर थी। उस समय पार्टी नेताओं ने खुलकर स्वीकार किया था कि उन्हें भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के सत्ता में लौटने की उम्मीद थी।

इसलिए नवीन ने यशवंत देशमुख (जनसंघ-भाजपा नेता नानाजी देशमुख के पौत्र लेकिन अपनी पहचान बनाने वाले एक स्वतंत्र चुनाव विश्लेषक) जैसे चुनाव विश्लेषकों को गलत साबित करने का लक्ष्य रखा। नवीन के आकलन में महत्त्वपूर्ण मुद्दा कांग्रेस और भाजपा के बीच 1 से 1.5 फीसदी वोट हिस्सेदारी का अंतर था जिससे जीत और हार के बीच का अंतर तय होता। भाजपा को इसी अंतर को पाटने की जरूरत थी। देशमुख और अन्य लोगों का कहना था कि यह अंतर लगभग 5 फीसदी था।

छत्तीसगढ़ में चुनौती सिर्फ आंकड़ों की नहीं थी, बल्कि नेतृत्व की भी थी। रमन सिंह जैसे बड़े नेता जमीनी कार्यकर्ताओं से दूर हो चुके थे। नवीन ने बहुत कुशलता से इस दूरी को खत्म किया। विधान सभा की बड़ी जीत के बाद उन्हें लोक सभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया, जहां भाजपा ने राज्य की लगभग सभी सीटें जीत लीं। जुलाई 2024 में उन्हें राज्य का प्रभारी बना दिया गया, जो उनके बढ़ते कद का प्रमाण था। छत्तीसगढ़ की पूरी टीम 2025 के बिहार चुनावों में उनके साथ चुनाव अभियान का प्रबंधन करने के लिए गई।

संगठन के साथ-साथ बिहार प्रशासन में मंत्री के रूप में नवीन के कार्यकाल पर कम गौर किया गया है जिसे उन्होंने बड़ी कुशलता के साथ निभाया। उन्होंने 2021 से पथ निर्माण विभाग का कार्यभार संभाला और एक साल के लिए शहरी विकास विभाग को भी इसमें जोड़ा गया। कुछ हफ्ते पहले बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि बिहार में अब एक व्यापक सड़क नेटवर्क बन गया है लेकिन कमी इसके रखरखाव में है। विधान सभा चुनावों से कुछ महीने पहले, नवीन ने सड़क रखरखाव नीति की घोषणा की और ऐसा करने वाला यह भारत का पहला राज्य था। नवीन ने इसे राज्य में एक बड़ी जरूरत बताई जहां अब लगभग 1 लाख किलोमीटर सड़कें हैं, जो 2005 में 8,000 किलोमीटर थीं।

नितिन नवीन की सबसे बड़ी ताकत उनका मिलनसार स्वभाव और विनम्रता है। वह शायद ही कभी अपनी आवाज ऊंची करते हैं और हर कार्यकर्ता के लिए सुलभ रहते हैं। उनके कद के अन्य नेता दिखावा करते हैं। यह सब नवीन को पसंद नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सह सरकार्यवाह अरुण कुमार के माध्यम से नियमित रूप से उनसे संपर्क बनाए हुए है, जो संघ और भाजपा के बीच महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। संगठन अगले 15 वर्षों में नरेंद्र मोदी से परे भाजपा नेतृत्व को देख रहा है। मोदी और अमित शाह दोनों ही नवीन को पसंद करते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वह कभी पलटकर जवाब नहीं देंगे।

# कांग्रेस ने कोई स्वतन्त्रता- आन्दोलन नहीं किया

— कृष्णानन्द सागर

स्वातन्त्र्य-पूर्व के 50 वर्षो मे पाँच देश व्यापी आन्दोलन हुए। वे है–

1. 1905 का बंग-भंग विरोधी आन्दोलन
2. 1921 का असहयोग आन्दोलन
3. 1931 का नमक आन्दोलन
4. 1938 का हैदराबाद आन्दोलन
5. 1942 का 'भारत छोड़ो' आन्दोलन

इनमें से प्रथम व चतुर्थ गैर-कांग्रेस आन्दोलन थे और द्वितीय, तृतीय व पंचम कांग्रेस आन्दोलन थे।

दोनों गैर-कांग्रेस आन्दोलन अपने लक्ष्य को प्राप्त करके समाप्त हुए अर्थात वे सफल रहे। तीनों कांग्रेस आन्दोलन अपने लक्ष्य को प्राप्त किए बिना ही समाप्त हो गए, अर्थात वे असफल हुए।

किन्तु आश्चर्य की बात है कि इतिहास-ग्रन्थ तीनों असफल आन्दोलनों के वृत्तान्तों से भरे पड़े हैं और दोनों सफल आन्दोलनों को उनमें नाम-मात्र का ही स्थान दिया गया है।

ऐसा क्यों ?

क्योंकि इतिहासकारों ने कांग्रेस के इतिहास को ही भारत का इतिहास मान लिया और कांग्रेस-आन्दोलनों को ही स्वतन्त्रता आन्दोलन मान लिया।

इतिहास को यदि गहराई से देखें तो इतिहासकारों की उक्त मान्यता असत्य सिद्ध होती है।

कांग्रेस 'औपनिवेशिक स्वराज्यह्व को ही 'स्वराज्य' कहती थी– यानी ब्रिटिश ताज के अन्तर्गत स्वराज्य। यही स्वराज्य कांग्रेस का ध्येय था।



1920 में जब गांधीजी कांग्रेस का नया संविधान बना रहे थे, तब डॉ. हेडगवोरजी ने उनसे कहा कि कांग्रेस का ध्येय स्वराज्य की बजाए 'विशुद्ध स्वातन्त्र्य' (पूर्ण स्वतन्त्रता) होना चाहिए। गांधीजी का उत्तर था– 'स्वराज्य' में ही विशुद्ध स्वातन्त्र्य भी आ जाता है।

23 दिसम्बर 1929 को कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल नेहरू तथा गांधीजी वाइसराय इर्विन से मिले और उसे कहा कि कांग्रेस लन्दन की गोलमेज कांफ्रेंस में तभी शामिल होगी, जब आप यह आश्वासन दें कि वहाँ की कार्रवाई भारत को 'औपनिवेशिक स्वराज्य' देने के आधार पर होगी। वाइसराय ने ऐसा आश्वासन देने से मना कर दिया।

इसके एक सप्ताह बाद 31 दिसम्बर 1929 को लाहौर अधिवेशन में गांधीजी ने पूर्ण 'स्वतन्त्रता' का प्रस्ताव रख दिया।

इस एक सप्ताह के अन्दर ही ऐसा क्या हो गया था कि गांधीजी 'औपनिवेशिक स्वराज्य' से पूर्ण 'स्वतन्त्रता' पर आ गए? निश्चय ही इसमें उनकी कुछ मजबूरी थी, क्योंकि प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद भी कांग्रेस ने पूर्ण स्वतन्त्रता की दिशा में कुछ किया नहीं।

सितम्बर 1939 में विश्वयुद्ध शुरू हो गया और इंगलैंड उसमें फँस गया। यह उपयुक्त समय था ब्रिटिश सत्ता को भारत से समाप्त करने का। लेकिन उसी समय कांग्रेस ने यह तय किया कि कांग्रेस ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे अंग्रेजों के युद्ध-प्रयत्नों में कोई बाधा पड़े। फलतः वह शान्त रही।

1942 में क्रिप्स मिशन आया तो वह उससे 'औपनिवेशिक स्वराज्य' के मुद्दों पर ही वार्ता करती रही।

इसी बीच सुभाष चन्द्र बोस जर्मनी पहुँच गए और वहाँ उन्होंने भारतीय सैनिकों की आठ डिवीजन सेना भी खड़ी कर ली तथा बर्लिन रेडियो से वे भारत के लोगों के लिए अपने संदेश भी प्रसारित करने लगे। इससे सुभाष लोगों के हृदयों पर छा गए और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में पड़ गया। अपने अस्तित्व को बचाने के लिए कांग्रेस ने कुछ ऐसा करने का सोचा, जिससे जनता को वह सुभाष से भी उग्र तथा अंग्रेज-विरोधी दिखाई दे। इसलिए उसने 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' का नारा दिया। यह कोरा नारा था, धरातल पर करना कुछ नहीं था। यही कारण है कि उसने अन्त तक (8 अगस्त तक) आन्दोलन की कोई रूपरेखा नहीं बनाई। पूर्व योजनानुसार सरकार ने 9 अगस्त की प्रातः ही प्रमुख कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। परिणाम स्वरूप कांग्रेस नेता आम लोगों की नजरों में गिरने से बच गए। यही उस समय कांग्रेस का उद्देश्य था।

इस प्रकार यह आन्दोलन तो शुरू ही नहीं हुआ। जो हुआ, वह तो बाद में आम लोगों द्वारा की गई जन-क्रान्ति थी, जो कांग्रेस की नीति व सिद्धान्तों के विरुद्ध थी।

1921 का 'असहयोग आन्दोलन' भी स्वतन्त्रता आन्दोलन नहीं था। वह वास्तव में 'खिलाफत आन्दोलन' था। इसी प्रकार 1931 का 'नमक आन्दोलन' नमक पर से टैक्स हटाने के लिए था।

जब 'स्वतन्त्रता' कांग्रेस का ध्येय ही नहीं था, तो उसके द्वारा चलाए गए आन्दोलनों को 'स्वतन्त्रता आन्दोलन' कहा जाना इतिहास के साथ खिलावाड़ ही हैं।



कृष्णानन्द सागर

# अराजक मोड़ पर बांग्लादेश

बांग्लादेश आज जिस उथल-पुथल से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद पैदा हुआ राजनीतिक शून्य अब एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहाँ सत्ता, सड़कों और विचारधाराओं के बीच का टकराव हिंसक रूप ले चुका है। छात्र नेता और उभरते जनाक्रोश आंदोलन के प्रतीक चेहरे शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने इस अस्थिरता को विस्फोटक दिशा दे दी है। यह घटना अपने-आप में जितनी दुखद और भयावह है, उससे कहीं अधिक गंभीर इसके राजनीतिक और सामाजिक निहितार्थ हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार मूलतः एक संक्रमणकालीन व्यवस्था है, जिसके पास न तो जनादेश की नैतिक ताकत है और न ही प्रशासनिक मशीनरी पर वैसी पकड़, जो गहरे राजनीतिक संकट को संभाल सके। निष्पक्ष चुनाव, संस्थागत सुधार और कानून-व्यवस्था बहाल करने के वादों के बावजूद सरकार पर लगातार यह आरोप लग रहे हैं कि वह न तो समयबद्ध निर्णय ले पा रही है और न ही विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के बीच विश्वास कायम कर पा रही है। फरवरी 2026 के लिए घोषित आम चुनाव अभी दूर हैं, और उससे पहले ही अवामी लीग द्वारा पूरी चुनाव प्रक्रिया को ह्लपक्षपातीह्व और ह्लफासिस्टह्व बताकर खारिज कर देना इस आशंका को बल देता है कि आने वाले महीनों में टकराव और तेज होगा।

ऐसे माहौल में शरीफ उस्मान हादी की हत्या एक ट्रिगर की तरह सामने आई। हादी केवल एक छात्र नेता नहीं था; वह 2024 के छात्र-आंदोलन और तथाकथित ह्लजुलाई क्रांतिह्व का प्रतीक बन चुका था। उसकी हत्या को अलग-अलग राजनीतिक खेमे अपने-अपने हिसाब से परिभाषित कर रहे हैं–कोई इसे पुराने सत्ता तंत्र की साज़िश बता रहा है, तो कोई इसे उभरते जनतांत्रिक नेतृत्व को कुचलने की कोशिश कह रहा है। जांच में कुछ संदिग्धों के भारत की ओर भागने की आशंका ने इस पूरे घटनाक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग दे दिया और गुस्से का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया गया।

भारत-विरोधी नारे, भारतीय उच्चायोग और वीजा केंद्रों के बाहर हिंसक प्रदर्शन, और ह्लभारतीय मिशन बंद करोह्व जैसी मांगें यह दिखाती हैं कि आंतरिक असंतोष को बाहरी दुश्मन की ओर मोड़ना कितना आसान और राजनीतिक रूप से उपयोगी होता है। बांग्लादेश की युवा राजनीति में पहले से मौजूद यह धारणा कि भारत शेख हसीना का संरक्षक रहा है, इस आग में घी का काम कर रही है। अंतरिम सरकार की प्रशासनिक कमजोरी और स्पष्ट संवाद की कमी ने अफवाहों और उग्र नैरेटिव को खुला मैदान दे दिया है।

यहाँ सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बांग्लादेश के इतिहास में राजनीतिक हिंसा अक्सर बहुत जल्दी साम्प्रदायिक रूप ले लेती है। 2021 और 2024 के बाद के अनुभव बताते हैं कि जब राज्य की पकड़ ढीली होती है, तो भीड़ का गुस्सा सबसे पहले अल्पसंख्यकों पर टूटता है। मौजूदा हालात में भी यह खतरा वास्तविक है। हालिया घटनाओं में हिन्दू समुदाय के खिलाफ हिंसा की खबरें और मयमन सिंह जैसे इलाकों में भीड़ द्वारा हत्या की घटनाएँ इस आशंका को पुष्ट करती हैं कि राजनीतिक अराजकता फिर से धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षा का माहौल बना सकती है।

भारत-बांग्लादेश संबंध इस समय स्पष्ट रूप से तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। एक ओर ढाका भारत पर हमलावरों को शरण देने जैसे आरोपों के जरिए घरेलू दबाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी ओर दिल्ली ने अपने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को लेकर कड़ी चिंता जताई है और कूटनीतिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। वीजा सेवाओं में कटौती और सीमित आवाजाही जैसे कदम दोनों देशों के आम नागरिकों पर भी असर डाल रहे हैं। यह स्थिति न तो भारत के हित में है और न ही बांग्लादेश के, लेकिन राजनीति में तात्कालिक लाभ अक्सर दीर्घकालिक नुकसान को अनदेखा कर देता है।

इस पूरे संकट में अंतरिम सरकार की भूमिका निर्णायक होनी चाहिए थी, लेकिन वह अब तक प्रतिक्रियात्मक ही दिखी है। राष्ट्रीय शोक, आधा झुका ध्वज और कुछ गिरफ्तारियाँ प्रतीकात्मक कदम हैं; वे सड़कों पर फैले अविश्वास और गुस्से को शांत करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जरूरत एक पारदर्शी, विश्वसनीय और तेज जांच की है, जो किसी भी राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर सच्चाई सामने ला सके। साथ ही, सभी प्रमुख राजनीतिक शक्तियों के बीच संवाद का रास्ता खोलना भी अनिवार्य है, वरना चुनाव तक यह अस्थिरता और हिंसा बांग्लादेश को एक ऐसे दलदल में धकेल सकती है, जहाँ से निकलना मुश्किल होगा।

दक्षिण एशिया के संदर्भ में देखें तो बांग्लादेश की अस्थिरता केवल उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी। सीमा सुरक्षा, व्यापार, शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय कट्टरता–ये सभी मुद्दे इससे प्रभावित होंगे। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह संयम और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने नागरिकों, मिशनों और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, बिना इस नैरेटिव को और मजबूत किए कि वह बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है।

अंततः, शरीफ उस्मान हादी की हत्या एक व्यक्ति की मौत से कहीं अधिक का संकेत है। यह बांग्लादेश के सत्ता-संक्रमण की विफलताओं, राजनीतिक ध्रुवीकरण, उग्र राष्ट्रवादी-इस्लामी विमर्श और अल्पसंख्यक असुरक्षा के संकट का प्रतीक बन चुकी है। अगर इस क्षण को केवल बदले और आरोप-प्रत्यारोप के जरिए जिया गया, तो नुकसान अपूरणीय होगा। बांग्लादेश के लिए यह आत्ममंथन का समय है–कि वह लोकतांत्रिक संक्रमण को हिंसा के रास्ते से गुजारेगा या संवाद, न्याय और संवैधानिक मयार्दा के सहारे। यही फैसला आने वाले वर्षों में न केवल उसके भविष्य, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता तय करेगा।



महेन्द्र तिवारी

# बौद्ध धर्म

बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला धर्म और दर्शन है। इसके संस्थापक भगवान बुद्ध, शाक्यमुनि (गौतम बुद्ध) थे। बुद्ध राजा शुद्धोदन के पुत्र थे और इनका जन्म लुंबिनी नामक ग्राम (नेपाल) में हुआ था। वे छठवीं से पाँचवीं शताब्दी ईसा पूर्व तक जीवित थे। उनके गुजरने के बाद अगली पाँच शताब्दियों में, बौद्ध धर्म पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैला, और अगले दो हजार सालों में मध्य, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जम्बू महाद्वीप में भी फैल गया। आज, बौद्ध धर्म में तीन मुख्य सम्प्रदाय हैं: थेरवाद, महायान और वज्रयान। बौद्ध धर्म को पैंतीस करोड़ से अधिक लोग मानते हैं और यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा धर्म है।

**मुख्य सम्प्रदाय**

महायान बुद्ध की पूजा करता है। ये थेरावादियों को "हीनयान" (छोटी गाड़ी) कहते हैं। बौद्ध धर्म की एक प्रमुख शाखा है जिसका आरंभ पहली शताब्दी के आस-पास माना जाता है। ईसा पूर्व पहली शताब्दी में वैशाली में बौद्ध-संगीति हुई जिसमें पश्चिमी और पूर्वी बौद्ध पृथक हो गए। पूर्वी शाखा का ही आगे चलकर महायान नाम पड़ा। देश के दक्षिणी भाग में इस मत का प्रसार देखकर कुछ विद्वानों की मान्यता है कि इस विचारधारा का आरंभ उसी अंचल से हुआ। महायान भक्ति प्रधान मत है। इसी मत के प्रभाव से बुद्ध की मूर्तियों का निर्माण आरंभ हुआ। इसी ने बौद्ध धर्म में बोधिसत्व की भावना का समावेश किया। यह भावना सदाचार, परोपकार, उदारता आदि से सम्पन्न थी। इस मत के अनुसार बुद्धत्व की प्राप्ति सर्वोपरि लक्ष्य है। महायान संप्रदाय ने गृहस्थों के लिए भी सामाजिक उन्नति का मार्ग निर्दिष्ट किया। भक्ति और पूजा की भावना के कारण इसकी ओर लोग सरलता से आकृष्ट हुए। महायान मत के प्रमुख विचारकों में अश्वघोष, नागार्जुन और असंग के नाम प्रमुख हैं।

**ब्रज (मथुरा) में बौद्ध धर्म**

मथुरा और बौद्ध धर्म का घनिष्ठ संबंध था। जो बुद्ध के जीवन-काल से कुषाण-काल तक अक्षुण रहा। 'अंगुत्तरनिकाय' के अनुसार भगवान बुद्ध एक बार मथुरा आये थे और यहाँ उपदेश भी दिया था।[1] 'वेरंजक-ब्राह्मण-सुत्त' में भगवान बुद्ध के द्वारा मथुरा से वेरंजा तक यात्रा किए जाने का वर्णन मिलता है। पालि विवरण से यह ज्ञात होता है कि बुद्धत्व प्राप्ति के बारहवें वर्ष में ही बुद्ध ने मथुरा नगर की यात्रा की थी। मथुरा से लौटकर बुद्ध वेरंजा आये फिर उन्होंने श्रावस्ती की यात्रा की।[4] भगवान बुद्ध के शिष्य महाकाच्यायन मथुरा में बौद्ध धर्म का प्रचार करने आए थे। इस नगर में अशोक के गुरु उपगुप्त, ध्रुव (स्कंद पुराण, काशी खंड, अध्याय 20), एवं प्रख्यात गणिका वासवदत्ता भी निवास करती थी। मथुरा राज्य का देश के दूसरे भागों से व्यापारिक संबंध था। मथुरा उत्तरापथ और दक्षिणापथ दोनों भागों से जुड़ा हुआ था। राजगृह से तक्षशिला जाने वाले उस समय के व्यापारिक मार्ग में यह नगर स्थित था।

**बौद्ध मूर्तियाँ**

मथुरा के कुषाण शासक जिनमें से अधिकांश ने बौद्ध धर्म को प्रोत्साहित किया मूर्ति निर्माण के पक्षपाती थे। यद्यपि कुषाणों के पूर्व भी मथुरा में बौद्ध धर्म एवं अन्य धर्म से सम्बन्धित प्रतिमाओं का निर्माण किया गया था। विदित हुआ है कि कुषाण काल में मथुरा उत्तर भारत में सबसे बड़ा मूर्ति निर्माण का केन्द्र था और यहाँ विभिन्न धर्मों सम्बन्धित मूर्तियों का अच्छा भण्डार था। इस काल के पहले बुद्ध की स्वतंत्र मूर्ति नहीं मिलती है। बुद्ध का पूजन इस काल से पूर्व विविध प्रतीक चिह्नों के रूप में मिलता है। परन्तु कुषाण काल के प्रारम्भ से महायान भक्ति, पंथ भक्ति उत्पत्ति के साथ नागरिकों में बुद्ध की सैकड़ों मूर्तियों का निर्माण होने लगा। बुद्ध के पूर्व जन्म की जातक कथायें भी पत्थरों पर उत्कीर्ण होने लगी। मथुरा से बौद्ध धर्म सम्बन्धी जो अवशेष मिले हैं, उनमें प्राचीन धार्मिक एवं लौकिक जीवन के अध्ययन की अपार सामग्री है। मथुरा कला के विकास के साथह्नसाथ बुद्ध एवं बौधित्सव की सुन्दर मूर्तियों का निर्माण हुआ। गुप्तकालीन बुद्ध प्रतिमाओं में अंग प्रत्यंग के कला पूर्ण विन्यास के साथ एक दिव्य सौन्दर्य एवं आध्यात्मिक गांभीर्य का समन्वय मिलता है।

# भिखारियों ने डेरा जमाया...!

दुनिया को बताओ कहाँ-कहाँ डेरा जमाओगे,
छोड़ो भीख मांगना कहाँ से भीख लें पाओगे।
सिर्फ भीख मांगने के लिए 'विदेशों' की यात्रा,.
सभी ने छोड़ी है 'शर्म' जलालत का है खतरा।

उन 56 हजार भिखारियों को देश से भगाया,
पवित्र स्थानों पे भिखारियों ने डेरा हैं जमाया।
ये संगठित होकर भीख मांगने वाले हैं गिरोह,
विदेश जाने से रोकने में यात्रियों का अवरोह।

यूएई ने कई नागरिकों को वीजा बंद कर दिया,
भीख के लिए इस देश ने जाने क्या-क्या किया।
एक शख्स ने भीख मांग एक दिन में एक लाख,
ऐसी कमाई किस काम 'देश की इज्जत' खाक।
(संदर्भ-पाकिस्तानी भिखारियों को धक्के मारकर भगाया।)

संजय एम तराणेकर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## धूमधाम से मनाया गया प्रेम नगर के मॉडल इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

समाज जागरण

लोनी, 20 दिसंबरः शनिवार को प्रेम नगर कॉलोनी में स्थित मॉडल इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान लोनी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रंजीता धामा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।



श्रीमती धामा के कर कमलो द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किए गए कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुति के दौरान एकता और समानता पर आधारित गीत प्रस्तुत करते हुए खूब तालियां बटोरी. जबकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित कार्यक्रम की भी उपस्थित जनसमूह ने जमकर सराहना करी। जबकि बच्चों के डां-डिया डांस ने भी खूब समा बांधा। विद्यालय के बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी पुष्कृत किया गया। बच्चों में आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती रंजीता धामा ने अपने संबोधन के दौरान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और आत्मरक्षा को भी आवश्यक बताया।

कार्यक्रम की विशेष अतिथि जिला समूह अधिकारी श्री पूर्ण बाकी रहे. जहां मुख्य रूप से लोनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री महेश शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र शर्मा, मॉडल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुराधा मिश्रा, शिक्षकगण अनामिका त्रिपाठी, सोनाली निषाद व नेहा भारती सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस और जनता का तालमेल होगा मजबूत और सुरक्षित समाज के निर्माण में मददगार

समाज जागरण

सुशील शर्माः लोनी, 20 दिसंबरः इस बात को हर कोई जानता है कि विकास के लिए सुरक्षा और सुरक्षा के लिए पुलिस जरूरी है. मगर अपराध के नए तरीके, स्टॉफ की कमी, जनता की बढ़ती अपेक्षाओं के कारण पुलिस व जनता के बीच अविश्वास बढ़ा है. इसे दूर करने के लिए जहा पुलिस को वर्दी से बाहर नागरिक के रूप में सामने आने की जरुरत हैं, वही जनता को भी यह समझना होगा कि हर व्यक्ति बिना वर्दी के जिम्मेदार नागरिक के रूप में पुलिस है. तभी आपसी तालमेल से समाज, शहर, प्रदेश व देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा।



जानकारों की माने तो खाकी को चार मुख्य भूमिकाएँ निभानी होती हैंः कानून लागू करना, अपराध रोकना, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना और सहायता सेवाएं प्रदान करना. इसके अंतर्गत यह बात समझना जरुरी हैं कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित होने से न केवल अपराधों में कमी लाई जा सकती हैं बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है. दरसल कई बार नागरिकों के पास अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना होती है, मगर थाना आने में झिझक या डर के कारण वह खाकी से यह जानकारी साझा नहीं कर पाते. और इसका सीधा लाभ असामाजिक तत्वों को मिलता है और इस तरह अपराधों में बढ़ोतरी होती है।

मेरा मत हैं कि पुलिस के जिम्मेदार (वरिष्ठ अधिकारियों) द्वारा आम जनता को आश्वस्त कराया जाना चाहिए कि थाना जनता की सुरक्षा के लिए है, और उनका सहयोग पुलिस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि अधिकारियों द्वारा समय-समय पर पूर्व में भी नागरिकों को यह निर्देश दिए जाते रहे हैं कि वे अपने स्तर पर बैठक आयोजित किया करें और कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी हो तो उसे अपने नजदीकी जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान या अन्य माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं. जिसका मुख्य उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है. लेकिन इसके लिए पुलिस को इस दिशा में अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है. ताकि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके. इससे विश्वास बढ़ेगा, अपराध कम होगा, और आम नागरिकों को अपनी समस्याये साझा करने का अवसर मिलेगा।

उक्त परिपेक्ष में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए नियमित बैठकें एक महत्वपूर्ण कदम है. जिसके जरिए विभिन्न लाभ हो सकते हैं. जैसे पुलिस और जनता के बीच आपसी समझ और विश्वास को बढ़ाना, जनता को अपनी चिंताओं, समस्याओं और सुझावों को पुलिस के साथ साझा करने में सुविधा होंगी, नागरिको के माध्यम से पुलिस को आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी पाने में मदद मिल सकती है जिससे अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगेगी. ऐसी पहल से जब जनता ऐसा महसूस करेगी कि पुलिस उनके साथ है और उनकी चिंता करती है, तो उनके बीच सुरक्षा और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, इसके अतिरिक्त पुलिस-जनता के आपसी सहयोग से समुदाय का विकास होगा जिससे एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनेगा.

उक्त परिपेक्ष में इस प्रतिनिधि का सुझाव है कि पुलिस कार्य प्रणाली में बैठकों को नियमित रूप से साप्ताहिक या मासिक आयोजित किया जाना शामिल होना चाहिए जिसमें महिलाएं, युवा और विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हों. इन बैठकों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुख्य रूप से भाग लेकर जनता की समस्याओं को सुनना चाहिए.साथ ही इस दौरान सामने आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई भी अमल में लाई जाए. वास्तव में पुलिस और जनता के बीच ये नियमित बैठकें एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी जो निश्चित तौर पर मजबूत और सुरक्षित समाज के निर्माण में मददगार हो सकती हैं।

## गौतमबुद्धनगरः गन्ना उत्पादक किसानों के लिए उर्द और मूंग के निःशुल्क बीज प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि जायद-2026 में गन्ना उत्पादक किसानों के लिए उर्द और मूंग के निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत जनपद के वे किसान जो बसंतकालीन गन्ना की खेती करते हैं और गन्ने के साथ उर्द या मूंग की अंतः फसली खेती करना चाहते हैं, वे कृषि विभाग के पोर्टल http://agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग कर सकते हैं।

**आवेदन प्रक्रिया और समयः**

बुकिंग प्रक्रियाः 20 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक।

चयनः प्राप्त आवेदनों में से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को ही विकास खंड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज वितरित किए जाएंगे।

पात्रताः एक कृषक अधिकतम एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए ही उर्द या मूंग के निःशुल्क बीज के लिए आवेदन कर सकता है। केवल कृषि विभाग में पंजीकृत किसान ही योजना के लिए पात्र होंगे।

उप कृषि निदेशक ने सभी गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे समय पर आवेदन कर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## गौतमबुद्धनगरः रबी फसलों में कीट और रोग नियंत्रण हेतु जिला कृषि अधिकारी की एडवाइजरी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विवेक दूबे ने जनपद के कृषकों को रबी फसलों की सुरक्षा एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि जिले में गेहूँ, रबी मक्का, गन्ना, सरसों, चना, मटर और आलू प्रमुख रबी फसलें हैं। मौसम में आए उतार-चढ़ाव के कारण इन फसलों में कीट और रोग के प्रकोप की संभावना अधिक हो सकती है। इसलिए कृषकों को समय पर उचित बचाव एवं प्रबंधन अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**धान्य फसलेंः**

गेहूँः रोग रहित बीज और रोग प्रतिरोधी प्रजातियों का चयन करना चाहिए। बीज शोधन के लिए कार्बेन्डाजिम या कार्बोक्सिन का उपयोग करें। भूमि जनित रोग और दीमक के लिए ट्रा-ईकोडरमा और ब्युवेरिया बेसियाना का इस्तेमाल करके खेत की अंतिम जुताई से पूर्व उपचार करें। खरपतवार नियंत्रण के लिए सल्फोसल्फ्युरान, क्लोडिनाफाप या मेटल्फोसल्फ्युरान मिथाइल का छिड़काव करें।

**मक्काः** तना बेधक कीट के लिए डाईमिथोट या नोवालुरोन+इमामेक्टिन बेन्जोऐट का छिड़काव करें। फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम हेतु पक्षी आश्रय और फेरोमोन ट्रैप लगाना आवश्यक है। कीट नियंत्रण के लिए ब्रोफ्लोनिलाइड या क्नोरेनट्रानिलीप्रोल का उपयोग करें।

**तिलहन फसलें (राई/सरसों):**

बीज जनित रोगों से सुरक्षा हेतु थिरम या मेटालेक्सिल से बीज उपचार करें। आरा मक्खी और पत्ती सुरंगक कीट के नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट, कार्बोफ्यूरान या क्यूनालफास का प्रयोग करें।

**दलहन (चना, मटर, मसूर):**

बीज शोधन हेतु ट्राईकोडरमा या थिरम+कार्बेन्डाजिम का उपयोग करें। कटुआ कीट/कट वर्म का प्रबंधन मेटारेजियम एनिसोप्ली के घोल से करें। मटर की तना मक्खी कीट के लिए लेम्बडा-साईहेलोथ्रिन का छिड़काव करें। एस्कोकाईटा पत्ती घब्बा रोग से बचाव हेतु मेन्कोजेब या कॉपर ऑक्सीक्लोराईड का प्रयोग करें।

**गन्नाः** दीमक और सफेद गिडार कीट से बचाव हेतु ब्युवेरिया बेसियाना या नीम की खली का उपयोग करें। लाल सड़न रोग से बचाव के लिए प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें और रोग नियंत्रण हेतु एजोक्सीस्ट्रोबिन+डाईफेनोकोनाजोल का छिड़काव करें।

**आलूः** ब्लैक स्कर्फ रोग से बचाव के लिए स्वस्थ एवं प्रमाणित बीज का चयन करें। पेनफ्लॅफेन या थाईफ्लूजामाइड से बीजशोधन कर बुवाई करें।

जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि वे इन निदेशों का पालन कर रबी फसलों में कीट और रोग के प्रकोप को रोकें और उत्पादन सुनिश्चित करें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## गौतमबुद्धनगरः टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण, स्वास्थ्य जागरुकता का आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार के निदेशानुसार जनपद में स्वास्थ्य विभाग एवं रहम फाउंडेशन के तत्वाधान में टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसरख, नोएडा में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी से ग्रसित मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करना और उन्हें रोग से बचाव तथा उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रहम फाउंडेशन, गाजियाबाद के आभास कंसल उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर. पी. सिंह, डीपीएम मंजीत कुमार, डीपीसी अम्बुज पांडेय सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं रहम फाउंडेशन के सहयोग से लगभग 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। जिला क्षयरोग अधिकारी ने मरीजों को टीबी से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि यह पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज समय से दवा लें और पूरी अवधि तक नियमित उपचार करें।इस पहल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग और स्वयंसेवी संस्था ने टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सार्थक प्रयास किया, जिससे मरीजों को पोषण सहायता तो मिली ही, साथ ही उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता भी प्रदान की गई। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## गौतमबुद्धनगरः यूपी में पछुआ हवा के साथ घने कोहरे का येलो अलर्ट, 42 जिलों में शामिल है गौतमबुद्धनगर

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में ठंड के साथ कोहरे का असर बना हुआ है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अतुल कुमार के निदेशानुसार जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में सोमवार से पछुआ हवाएं चलेंगी, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट आएगी और कोहरे का घनापन कम होगा। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने भी इस जानकारी की पुष्टि की।

**कोहरे से सुरक्षित रहने के लिए जरूरी सावधानियां:**

**क्या करें :** गर्म कपड़े पहनें, कई लेयर वाले कपड़े, टोपी, मफलर और मोजे जरूर लगाएँ।

गरम भोजन और पेय लें, जैसे सूप, हर्बल चाय और गरम पानी।

धूप में समय बिताएँ, विशेषकर सुबह की हल्की धूप।

बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

**क्या न करें**

हल्के कपड़े न पहनें।

ठंडा पानी या ठंडी चीजें न खाएँ।

बंद कमरे में हीटर/अंगीठी न चलाएँ।

पानी कम न पीएँ, ठंड में भी हाइड्रेशन जरूरी है।

**अलाव जलाते समय सावधानियां:**

खुली व हवादार जगह पर ही अलाव जलाएँ।

सूखी लकड़ियों का उपयोग करें, प्लास्टिक या कचरा न जलाएँ।

अलाव के आसपास सुरक्षित दूरी रखें।

भीड़-भाड़ या बंद जगहों में अलाव न जलाएँ।

ज्वलनशील चीजें पास न रखें।

अलाव को बिना देखरेख के न छोड़ें।

**कोहरे में वाहन चलाते समय सुरक्षा:**

वाहन की रफ्तार कम रखें।

लो-बीम/फॉग लाइट का प्रयोग करें।

आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।

अनावश्यक ओवरटेकिंग और लेन बदलने से बचें।

मोड़, चौराहा या ओवरटेक से पहले इंडिकेटर और हॉर्न का सही इस्तेमाल करें।

दृश्यता बहुत कम होने पर सुरक्षित स्थान पर वाहन रोकें।

सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत रखने के उपायः

संतुलित और पौष्टिक आहार लें, मौसमी फल-सब्ज़ियाँ, आंवला, अदरक, लहसुन, हल्दी और प्रोटीन युक्त भोजन शामिल करें।

नियमित व्यायाम और रोजाना धूप लें।

पर्याप्त नींद और तनाव नियंत्रण पर ध्यान दें।

स्वच्छता बनाए रखें और पर्याप्त तरल पदार्थ पिएँ।

जिलाधिकारी कार्यालय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन सावधानियों का पालन करें और सर्दियों में कोहरे से सुरक्षित रहें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## मेरठः दो माह पूर्व लाइन हाजिर दरोगा को एसएसपी ने सौपी थाने की कमान, उठ रहे सवाल

समाज जागरण

मेरठ, 20 दिसंबर 2025ः करीब दो माह पूर्व 19 अक्टूबर को शास्त्रीनगर डी ब्लॉक निवासी व्यापारी सत्यम रस्तौगी से हुए झगड़े में नाक रगड़वाने के प्रकरण के बाद, शहर में नामचीन व्यक्तियों के हस्तक्षेप से मामला समझौते तक पहुँचा। इस घटना के चलते एसएसपी विपिन ताड़ा ने चौकी प्रभारी गौरव सिंह समेत दो अन्य पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया था।

हाल ही में एसएसपी ने शहर के कई थानों में कार्यक्षेत्रों का बदलाव किया। इसी क्रम में, लाइन हाजिर किए गए चौकी प्रभारी गौरव सिंह को थाना सरूरपुर का प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है।



इस कदम के बाद चर्चा यह हो रही है कि लाइन हाजिर किए गए कर्मियों को सीधे थाने की जिम्मेदारी देना किस तरह का संदेश देता है। वहीं, सवाल उठ रहे हैं कि उन अन्य पुलिसकर्मियों का क्या होगा, जिन पर कार्रवाई की गई थी।

प्रशासनिक बदलाव और जिम्मेदारी सौंपने के इस कदम को लेकर शहर में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और निर्णयों पर चर्चा जारी है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 125 शिकायतों में 09 का तुरंत निस्तारण

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों–दादरी, सदर और जेवर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 125 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**तहसील दादरीः** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस दिवस में कुल 88 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**तहसील जेवरः** अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 32 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

**सदर तहसीलः** अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित दिवस में 05 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी कार्यालय ने सभी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है, जिससे जनता को समय पर समाधान मिल सके। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## गाजियाबादः एंटी करप्शन टीम ने सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते पकड़ा

समाज जागरण

गाजियाबाद, 20 दिसंबर 2025ः उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एंटी करप्शन टीम ने सब इंस्पेक्टर प्रिया सिंह और हेड कांस्टेबल शाहिद को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

जानकारी के अनुसार, रिश्वत लेने का मामला दहेज एक्ट के केस से संबंधित था। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने दो लोगों के नाम हटाने और कुछ धाराओं को कम करने के एवज में यह घूस ली थी। पुलिस और एंटी करप्शन विभाग ने दोनों अधिकारियों को तत्काल हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम के रूप में देखा जा रहा है।



## किठौर-माछराः शोल्दा प्राथमिक विद्यालय में रोटरी क्लब द्वारा सेवा सभा का आयोजन

समाज जागरण

मेरठ, 20 दिसंबर 2025ः किठौर-माछरा क्षेत्र के शोल्दा नंबर 2, ब्लॉक माछरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को रोटरी क्लब द्वारा एक सेवा सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटेरियन एवं शिक्षिका प्रियंका सिंघल के सहयोग से विद्यालय में फर्नीचर और एक अलमारी प्रदान की गई। इससे पहले भी प्रियंका सिंघल ने विद्यालय को सिलाई मशीन और सभी कक्षाओं के लिए पंखे उपलब्ध कराए थे।



कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करना और सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम में नन्हे कलाकारों ने “लकड़ी की काठी” गीत पर प्रस्तुति दी, जबकि कक्षा एक के बच्चों ने “पापा जल्दी आ जाना” गीत पर नृत्य किया। इसके अलावा मिशन शक्ति पर आधारित प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि, रोटरी क्लब के अध्यक्ष पंकज कंसल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक तोमर ने की, जबकि संचालन प्रियंका सिंघल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब की ओर से सभी बच्चों को केले, बिस्किट और चिप्स के पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान रोटरी क्लब के पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक तोमर, ब्लॉक मंत्री प्रेमचंद, दीपा रानी, पूर्णिमा गोस्वामी और दिव्या आर्या भी उपस्थित रहे।

इस पहल को शिक्षा और बच्चों के भविष्य के प्रति जिम्मेदारी और सेवा की भावना को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सौजन्यः सूचना विभाग, मेरठ।

## नोएडाः शेयर मार्केट ठगी का आरोपी गिरफ्तार, 3 करोड़ की ठगी का खुलासा

समाज जागरण

नोएडा, 20 दिसंबर 2025ः नोएडा पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ का प्रलोभन देकर विभिन्न बैंक खातों में 3 करोड़ की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, ठगी में प्रयुक्त बैंक खाते के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर उत्तर प्रदेश सहित कर्नाटक और तेलंगाना में कुल 5 शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।




किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और खाते से धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

यह कार्रवाई धोखाधड़ी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है।

## नोएडाः पुलिस कर्मियों को शीत ऋतु में गर्म चाय के साथ जनसुरक्षा में तत्परता बनाए रखने का प्रोत्साहन

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के निर्देशन में शीत ऋतु के मद्देनजर जनसुरक्षा में निरंतर तत्पर रहने वाले पुलिस-कर्मियों को गर्म चाय वितरित की जा रही है।

इस दौरान पीआरवी, पीसीआर, हाईवे पेट्रोलिंग, ट्रैफिक पुलिस और अन्य ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को उनकी कठिन सेवाओं और जनता की सुरक्षा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि हर मौसम, हर समय जनता की सुरक्षा के लिए तैनात प्रहरी हमेशा जनसेवा में तत्पर रहते हैं।



## मिशन शक्ति केन्द्र-सुरक्षा से सशक्तिकरण तक

गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की समीक्षा की गई और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक फीडबैक सेशन आयोजित किया गया।

समीक्षा में यह पाया गया कि मिशन शक्ति केन्द्रों की स्थापना से तीन माह पूर्व और तीन माह पश्चात महिला संबंधी अपराधों जैसे बलात्कार, अपहरण, दहेज हत्या और घरेलू हिंसा में प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय कमी आई है।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मिशन शक्ति ‘Whole of Government Approach’ पर आधारित अभियान है, जिसमें पुलिस समन्वयक एवं लीड एजेंसी की भूमिका निभा रही है।

**उन्होंने यह निर्देश भी दिए किः**

मिशन शक्ति केन्द्रों, थानों और अन्य सरकारी इकाइयों के मध्य बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

संसाधनों का संतुलित उपयोग और डेटा आधारित मूल्यांकन किया जाए।

### नोएडाः कंपनी के वाहनों व कीमती सामान के गबन का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



गौतमबुद्धनगर, 20 दिसंबर 2025ः नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई करते हुए कंपनी के वाहनों और कीमती सामान का गबन करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे और निशानदेही से लगभग 2 करोड़ रुपये मूल्य का सामान बरामद हुआ है।

# एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले नहीं हुआ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के कैराना रोड पर एक माह पूर्व अज्ञात बुलेट सवार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया था। स्कूटी और बुलेट की टक्कर का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था।घायल की एक सप्ताह पूर्व दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने पड़ोस के ही लोगों पर रंजिश के चलते टक्कर मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजन लगातार थाने के चक्कर काट कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी सादिक पुत्र निजामुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते बताया कि पड़ोस के ही संजीव व अरविंद पुत्रगण ऋषिपाल, ऋषिपाल पुत्र बुल्ला पीड़ित के परिवार से रंजिश रखते हैं। गत 22 नवंबर को उक्त लोगों ने पीड़ित के पिता के साथ गाली गलौज की थी। पीड़ित का पिता अपनी स्कूटी पर सवार होकर उक्त लोगों की शिकायत करने पहुंचे थे। जैसे ही पीड़ित का पिता थाने पर शिकायत कर वापस लौट रहे थे तो आरोप है कि आरोपियों ने अज्ञात बुलेट से पीड़ित के पिता की स्कूटी मे टक्कर मार दी थी। जिसका लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था पीड़ितों के पास सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। जिससे पीड़ित का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने पीड़ित के पिता को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने पीड़ित के पिता की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित के पिता का दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार चल रहा था। 14 दिसंबर को पीड़ित के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



## गंगेरू मार्ग पर गन्नों से भरे ट्रक बन रहे जानलेवा , हादसों पर अंकुश की मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग से होकर गुजरने वाले गन्नों से लदे भारी ट्रक लगातार हादसों को न्योता दे रहे हैं।भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर दिन-रात तेज रफ्तार से गुजर रहे ट्रकों के कारण स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। मार्ग के आसपास रहने वाले लोग हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका से दहशत में जी रहे हैं।गंगेरू मार्ग निवासी नितिन, अनवर, दिलशाद, किरणपाल, अरविंद, आरिफ, अकील, नोमान,सहित अन्य लोगों का कहना है कि गन्ना सीजन में ट्रकों की संख्या अचानक बढ़ जाती है, लेकिन उनके संचालन पर कोई ठोस निगरानी नहीं की जा रही है। कई ट्रक क्षमता से अधिक गन्ना लादकर तेज गति से गुजरते हैं, जिससे सड़क पर पैदल चलने वालों, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है।लोगों ने बताया कि गंगेरू मार्ग पर पूर्व में भी गन्नों से भरे ट्रकों की वजह से कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए हैं और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।लोगों ने मांग की है कि गन्नों से लदे ट्रकों की गति पर नियंत्रण लगाया जाए, ओवरलोड वाहनों पर सख्ती की जाए तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय निर्धारित किया जाए। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



## सीएचसी की एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं रहीं संतोषजनक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108, 102 एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लखनऊ से आई क्वालिटी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व क्वालिटी ऑडीटर मुकुल सिंह तथा मंडल प्रभारी जयविंद्र सिंह ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों एवं आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना रहा, ताकि प्रदेश में एंबुलेंस सेवा को और अधिक प्रभावी व भरोसेमंद बनाया जा सके। एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने एंबुलेंस में उपलब्ध सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों का विधिवत निरीक्षण कराया। इसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, सक्शन मशीन सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता को बारीकी से परखा गया। साथ ही एंबुलेंस में रखी दवाइयों की एक्सपायरी डेट की भी गहन जांच की गई, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को समय पर सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा सके।क्वालिटी टीम ने एंबुलेंस से संबंधित आवश्यक अभिलेखों जैसे वाहन व स्टाफ रिकॉर्ड, दवाइयों की सूची तथा लॉग बुक आदि की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख पूर्ण एवं अद्यतन पाए गए। टीम ने कर्मचारियों से आपातकालीन कॉल रिस्पॉन्स, कार्यप्रणाली तथा मरीजों की देखभाल से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी जानकारी ली।निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। क्वालिटी अधिकारियों ने कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।




# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

**समाज जागरण**

शामली। जनता आदर्श इंटर कॉलेज मालैंडी में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन शनिवार को विधिवत रूप से किया गया। समापन कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई।

इसके पश्चात जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने शिविर में शामिल स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। शिविर के दौरान बच्चों द्वारा अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर तंबू निर्माण किया तथा बिना बर्तन के भोजन बनाकर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में गाइड टोली संख्या 7 गुलाब टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्काउट टोली संख्या 9 चन्द्रशेखर आजाद द्वितीय एवं टोली संख्या एक ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता टोली सहित सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी, अनुज कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, पूनम, काजल, यशपाल, दीपक, संजय आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने खेलों के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृ तिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान एवं मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, राजस्थानी, मारवाड़ी, मराठी एवं पंजाबी नृत्यों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। विद्यालय द्वारा अभिभावकों के लिए भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्सा कशी, स्पून रेस आदि शामिल रहीं। विजेता अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शॉटपुट, जैवलिन, डिस्कस, 400 व 800 मीटर दौड़ तथा रिले रेस सहित अनेक प्रतिस्पधाओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। खेलों के ओवरऑल प्रदर्शन के आधार पर अवेंजर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इनोवेटर हाउस द्वितीय, वॉरियर हाउस तृतीय एवं एक्सप्लोरर हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।

## चेयरमैन ने मंदिर के पुजारियों को वितरित किए कंबल

**समाज जागरण**

शामली। नगर पालिका चेयरमैन द्वारा बढती कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए गए। शनिवार को शामली नगर पालिका में तीसरा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए। उन्होने कहा कि मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारी सवेरे और देर रात तक मंदिरों में रहते है और भगवान की सेवा करते है। ऐसे में उन्हे भीषण ठंड के प्रकोप का सामना करना पडता है। उन्होने बताया कि नगर पालिका के सभी वार्ड क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, सभासद गुलजार मंसूरी, सभासद तोहित रहमानी, लिपिक अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



# सरकारी अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर कर्मचारियों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर जितैश व फार्मासिस्ट दीपक कुमार द्वारा अस्पताल परिसर में कार्यरत कर्मचारियों एवं अंडर ट्रेनिंग स्टाफ को बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट का अर्थ, उसके प्रकार तथा सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।डॉक्टरों ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट वह कचरा होता है, जो अस्पतालों, क्लीनिकों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से निकलता है और जिसमें संक्रामक अथवा खतरनाक सामग्री शामिल होती है, जैसे खून, शरीर के तरल पदार्थ, उपयोग किए गए इंजेक्शन, पट्टियां, दस्ताने आदि। ऐसे कचरे का सही तरीके से निस्तारण न होने पर संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है।कार्यक्रम के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के तहत कचरे को अलग-अलग रंग के डिब्बों में डालने, सुरक्षित संग्रहण एवं निस्तारण की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। कर्मचारियों से नियमों का पालन करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।इस अवसर पर अस्पताल के कई कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।



# रंजिशन मारपीट करने का आरोप तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दो युवकों के साथ गांव के ही तीन युवकों ने रंजिश के चलते मारपीट कर घायल कर दिया घायल के पिता ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी समीम पुत्र अब्दुल हकीम ने बताया कि उसका पुत्र शाहिद व भतीजा हसाब शाम के समय पीड़ित के दूसरे भाई रियासत के घर जा रहे थे। पीड़ित का आरोप है की रंजिश के चलते गांव के तीन युवकों ने पीड़ित के पुत्र व भतीजे को रोक लिया और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर गांव के ही जुनैद, सुफियान व मोहसिन ने एक राय होकर पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शौर-शराबा होने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने अपने पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर होगी रासुका की कार्रवाई

**-गांव के सैकड़ों लोगों ने की थी आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग**
**-पत्नी ओर दो बेटियों की हत्या कर सेफ्टी टैंक में दबा दिया था**

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है।

फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था।

मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव नरा थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर ले गए थे। गांव गढ़ी दौलत के सैकड़ों लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी पर शीघ्र ही रासुका की कार्रवाई की जाएगी।

## एमएलसी किरणपाल कश्यप ने विधान परिषद में नाला सफाई का मुद्दा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश विधान परिषद में जनहित से जुड़ा एक गंभीर मामला मामला उठाते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप ने नाले की सफाई में हो रही लापरवाही को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सदन में बताया कि मुंडभर भाज्जू से भौराकलां होते हुए कुरावा तक जाने वाला नाला बरसात के दौरान पूरी तरह भर जाता है, जिससे नाले के किनारे बसे अनेक गांवों पर जलभराव और तबाही का खतरा मंडराता रहता है। उन्होने कहा कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों की फसलें नष्ट हो जाती हैं, मकानों में पानी भर जाता है और जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा यह लिखित रूप में अवगत कराया गया है कि वर्ष 2024-25 में नाले की सफाई करा दी गई है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। उन्होने बताया कि नाले की सफाई केवल मशीन से ऊपर-ऊपर की गई है, कहीं भी गहराई से खुदाई नहीं कराई गई। नाले की स्थिति यह है कि वह ऊंचाई पर है, जबकि गांव निचले स्तर पर बसे हुए हैं। ऐसी स्थिति में बिना समुचित खुदाई के पानी की निकासी संभव नहीं है, जिसके चलते हर वर्ष बरसात में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि जब अधिकारियों द्वारा नाले की पूर्ण सफाई वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित बताई जा रही है, तो उससे पहले यदि सर्दियों में या अचानक भारी बारिश हो जाती है, तो गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी। मांग की कि नाले की तत्काल प्रभाव से गहन खुदाई एवं पूरी सफाई कराई जाए।



# घना कोहरा और शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिले में इन दिनों घना कोहरा और शीतलहर जनजीवन पर भारी पड़ रही है। बीते चार दिनों से कोहरे की चादर ने पूरे जिले को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। इसके साथ ही शीतलहर के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आमजन का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। शनिवार को मौसम का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। अब दिन दिनों कडाके की ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से धूप न निकलने से लोगों को ठंड ने खासा परेशान कर दिया है। गर्म कपडों में लोगों के शरीर के कंपकंपी बंधी रही। सुबह और देर रात को कोहरे का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। कोहरे की वजह से रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है, कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का असर इतना अधिक है कि लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। शाम ढलते ही सड़कों पर आवाजाही और कम हो जाती है। खासकर रात के समय बिना रिफलेक्टर लगे वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ऐसे वाहन सड़क पर चलते हुए अन्य चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी विशेष रूप से गन्ने से भरे वाहनों पर रिफलेक्टर लगवा रहे हैं, ताकि कोहरे में उनकी पहचान हो सके और हादसों से बचा जा सके। इसके साथ ही वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है।स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस मौसम से खासे परेशान हैं। सुबह के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है और वे प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव अथवा अवकाश की मांग कर रहे हैं।



# अमर शहीदों के बलिदान पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर सर्वोदय ब्लड बैंक, शामली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग साधकों एवं नगर के अन्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दिव्य योग संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, श्रवन संगल, सुभाष शर्मा, मंत्री अजय शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे अनेक जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में जितेंद्र शर्मा, वंश सिंगल, शिक्षा शर्मा, रामकुमार, नदीश शर्मा, विक्रम राणा, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, अंकित बंसल, रवि कुमार, गौरव मलिक, मोहित बालियान, अनुज कुमार मौजूद रहे।



## चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा शहर के अग्रसेन पार्क में चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 120 जरूरतमंद परिवारों को रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर, उपायुक्त राज्यकर लोमेश कुमार रहे। उन्होंने लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को रजाई उपलब्ध कराना एक अत्यंत सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।विशिष्ट अतिथि के रूप में यशपाल निर्वाल, पूजा निर्वाल, शैली निर्वाल एवं पवन नैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। क्लब के अध्यक्ष गौरव मित्तल ने बताया कि यह क्लब का चौथा रजाई वितरण कार्यक्रम है और भविष्य में भी स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, वस्त्र वितरण सहित अन्य सामाजिक कार्य निरंतर किए जाएंगे। मौके पर आशीष गोयल, तरुण जैन, संजय संगल, देवाशीष गुप्ता, प्रदीप विश्वकर्मा, अर्जुन वर्मा, वैभव प्रकाश, अंकुर गोयल, गौरव गोयल, सचिन गर्ग, रामगोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।




# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की तीनों तहसीलों में किया गया। तहसील ऊन में डीएम अरविन्द कुमार चौहान फरयादियों की शिकायते सुनी। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तहसील ऊन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, डीएफओ जगदेव सिंह, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। उधर, तहसील कैराना में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मौके पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज मौजूद रही। इसी क्रम में तहसील शामली में एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, तहसीलदार मनोज कुमार उपस्थित रहे।



# चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट ने लगाया निशुल्क मेडिकल कैम्प

**समाज जागरण बागपत।**
गांव केहरका जिला बागपत में चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट खट्टा प्रहलादपुर एवं परिवर्तन ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में मेदांता हॉस्पिटल सेक्टर 50 नोएडा के द्वारा विद्यालय में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



किया गया। कैंप का शुभारंभ ट्रस्ट की उपसचिव टीना चौधरी और स्कूल के प्रिंसिपल शिवकुमार त्यागी ने फीता काटकर किया। कैंप में 75 मरीजों ने अपना मेडिकल चेकअप कराया। कैंप में कोऑर्डिनेटर सुमित कुमार, डाक्टर अरुण त्यागी, डॉक्टर रिद्धिमा त्यागी एवं उनके साथ समस्त मेदांता हॉस्पिटल का पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा। मेडिकल कैंप में काफी ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर टीना चौधरी, सुंदर त्यागी, ओमदत्त त्यागी, सोनू शर्मा, राजकुमार, बंटी, सतपाल मास्टर, सुरेश त्यागी, मोहित , ललित, जितेंद्र त्यागी, जमील, जाकिर, इस्लामुद्दीन, अरुणा, पूजा, बीना देवी, संजू देवी, जाहिदा, पीतांबरी देवी, शौकीन ढाका, अंजू ढाका, मनीषा, पूजा त्यागी और प्रधानाचार्य शिवकुमार त्यागी एवं उनके समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नई दिल्ली में नितिन नबीन से मिले शेर सिंह गुर्जर, दी बधाई

**समाज जागरण बागपत।**
भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री शेर सिंह गुर्जर ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय नितिन नबीन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। भाजपा जिला महामंत्री शेर सिंह गुर्जर ने कहा कि बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नितिन नबीन जी का भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त होना संगठन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस नियुक्ति से बागपत जिले सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। कार्यकताओं ने इसे पार्टी की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति का जीवंत उदाहरण बताया है। शेर सिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि यहां अंतिम



पंक्ति में खड़ा कार्यकर्ता भी संगठन के शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। पार्टी में बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्य करने वाले कार्यकताओं को सम्मान और अवसर मिलता है। यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है।उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का राजनीतिक सफर संघर्ष, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा। शेर सिंह गुर्जर ने विश्वास जताया कि नितिन नबीन के मार्गदर्शन में भाजपा आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी। मुलाकात के दौरान नितिन नबीन ने भी कार्यकताओं के परिश्रम और समर्पण की सराहना की तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। इस मुलाकात को बागपत जिले के भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

# इंद्रिय विषयों की विरक्ति आवश्यक : विमर्श सागर

**समाज जागरण बागपत।**

भावलिंगी संत जैन आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार मंडी बडित में श्री अजितनाथ साधु सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि आज का इंसान भीतर से खोखला होता जा रहा है। अपनी आयु के चादर में तमन्नाओं के फूल टांकते-टांकते उसकी उसकी चादर फट जाती है पर उसे आत्मिक शान्ति नहीं मिल पाती है। विषय कषाय से सनी जिंदगी की चादर असंयम से स्वच्छ नहीं होती। स्वच्छता के लिए मन का कंट्रोल, इंद्रिय विषयों की विरक्ति अनिवार्य है।आचार्य श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक बालक दौड़ा-दौडा घर आया। देखता है कि उसकी माँ बर्तन माँज रही है।बच्चे ने माँ से पूछा-मां तुम यह क्या कर रही हो। माँ कहती है - बेटा मैं बर्तन माँझ रही हूं।बेटा कहता है बर्तन क्यों माँज रही हो? बेटा ये बर्तन काले हो गए हैं, इसलिए




इसे मैं राख से घिसकर माँज रही हूँ ताकि साफ हो जाये। बालक फिर भोलेपन में कहता है-माँ! मेरे पापा भी तो काले है उन्हें राख से क्यों नहीं माँजती? माँ हँसती है क्योंकि वह जानती है राख से पापा को साफ नहीं किया जा सकता। उसी प्रकार सम्यक दृष्टि जानता है कि विषयों में रचे पचे रहकर आत्मा को शुद्ध नहीं किया जा सकता। आत्मा को निर्मल बनाने में संयम के साबुन की आवश्यकता है। जिस प्रकार प्राचीन सम्राट अपने राज्य की सरक्षा के लिए किला बनाते थे ताकि परचक्र का अक्रमण उन पर प्रभावी न हो। उसी प्रकार हमें भी आत्मा रूपी सम्राट की सुरक्षा करने के लिए संयम रूपी किले की आवश्यकता है,ताकि विषय रूपी चक्र का आक्रमण आत्मा पर प्रभावी न हो सके। सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, एडवोकेट विनोद जैन, वरदान जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, नरेंद्र जैन, संजय जैन, अमित जैन, राकेश जैन, विवेक जैन आदि उपस्थित थे।

# परचून की दुकान में चोरी, ईदगाह मार्ग पर नकदी व हजारों का सामान गायब

**समाज जागरण बागपत।**
रटौल कस्बे में चोरों ने एक परचून की दुकान का कुंडा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार रात ईदगाह मार्ग स्थित रिजवान पुत्र मेहरदीन की दुकान से लगभग दस हजार रुपये की नकदी और हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरी का पता शनिवार सुबह तब चला जब दुकान मालिक रिजवान दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कुंडा टूटा हुआ था। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और थाने में लिखित तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और लंबित चोरी के मामलों का जल्द खुलासा करने की मांग की है। बागपत जिले में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिनका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# एक्सप्रेस-वे पर मछली से भरा कैंटर पलटा, टायर फटने से हुआ हादसा, लाखों का नुकसान

**समाज जागरण बागपत।**

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर सिंगोली तगा गांव के पास मछली से भरा एक कैंटर पलट गया। इस दुर्घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। कैंटर चालक यामीन, निवासी विकास पुरी दिल्ली, और आरिफ पुत्र फिरोज, निवासी जयपुर, गजरौला से मछली भरकर उत्तम नगर दिल्ली जा रहे थे। सिंगोली तगा गांव के समीप पहुंचने पर कैंटर का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। कैंटर में भरी मछलियां एक्सप्रेस-वे और नीचे सड़क पर बिखर गईं। पीड़ित आरिफ ने बताया कि इस हादसे में लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने बिखरी हुई मछलियां लूटना शुरू कर दिया, जिससे वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, कैंटर काफी तेज रफ्तार में था और टायर फटने की तेज आवाज के साथ ही वह हाईवे पर पलट गया। स्थानीय लोगों ने कैंटर चालक को वाहन से बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कैंटर चालक और बिखरी हुई मछलियों को एक किनारे करवाया। क्षतिग्रस्त कैंटर को भी सड़क किनारे खड़ा किया गया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एसपी ने कार से हटवाई ब्लैक फिल्म, यातायात नियमों के उल्लंघन पर की सख्त कार्रवाई

**समाज जागरण बागपत।**

यातायात नियमों के सख्त अनुपालन के लिए पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में, थाना कोतवाली बागपत क्षेत्र के ग्राम सरुरपुर में एक निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने स्वयं एक सेंट्रो कार को रुकवाया। इस कार के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही वाहन के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म को तत्काल हटवाया। उन्होंने वाहन चालक को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कड़ी चेतावनी दी। सूरज कुमार राय ने स्पष्ट किया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत ब्लैक फिल्म का प्रयोग प्रतिबंधित है। यह न केवल कानून-व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है।पुलिस अधीक्षक ने चालक



को भविष्य में किसी भी प्रकार की ब्लैक फिल्म का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी और सभी आवश्यक यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस की सक्रियता को लेकर सकारात्मक संदेश गया। सूरज कुमार राय ने आमजन से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय सभी सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने के लिए आगे भी इसी प्रकार की सघन चेकिंग एवं निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन करके ही सुरक्षित समाज और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकला

**समाज जागरण**
कैराना। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी 2023 में जनपद बागपत के थाना दोघट के गांव निरपुडा निवासी युवक के साथ हुई थी। पति, सास, ससुर, दो ननद व देवर उसे बुलेट बाइक व पांच लाख रुपये दहेज में लाने की मांग करते थे। उसके द्वारा इनकार करने पर उसका उत्पीड़न किया जाता था। आरोप है कि देवर ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म का प्रयास किया। 17 अक्टूबर को वह दिल्ली में किराए के मकान पर रह रही थी। ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। दिल्ली में पड़ोसी ने फोन पर उसके मायके में सूचना दी, जिसके बाद वह मायके में पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आवारा कुत्तों ने बच्ची पर हमला किया, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, स्थानीय लोगों ने बचाया

**समाज जागरण**

बागपत। पिलाना क्षेत्र में एक ईंट भट्टे के पास आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 वर्षीय बच्ची अनीशा पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना तब हुई जब जमालुद्दीन की बेटी अनीशा, जो अपने परिवार के साथ भट्टे पर रहती है। अन्य बच्चों के साथ शौच के लिए भट्टे से कुछ दूरी पर गई थी। अचानक आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में अनीशा के चेहरे और कान पर गंभीर चोटें आई हैं। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में काम कर रहे मजदूर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुत्तों को भगाकर बच्चों को बचाया। गंभीर रूप से घायल अनीशा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर लगातार नजर रख रही है। स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कुत्ते बच्चों पर हमला कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें वहां से भगाया गया और बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) डीएम के आदेशों के अनुपालन में शनिवार को कस्बा थानाभवन स्थित लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बताया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन



अपराध है, जिसके लिए सजा व जुमार्ने का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181 या 112 पर जानकारी दें। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अंत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व स्टाफ को बाल विवाह न करने तथा इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पूजा मलिक मौजूद रही।

# पति ने दी तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। सहारनपुर के मोहल्ला नया बासट राहत कॉलोनी निवासी सानिया ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका निकाह एक साल पूर्व मोहल्ला खैलकलां निवासी तनवीर के साथ हुआ था। शादी के बाद से उसका पति तनवीर, ननद रेशमा, रिहाना, सास समरजहां और जेठ दानिश उसके साथ गाली–गलौज और मारपीट करते थे। 15 दिसंबर को उसके जेठ दानिश ने उसके साथ मारपीट की। उसने फोन पर अपने पति तनवीर को बताया, तो पति ने भी गाली गलौज करते हुए उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# साइबर ठगी का शिकार बने युवक को पुलिस ने दिलाए दस हजार रुपये कराए वापस

**समाज जागरण झिंझाना।**
साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना झिंझाना पर संचालित साइबर सेवा केंद्र की तत्परता से एक पीड़ित को राहत मिली है। साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने पीड़ित के खाते से निकाली गई धनराशि में से 10,000 रुपये वापस कराए हैं। ग्राम रंगाना निवासी प्रेमचंद पुत्र राजेंद्र का मोबाइल फोन ट्रेन यात्रा के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में पीड़ित द्वारा दिल्ली में ई-एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद चोरों ने मोबाइल




के माध्यम से पीड़ित के बैंक खाते से 51,837 रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने थाना झिंझाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में साइबर सेवा केंद्र द्वारा संबंधित बैंकों से संपर्क कर 21,598 रुपये की धनराशि होल्ड कराई गई, जिसमें से शनिवार को 10,000 रुपये पीड़ित को वापस दिलाए गए। पीड़ित ने जनपद पुलिस व साइबर सेवा केंद्र टीम का आभार व्यक्त किया है। कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया ठगी का शिकार हुए व्यक्ति प्रेमचंद के दस हजार रुपए की राशि को वापिस दिलाया गया है।

# प्रेमिका के चक्कर में पत्नी को मारने का प्रयास

**समाज जागरण**
कैराना। गांव बसेड़ा निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका निकाह करीब 12 साल पहले गांव मलकपुर निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसका पति, सास, ससुर, ननद उसको बंधक बनकर मारपीट करते थे। उसके पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इसमें उसके पति का मामा भी साथ देता है, जो उस पर गलत नजर रखता है। 15 दिसंबर को उसका पति काफी देर से दूसरी महिला से फोन पर बात कर रहा था। उसने विरोध किया तो पति ने मारपीट करते हुए उसका गला घोटने का प्रयास किया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवती को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 दिसंबर को उसकी बहन और पत्नी घर पर अकेली थी। उसकी बहन बाजार से सामान लेने गई थी। बहन के वापस नहीं आने पर उसकी पत्नी बाजार गई, तो देखा की जतिन और नितिन निवासी मोहल्ला कहल शिकारपुर गढ़ीपुख्ता उसकी बहन को बहला फुसला कर ले गए। बाद में जब उन्होंने जतिन के पिता बबलू के घर जाकर कहा, तो गाली–गलौज करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया तथा धमकी दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीएनएम बैठक में कर्मचारियों के हित में बड़े फैसले

## 62 मुद्दों पर बनी सहमति, ट्रैक मेंटेनर बीट घटाकर 12 किमी, रनिंग स्टाफ प्रमोशन 31 दिसंबर से लागू

**समाज जागरण बिलासपुर।**
बिलासपुर रेल मंडल में वर्ष 2025 की अंतिम पीएनएम (स्थायी वार्ता तंत्र) बैठक का आयोजन 17 एवं 19 दिसंबर को बिलासपुर डीआरएम सभागार में किया गया। दो दिवसीय इस महत्वपूर्ण बैठक में मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक मीना ने की।बैठक में द्वितीय अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीनिवासन राव, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अंशुमन मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी रुहिना तोफिल खान सहित बिलासपुर मंडल



के समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।एकल मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के साथ आयोजित इस दो दिवसीय पीएनएम बैठक में रेलवे के विभिन्न विभागों से जुड़े 62 मह त्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर उनके निराकरण का मार्ग प्रशस्त किया गया। मजदूर कांग्रेस की सशक्त भागीदारी बैठक में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार, केंद्रीय कोषाध्यक्ष साईं किरण, केंद्रीय पदाधिकारी जी.एस. आइच, राजेश खोपारागड़े, डी.डी. महेश, शुभम उपाध्याय, मंडल रनिंग शाखा सचिव आर.के. यादव सहित बिलासपुर मंडल के समस्त शाखा सचिवों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कर्म चारियों को मिली बड़ी राहत

सभा को संबोधित करते हुए डीआरएम बिलासपुर राजमल खोईवाल ने कहा कि मजदूर कांग्रेस हमेशा रेल कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। बैठक में मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेल प्रशासन द्वारा कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख हैं, ट्रैक मेंटेनर की पेट्रोलिंग बीट 16 किमी से घटाकर 12 किमी सायंकाल एलाउंस जारी करने का आदेश, रनिंग कर्मचारियों का प्रमोशन 31 दिसंबर से पहले लागू,120 किमी साइडिंग एलाउंस हेतु प्रक्रिया प्रारंभ,अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में लिए गए अन्य प्रमुख निर्णयों में री-डिप्लाइमेंट (पुनः पदस्थापना) कर्मचारियों को विकल्प देने का निर्णय,अपग्रेडेड सीनियर सुपरवाइजर (4800 ग्रेड पे) जिनका बेसिक 43600 है, उन्हें नाइट एलाउंस का लाभ रेल आवास एवं कार्यालयों में सुविधाओं का विस्तार,रेल कर्मचारियों के लिए मेडिकल सुविधाओं में वृद्धि,अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति अधिकारियों का सम्मान मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने वर्ष 2025 की पीएनएम बैठकों में रेल कर्मचारियों के मुद्दों के निराकरण में सहयोग देने हेतु बिलासपुर मंडल के सभी विभागीय अधिकारियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन रविवार को कोतमा में

**समाज जागरण**

अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रांतीय सम्मेलन 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को मंगल भवन, ठाकुर बाबा धाम, कोतमा में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल होंगे। अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्री महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज, सांसद हिमाद्री सिंह शहडोल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह, विधायक फुँदेलाल सिंह मार्को, संभागायुक्त सुरभि गुप्ता ,कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली ,पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, डीएफओ तरुण वर्मा, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, एसईसीएल हंसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष पत्रकार डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेणु कोल, नगर परिषद राजनगर बनगंवा के अध्यक्ष यशवंत सिंह,सहित परिषद के पदाधिकारी होगे।

# शहडोल जयसिंहनगर विधानसभा की कार्यशाला संपन्न

### मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष प्रगति और विकास की गाथा- संभाग प्रभारी गौरव रिसोठिया
### पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस एवं वीर बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन -अमिता चपरा जी

**समाज जागरण**

शहडोल । शहडोल जयसिंहनगर विधानसभा की कार्यशाला संपन्न शनिवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के सफलता के दो वर्ष पूर्ण होने एवं 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धाये पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों एवं 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले वीर बाल दिवस कार्यक्रम को लेकर शहडोल नगर के पांडव नगर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गुरु जी सभागार में जयसिंहनगर विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पार्टी की परंपरा अनुसार मां भारती की छायाचित्र एवं पार्टी के पितृ पुरुषों की छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत की गई कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में कार्यशाला में पधारे शहडोल संभाग के प्रभारी श्री गौरव सिरोटिया जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधानसभा की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी एवं जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश पांडे, श्री संतोष लोहानी, जिला महामंत्री श्री अमित मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा मंचासीन रहे। मध्य प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति की गाथा है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं । उक्त बात कार्यशाला के मुख्य वक्ता शहडोल संभाग प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया जी ने जय सिंहनगर विधानसभा की आयोजित कार्यशाला में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही । भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सफलतम दो वर्ष वर्ष पूर्ण होने

पर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सफलता पूर्वक कार्य कर रही है । शहडोल जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने संवोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे युगद्रष्टा थे और महानवक्ता थे जिन्हें सुनने जनता लालायित रहती थी ।उन्होंने अंतराष्ट्रीय मंच पर भी मातृ भाषा हिंदी में भाषण देकर अपना देश का मान बढ़ाया । उनकी सैद्धांतिक यात्रा अनवरत जारी रही और उन्होंने सदैव देशभक्ति को सर्वोपरि माना । वीर बाल दिवस के आयोजन के विषय पर शहडोल संभाग प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया ने विस्तृत जानकारी देते हुए गुरुगोविंद सिंह जी के चार शहजादों के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के चार चार साहेबजादों की वीरता, साहस और बलिदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है। उन्होंने बहुत कम उम्र में अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका यह बलिदान भारतीय इतिहास में अद्वितीय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है ।वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को यह संदेश देना है कि उम्र छोटी होने पर भी विचार और साहस महान हो सकते हैं। यह दिन हमें सच्चाई, धर्म, देशभक्ति और आत्मसम्मान के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष लोहानी ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश पांडे जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला पदाधिकारी जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष मंडल कार्यकारिणी इछअ2 सहित विधानसभा क्षेत्र के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# धनपुरी में आरा मशीन-फर्नीचर कारोबार पर सवाल बुढार वन परिक्षेत्र में तीन दुकानों पर वन विभाग की चुप्पी, अवैध लकड़ी की आशंका

**समाज जागरण**

*धनपुरी। नगर में संचालित खान टिम्बर फर्नीचर मार्ट, क्वालिटी वुड प्रोडक्ट एवं क्वालिटी टिम्बर एंड फर्नीचर मार्ट–तीनों प्रतिष्ठान आरा मशीन सहित संचालित किए जा रहे हैं। यह पूरा क्षेत्र वन परिक्षेत्र बुढार, सर्किल बुढार के अंतर्गत आता है, जहां के जिम्मेदार अधिकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सलीम खान हैं। स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि जब क्षेत्र में इमारती लकड़ी के कटाव पर सख़्त प्रतिबंध है, तो इन फर्नीचर सेंटर्स और आरा मशीनों में लकड़ी आखिर आ कहां से रही है?




**जांच के अहम बिंदु**

सूत्रों के अनुसार, इन तीनों दुकानों में बड़ी मात्रा में लकड़ी का भंडारण और निरंतर फर्नीचर निर्माण किया जा रहा है, लेकिन–उपयोग में लाई जा रही लकड़ी की प्रजाति कौन-सी है?प्रत्येक प्रतिष्ठान में कितना वैध भंडारण अनुमन्य है और वास्तव में कितना रखा गया है?आज दिनांक तक कितनी लकड़ी मंगाई गई, और कहां-कहां से लकड़ी लाई गई? क्या हर खेप की टीपी (ट्रांजिट परमिट) मौजूद है? क्या इन गतिविधियों की वन विभाग को पूर्व सूचना/अनुमति दी गई है? एक साथ दबिश की मांग जानकारों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यदि वन विभाग निष्पक्ष है, तो सभी आरा मशीनों और फर्नीचर सेंटर्स पर एक साथ दबिश देकर– मौके पर मौजूद समस्त लकड़ी की गिनती और प्रजाति की जांच, टीपी व अन्य दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन,भंडारण सीमा से अधिक लकड़ी पाए जाने पर तत्काल जब्ती, और दोषियों पर वन अधिनियम के तहत सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**संरक्षण का आरोप**

क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि लंबे समय से आरा मशीनें संचालित होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना, संरक्षण और मिलीभगत की ओर इशारा करता है। यदि जांच नहीं हुई, तो यह स्पष्ट होगा कि वन संपदा के दोहन में जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

**प्रशासन से अपेक्षा-**

अब देखना यह है कि वन परिक्षेत्र बुढार कब जागता है और क्या बुढार वन परिक्षेत्र में संचालित इन आरा मशीनझ्रफर्नीचर प्रतिष्ठानों पर निष्पक्ष और सख़्त कार्रवाई होती है या फिर मामला फाइलों में ही दबा दिया जाएगा।

# अवैध मदिरा निर्माण,विक्रय एवं परिवहन पर कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग ने ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ में की कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। जिले में अवैध मदिरा निर्माण,विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत वृत्त ढीमरखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरवा, बसेड़ा, ठिर्री, झिर्री और देहरी तथा विजयराघवगढ़ वृत्त के ग्राम बराती ताल ,शांतिनगर, जंगल पुरैनी, जिवारा, देवराकला में आबकारी विभाग के अमले द्वारा दबिश दी गई। मौके पर 1 लाख 42 हजार 275 रुपए मूल्य का महुआ लाहन नष्ट कर आबकारी एक्ट के 13 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। वृत्त ढीमरखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरवा, बसेड़ा, ठिर्री, झिर्री और देहरी

दबिश के दौरान 25 पाव देशी मदिरा मसाला, 10 पाव देशी मदिरा प्लेन, 10 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क एवं च,के तहत प्रकरण 6 पंजीबद्ध किये गये जप्त शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 19 हजार 875 रुपए है । जप्त महुआ का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया । इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी,मंशा राम उइके, वृत ढीमरखेड़ा प्रभारी प्रवीण रतन बरकड़े,आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके ,अतुल कुटार , आँचल प्रजा पति एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा ।

वहीं विजयराघवगढ़ वृत्त प्रभारी केशव उइके के नेतृत्व में टीम द्वारा विजयराघवगढ़ के क्षेत्रांतर्गत ग्राम बराती ताल शांतिनगर जंगल पुरैनी जिवारा देवराकला थाना विजय राघवगढ़ में दविश दी गई । दबिश के दौरान 6 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 810 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर म.प्र. आबकारी .अधि नियम 1915 की धारा 34 ( 1)क एवं च के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये ।

# ₹7 लाख के फिनायल के बाद अब ₹7.80 लाख का नॉन एंटी सेट-ऑफ स्प्रे पाउडर

## खरीदी हो गई, भुगतान हो गया... लेकिन किसी को नहीं पता सामान आखिर है क्या?

**समाज जागरण**

पाली (उमरिया)। ₹7 लाख के फिनायल घोटाले के बाद पाली नगर पालिका एक बार फिर खरीदी के नाम पर कठघरे में है। इस बार मामला ₹7 लाख 80 हजार की नॉन एंटी सेट-ऑफ स्प्रे पाउडर खरीदी का है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा करीब 15,000 किलोग्राम सामग्री खरीदी गई है, जिसका भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि आखिर यह सामग्री है क्या और इसका उपयोग किस कार्य में होना है। बताया जा रहा है कि यह पूरी सामग्री फिलहाल नगर पालिका के टिनचिंग ग्राउंड में रखी हुई है, जहां न तो इसके भंडारण की कोई वैज्ञानिक व्यवस्था दिखाई देती है और न ही यह स्पष्ट है कि इस कथित केमिकल का उपयोग कब और किस योजना के तहत किया जाएगा। सब इंजीनियर संतोष पांडे से जब इस खरीदी पर फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने उल्टा सवाल कर दिया–ये क्या है, आप जानते हो क्या? इसके बाद उन्होंने खुद ही स्वीकार किया कि उन्हें इस पाउडर की जानकारी नहीं है। मात्रा और दर पूछने पर उन्होंने कहा–अभी ऑपरेट नहीं है, आएगा तो पूछकर बताऊंगा। जब उनसे यह पूछा गया कि सामग्री का सत्यापन आखिर किसने किया, तो वे झल्ला गए और फोन काट दिया। संतोष पांडे की यह भूमिका नगर पालिका में जवाबदेही की धज्जियां उड़ाती नजर आती है। इंजीनियर होने के नाते तकनीकी सत्यापन और भुगतान की जिम्मेदारी उनकी ही होती है, लेकिन उन्होंने इसे एक ताश के पत्तों की तरह हवा में उड़ा दिया। उनकी यह अनभिज्ञता और बेपरवाही ऐसे सवाल खड़े करती है कि क्या वे अपने पद की गरिमा और जिम्मेदारी को भूल चुके हैं या जनता के पैसों के साथ खेल रहे हैं? स्टोर प्रभारी पुरुषोत्तम प्रजापति ने यह जरूर स्वीकार किया कि 50 किलो की बोरियों में कुल 300 बोरी, यानी 15,000 किलो स्प्रे पाउडर खरीदा गया है, लेकिन इससे आगे कोई जानकारी देने से बचते हुए उन्होंने पूरा मामला साहब पर डाल दिया। तकनीकी अमले से जुड़े ई. अरविंद शर्मा ने भी इस पाउडर के बारे में जानकारी न होने की बात कही। हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका में पहुंची बोरियों पर न ब्रांड का नाम, न केमिकल का स्पष्ट विवरण, न बैच नंबर और न ही उपयोग संबंधी निर्देश दर्ज हैं। इसके बावजूद लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार यह सप्लाई सागर जिले की एक निर्माण एजेंसी के माध्यम से की गई है, जो निर्माण कार्यों के साथ-साथ सामग्री आपूर्ति का कार्य भी करती है। सप्लायर का दावा है कि यह नालियों में उपयोग होने वाला केमिकल पाउडर है, लेकिन इसके मानक, अनुमोदन और स्वीकृत श्रेणी को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पाई है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब इंजीनियर को ही नहीं पता कि सामग्री क्या है, स्टोर प्रभारी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है और तकनीकी अमला अनभिज्ञ बना हुआ है, तो आखिर सत्यापन किस आधार पर किया गया और भुगतान किसके आदेश से हुआ? स्थानीय जानकारों का कहना है कि यदि नगर पालिका द्वारा फिनायल खरीदी और इस कथित स्प्रे पाउडर की खरीद ही नहीं, बल्कि पिछले वर्षों में कराए गए निर्माण कार्यों, मरम्मत, सफाई, केमिकल सप्लाई और अन्य सामग्री खरीद की भी गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो ऐसे कई और मामले सामने आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के उजागर होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इन दिनों पाली नगर पालिका में जनता के पैसों की जमकर लूट मची हुई है–ऐसी चर्चा आम हो चली है। पहले फिनायल, अब यह रहस्यमय स्प्रे पाउडर–लगातार सामने आ रहे मामलों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय जानकारों का यह भी कहना है कि यदि पिछले दो साल में हुई सभी खरीदारी, जिनमें ₹5 लाख से अधिक के भुगतानों को शामिल किया जाए, उसकी गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो केवल इस स्प्रे पाउडर तक ही नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की परतें खुलने की संभावना है। ऐसे में सवाल यह उठना स्वाभाविक है कि आखिर जब फिनायल और स्प्रे पाउडर जैसी खरीदी भी बिना सही जवाबदेही और सत्यापन के हो सकती है, तो अन्य बड़े भुगतान और सामग्री खरीदी भी कितनी पारदर्शी रही होगी। अब यह मामला केवल खरीदी का नहीं, बल्कि नगर पालिका में जनता के पैसों की सुरक्षा, जवाबदेही और प्रशासनिक सतर्कता का भी परीक्षण बन गया है। पहले फिनायल, अब नॉन एंटी सेट-ऑफ स्प्रे पाउडर–पाली नगर पालिका में सवालों का अंबार और संभावित भ्रष्टाचार की चेतावनी लगातार बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान में पाली नगर पालिका में भाजपा की परिषद है। ऐसे में इन घोटालों और संदिग्ध खरीदियों से भाजपा की छवि पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा के उच्च पदों पर बैठे जिम्मेदार नेता इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हैं या फिर भाजपा की चुप्पी भी सवालों के घेरे में आ जाएगी। कलेक्टर धरणेंद्र जैन का कहना है कि फिनायल खरीदी मामले की जांच पहले से जारी है और इस नए प्रकरण की जानकारी लेकर आगे आवश्यक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। अब सवाल यह नहीं है कि खरीदी हुई या नहीं, सवाल यह है कि क्या पाली नगर पालिका में जनता का पैसा यूं ही बिना जानकारी, बिना जवाबदेही और बिना डर के उड़ाया जाता रहेगा?

# लिपिक वर्ग संघर्ष के जरिये अधिकार प्राप्त करने की बना रहे रणनीति

**समाज जागरण**

कटनी /अपनी वर्षों पुरानी वेतन विसंगति से जुड़ी मांग की पूर्ति न होते देख लिपिक संवर्ग इन दिनों वेहद असमंजस और हताश की स्थिति में नजर आ रहा है। विकास खंड शिक्षा कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रतिनिधि मनीष चौबे द्वारा लिपिकों के जायज हक और उनकी दशकों पुरानी वेतन विसंगति की मांग को शासन स्तर से बार- बार नजरअंदाज किये जाने को दूर्भाग्यपूर्ण बताया गया है।लिपिक संगठनों द्वारा प्रदेश शासन पर लगातार कई वर्षों से दबाब बनाने के बाद भी प्रदेश शासन की कुंभकरणी नींद न टूटने के कारण लिपिक संवर्ग को यकीन हो गया है कि, अपनी मांगों को मनवाने के लिये उन्हेंअब सड़क पर उतर कर अपनी आवाज बुलंद करना उनकी मजबूरी बन चली है। लिपिक संवर्ग के हित संरक्षण से जुड़ी इन्हीं कर्मचारी हितैषी सोच को लेकर लिपिक नेतृत्व द्वारा अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत से मुलाखात कर लिपकों को उनका हक दिलाने हेतु व्यापक रणनीति के तहत नूतन वर्ष में पूरे प्रदेश में जवर्जस्त आंदोलन खड़ा करने पर गंभीरता से विन्दुबार विचार विमर्श किया गया। उपनगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्सन स्थित संयुक्त मोर्चा कार्यालय में हुई,दोनों नेताओं की बैठक का सार निकलकर सामने आया कि, वगैरआंदोलन,अनसन, भूख हड़ताल और रैली -रैला आदि आयोजित किये मध्य प्रदेश सरकार से महंगाई भत्ता के अलावा कुछ भी हासिल करना अत्यंत दूभर है। अतः लिपिकों के हितार्थ अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ को लिपिकों का सहयोग करके शासन से आर पार की लड़ाई लड़ने के उपरांत ही उनकी जायज और लंबित मांगे मनवाई जा सकती हैं। श्री राजपूत ने पूरे ऊर्जा और साहस भरे सक्रियता के साथ लिपिक संवर्ग को न्याय दिलाने हेतु उनका भरपूर देने की अपने संगठन की वचनवद्धता को पत्थर की लकीर की उपमा दिये। इस अवसर पर लिपिक संवर्ग द्वारा प्रवक्ता का मनोबल बढ़ाने और उनमें असीम ऊर्जा का संचार भरने के मकसद से उनका फूल माला, और साल श्रीफल भेंटकर उनका हौसला द्विगुणित किया गया।

# आम आदमी का निर्माण पलभर में ढहाने वाली नगर पालिका के कदम यहां क्यों पीछे?

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।शहर के वार्ड क्रमांक 38 में लक्ष्मी कनौजिया के निर्माण पर 9 जुलाई की दोपहर नगर पालिका की जेसीबी भवन मालिक को बिना किसी पूर्व सूचना के चली और यह कहकर पिलर ढहा दिया गया कि निर्माण में नियमों का पालन नहीं हो रहा था। इसके कुछ माह बाद 9 अक्टूबर को अभय कुंज के सामने ओपीएम की पुरानी डिस्पेंसरी में विजय लाहोरानी का निर्माण नगर पालिका ने यह कहकर गिराया कि निर्माण में नियमों का पालन नहीं हुआ और कई बार नोटिस पर जवाब भी नहीं दिया। इन दो उदाहरणों के बीच संभाग मुख्यालय में विशाल मेगा मॉर्ट का संचालन बिना फायर एनओसी के दो माह से हो रहा है। एनओसी तो दूर विशाल मेगा मॉर्ट के नाम पर आवेदन ही नहीं है। यहां दीपावली पर्व के दौरान बेतहासा भीड़ के बीच फायर एनओसी के बिना संचालन नगर पालिका की कार्यशैली पर सीधे सवालिया निशान लगाती है। बिना पार्किंग इंतजाम के संचालन पर 4 नवंबर को नोटिस देकर सात दिन में कार्रवाई की बात कहने वाले नगर पालिका के सीएमओ एक माह बाद भी कभी नेशनल लोक अदालत तो कभी दूसरी योजना के काम में व्यस्तता की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं। नगर पालिका की यह कैसी कार्यशैली है जिसमें आम नागरिकों के निर्माण में जरा सी चूक और नियम का पालन नहीं होने पर जेसीबी लेकर फौरन निर्माण ढहाने को तत्पर अधिकारी विशाल मेगा मॉर्ट के मनमाने संचालन पर कार्रवाई में बहाने बनाने लगते हैं।

# अनूपपुर में सड़क पर यमराज राज!

## यातायात सुधार नहीं, वसूली का खेल विनोद दुबे के कार्यकाल में व्यवस्था ध्वस्त

**चालान के नाम पर कथित उगाही, जाम व हादसों से जनता त्रस्त**
**अब ज्योति दुबे को जिला यातायात प्रभारी बनाए जाने की उठी मांग**

**समाज जागरण जमुना-कोतमा**

अनूपपुर जिले की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है यातायात प्रभारी विनोद दुबे के कार्यकाल में न तो यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और न ही सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई दे रही है इसके विपरीत, यातायात विभाग पर जांच के नाम पर वसूली अभियान चलाने के गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित यातायात, बार-बार लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है बिना हेलमेट, ओवरलोडिंग, नो-पार्किंग और तेज रफ्तार जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई नाममात्र की है, जबकि चुनिंदा वाहनों को रोककर जुमार्ने के नाम पर कथित वसूली की जा रही है आरोप है कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान, नियमित पेट्रोलिंग और सड़क सुरक्षा सुधार की जगह विभाग की प्राथमिकता केवल चालान और वसूली तक सीमित हो गई है इससे आम जनता में भारी आक्रोश है और यातायात व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है भालूमाड़ा निवासी चक्रधर शर्मा ने कहा कि 20-25 वर्ष पहले कोतमा से शहडोल मार्ग पर रात में अकेले चलने से डर लगता था की कोई लूट न ले लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि दिन में कोतमा से अनूपपुर के बीच चलना भी डरावना हो गया है जमील अंसारी ने कहा कि अनूपपुर में सरकारी तंत्र कुछ ज्यादा ही सक्रिय है चाहे यातायात पुलिस हो, रेलवे सुरक्षा बल हो या स्टेशन के मुख्य द्वार पर टीटी की चेकिंग– लोगों को जानबूझकर परेशान करना इनका मेनिफेस्टो बन गया है इतना चेकिंग जबलपुर, शहडोल और कटनी जैसे शहरों में भी नहीं होता इंद्रापती सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि जब मंत्री जी के जिले में यह हाल है, तो पूरे प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है

विश्वजीत सिंह परिहार ने कहा कि बेवजह की चेकिंग कर यातायात पुलिस आम लोगों को लूट रही है वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यातायात प्रभारी विनोद दुबे यमराज बनकर सड़कों पर घूम रहे हैं लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए अब नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच ज्योति दुबे को जिला यातायात प्रभारी बनाए जाने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है लोगों का कहना है कि यदि यातायात व्यवस्था में वास्तविक सुधार करना है तो प्रशासन को तत्काल बदलाव करते हुए जिम्मेदार और संवेदनशील अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित वसूली पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आमजन को राहत मिल सके

# कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवियों ने बढ़ाया हाथ, सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए अलाव।

**समाज जागरण**




कटनी। उत्तर भारत से आ रही बफीर्ली हवाओं के कारण पूरे प्रदेश सहित कटनी जिले में भी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। जिले का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुँच जाने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कड़ाके की ठंड में आम जनमानस और मुसाफिरों को राहत देने के लिए 'समाज सेवा विकास संस्था' की टीम एक बार फिर आगे आई है। शनिवार को संस्था के सदस्यों ने बड़वारा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सार्व जनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई। इन प्रमुख स्थानों पर हुई व्यवस्था राहगीरों और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्था ने योजनाबद्ध तरीके से लकड़ियों का इंतजाम किया। समाजसेवियों ने मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यहाँ रात के समय आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठंड से बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में ठिठुरते हुए यात्रियों के लिए यह अलाव किसी वरदान से कम साबित नहीं होगो। बड़वारा थाना परिसर व लोक सेवा केंद्र में अपने कार्यों से आने वाले ग्रामीणों को ठंड से बचने का सहारा मिलेगा रूपोंद रोड़ बास्टेण्ड में आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए भी अलग-अलग पॉइंट पर लकड़ियों का ढेर रखकर अलाव जलाए गे संस्था की ओर से समाजसेवी पूजा सिंह ने बताया कि समाज सेवा विकास संस्था' का मुख्य उद्देश्य ही जनसेवा है। उन्होंने कहा,पारा गिरने के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। हमारी टीम ने पूर्व में भी अलाव की व्यवस्था की थी और वर्तमान स्थितियों को देखते हुए आज पुनः अस्पताल, रेलवे स्टेशन, थाना परिसर और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव जलाए गए हैं। आने वाले दिनों में यदि ठंड और बढ़ती है, तो संस्था इस अभियान को और विस्तार देगी। अस्पताल और स्टेशन पर मौजूद लोगों ने समाजसेवियों की इस पहल की सराहना की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन के साथ-साथ जब सामाजिक संस्थाएं इस तरह की जिम्मेदारी उठाती हैं, तो बेसहारा और राहगीरों को विषम परिस्थितियों में संबल मिलता है।

अलाव जलने से न केवल ठंड से राहत मिली, बल्कि देर शाम बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सन्नाटे के बीच लोग अलाव के इर्द-गिर्द राहत महसूस करते नजर आए। इस दौरान फिजा बी,बबिता सिंह,राजेश नंदनी रजक,पूजा सिंह,प्रभा सेन,सुधा पाठकर,मैना सिंह,राजाराम पटेल, शिधार्थ जाटव,रामचरण सिंह, आदि की मौजूदगी रही रहे

# सूरसा के मुँह की तरह बढ़ती जा रही तारीख, अनूपपुर मंडल अध्यक्ष की घोषणा पर सवालों का साया

**समाज जागरण अनूपपुर।**

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की सबसे अहम कड़ी माने जाने वाले मंडल अध्यक्ष की घोषणा को लेकर अनूपपुर में स्थिति लगातार असमंजस भरी बनी हुई है। मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा की तारीख सूरसा के मुँह की तरह आगे बढ़ती जा रही है, लेकिन निर्णय अब तक सामने नहीं आ सका है। इस देरी ने न केवल कार्यकताओं की उत्सुकता बढ़ाई है, बल्कि अब खुले तौर पर बेचैनी और नाराजगी का कारण भी बनती जा रही है। बताया जा रहा है कि संगठन स्तर पर पहले एक तय समयसीमा में घोषणा की बात कही गई थी, लेकिन वह तारीख बीत गई। इसके बाद अगली तारीख बताई गई, फिर तीसरी तारीख का भरोसा दिलाया गया, लेकिन हर बार निर्णय टलता रहा। लगातार बदलती तारीखों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर अनूपपुर मंडल में ऐसा क्या है, जो नाम तय करने में इतनी परेशानी हो रही है? कार्यकताओं के बीच यह चर्चा आम है कि जिले के अन्य मंडलों और आसपास के जिलों में जहां मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, वहीं अनूपपुर में अब तक स्थिति साफ नहीं हो पाई है। इससे यह संदेश भी जा रहा है कि संगठन के भीतर संतुलन साधने, समीकरण बैठाने और आपसी सहमति बनाने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं का कहना है कि मंडल अध्यक्ष का पद सिर्फ एक नाम भर नहीं होता, बल्कि वही संगठन की गतिविधियों, अभियानों और चुनावी तैयारियों की कमान संभालता है। ऐसे में पद खाली रहने या निर्णय लटकने से संगठनात्मक कामकाज पर सीधा असर पड़ रहा है। कई कार्यक्रमों और बैठकों की रूपरेखा तक तय नहीं हो पा रही है। अंदरखाने यह भी चर्चा है कि कुछ नामों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है, तो कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनके पक्ष और विपक्ष में मजबूत खेमेबंदी हो चुकी है। इसी खींचतान के चलते निर्णय बार-बार टल रहा है। हालांकि संगठन की ओर से इस देरी पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कार्यकताओं का मानना है कि यदि इसी तरह अनिश्चितता बनी रही, तो इसका असर आने वाले समय में संगठन की एकजुटता और सक्रियता पर पड़ सकता है। कई कार्यकर्ता अब यह कहने लगे हैं कि स्पष्ट निर्णय लेने में देरी खुद संगठन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल स्थिति यह है कि हर कोई अगली तारीख की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन भरोसा अब कमजोर पड़ने लगा है। अब देखना यह होगा कि अनूपपुर मंडल अध्यक्ष की घोषणा वास्तव में कब होती है, या फिर तारीखें यूँ ही सूरसा के मुँह की तरह बढ़ती रहेंगी।

# अच्छे दिनो ' की मृगतृष्णा में आदिवासी गाँवों की त्रासदी भरी दास्तान

**देश आजाद हुआ पर आदिवासियों को अब भी वही पाबंदी, वही पराधीनता बिजली के दर्शन हुए नहीं, उजाले के नाम पर कैरोसीन भी छीना**

**समाज जागरण**
**उमरिया --- मध्य प्रदेश**

के उमरिया जिल में अब भी दर्जनों गाँव ऐसे है जहाँ पर अभी भी मूलभूत सुविधाएं गरीब आदिवासियों के लिए मृगतृष्णा बनी हुई है।देश आजाद होकर आठवे दशक में प्रवेश कर रहा है परन्तु आदिवासियों की बुनियादी समस्याओं का पहाड़ वैसे ही खडा है जैसे 1947 में था।साल दर साल गुजरते गये, आदिवासियों के कल्याण के लिए अरबो खरबो की धन राशि आयी और व्यय हुई लेकिन उनके दुर्रदिनो पर कोई बदलाव नहीं हुआ। गाँवों के लोग आज भी पाषाण युग में जीने के लिए अभिश्रापित है। उन्हें आज भी बिजली,पानी, सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार बना हुआ है। आज देश अमृत काल की शुभ बेला से गुजर रहा है वही पर वनांचल के आदिवासियों के लिए अंधकार के आगोस में समाये हुये हैं। देश की सरकारें आज अमृत महोत्सव के जश्न में डूबी हुई है और आदिवासी वर्ग अंधकार से छुटकारे की आस में प्रकाश की एक किरण के लिए सांस गिन रहा है। अभी भी जिला के दूर दराज क्षेत्रों में बिजली जैसी बुनियादी जरूरत की पहुंच न होने के कारण लोगों का जीवन उन्नीसवीं सदी में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे गाँवों में आदिवासी विकास खंड के बाघन्नारा,गांधी ग्राम, चिनकी और सास जैसे वनांचल के गाँव आज अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। इन गांवो के लोग रात में अंधकार से निपटने के लिए रोशनी के लिए एक मोमबत्ती का सहारा लेते हैं।देश की सरकारें यह मानकर की पूरे देश में अंधकार से निपटने के कारगर बिजली आपूर्ति हो गयी है और अब कैरोसीन की आवश्यकता नहीं है, यह मानकर गरीब आदिवासियों को मिलने वाली शासकीय उचित मूल्य दूकानों से कैरोसीन की सुविधा भी छीन ली गई है। मामला जिले के आदिवासी विकास खंड क्षेत्र के पाली जनपद के ग्राम सांस का है। यहां आजादी के बाद अब भी बुनियादी सुविधाओं का टोटा है। पाली के इस सांस गाँव मे में तकरीबन 70 बैगा जाति के लोग निवास करते है। लगभग 100 से 200 की आबादी वाले इस गांव में रहते हैं जहाँ माध्यमिक तक एक विद्यालय भी है। *आजादी के 78 वर्ष बाद भी गाँव अंधकार में ग्रामीण बताते हैं कि देश की आजादी के 78 साल बाद भी गांव की सूरत नहीं बदल सकी है। गांव में विद्युतीकरण नहीं हो सका है। कई वर्ष पहले गांव में बिजली के खम्भे खड़े कर तार दौड़ा दी गयी, लेकिन अभी तक तार गाँव मे रोशनी की किरणें गाँव तक नहीं पहुंच सकी। प्रशासनिक अमले के साथ इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इनके भविष्य के साथ खूब खिलवाड़ किया इनके द्वारा वोट के बदले सिर्फ आश्वसान की घुट्टी ही मिली, यही वजह है की इक्कीसवीं सदी में भी यहाँ के लोग उन्नीसवीं सदी का जीवन गुजार रहे हैं, उससे निपटने और समाधान के लिए कोई आवश्यक पहल करने को तैयार नहीं है। रात में उजाले के लिए सौर ऊर्जा व मोमबत्ती बना शहारा गांव के लोग कहते हैं कि बिजली न होने से रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। लोगों को रात में उजाले के लिए सौर ऊर्जा व मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ता है, विद्युतीकरण न होने से यहां के लड़कों की शादी में भी मुश्किल होती है। सरकार ने केरोसिन भी बंद कर दिया है, वैकल्पिक तरीके से उजाला करना पड़ता है। जिससे बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत होती है। बैगा बस्ती में नही पहुँच सकी बिजली उजाला देखने को तरस रहा बैगा जाति देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के हर घर तक बिजली पहुंचाने के लिए सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) लांच की थी, जिसके तहत घर घर बिजली देने का प्लान बनाया, लेकिन दिल्ली और भोपाल में बनी ये योजनाए सायद यहां पहुच ही नहीं पाई। उमरिया जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बिरसिंहपुर पाली जनपद के कठई पंचायत के सांस गाँव व चांदपुर पंचायत के बाघन्नारा जहाँ बैगा जाति की बस्ती है जहां सांस गाँव मे लगभग 200 परिवार तो बाघन्नारा में लगभग 500 परिवार बैगा जाति के लोग निवाश करते लेकिन आज तक इस सांस गाँव मे उजाला को देखने के लिए कई वर्ष गुजर गए वन विभाग के जंगलों में खंभे लग गए तार भी दौड़ दिए लेकिन आज 5 से 6 वर्ष बीतने जा रहा तार में करेण्ट कब आएगा कोई बताने वाला नही है। विकास की किरण देखने के लिए तरस रहा है यह बैगा बस्ती का सांस गांव इस गांव के रहवासी अंधेरे में रहने और पगडंडियों के सहारे चलना ही अपनी नियति मान चुके हैं। वहीं, इस गांव की आने वाली नई पीढ़ी को प्रदेश की सरकारों से काफी उम्मीदें थी। उनका मानना है कि आने वाले समय में हमारे भी घर बिजली से रोशन होंगे और हम उजासे से पक्की सड़कों पर चल सकेंगे लेकिन इस गांव के रह वासियों का दुर्भाग्य ही कहा जाए की 5 से 6 वर्ष बीत गए तार दौड़ने के बाद खंबे में आखिर विभाग ने करंट दौड़ने में क्यों सफल नहीं हो पाया। मध्यप्रदेश की ऊजार्धानी, यूं तो पावर हब, कोयले की खान और खनिज संपदाओं की बाहुल्यता के लिए जानी जाती है। यहां की बिजली देश-विदेश को रोशन करती है। जब कि बैगा समुदाय के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को लागू करता है और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करता है, जिससे उनकी साक्षरता और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। लेकिन जिस गाँव मे उजाला ही न हो तो उस गाँव में साक्षरता कैसे सुधर सकती है। वन विभाग की किल्लतों से कब तक समस्याओं से जूझते रहेंगे ग्रामीण बैगा बाहुल्य क्षेत्र जिले के पाली ब्लॉक में ग्राम सांस, व ग्राम बाघन्नारा में बिजली न पहुंच पाने का मुख्य कारण दुर्गम इलाके, घने जंगल, वन विभाग की अनुमति (एनओसी) (वन संरचना अधिनियम के तहत), और विकास कार्यों में अधिकारियों की सुस्ती है, जिससे इन इलाकों में सड़क, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है,। जब कि सरकार विकाश की ढिंढोरा पीट रही हैं। "पीएम जन-मन" जैसी योजनाओं के जरिए विद्युतीकरण का काम तेजी से करने का दावा कर रही है.फिर ये गाँव अभी तक क्यो अछूता बना हुआ है। बाघन्नारा बाघ कोरिडोर में -- दिगेन्द्र सिंह वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पाली ने वन विभाग के अनापत्ति मामले में बताया की वन विभाग जन सुविधाओं के लिए वन भूमि पर भी अनापत्ति जारी कर काम करने की अनुमति प्रदान करती है, वन विभाग भी लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सदैव कृत संकल्पित है, लेकिन बाघन्नारा गाँव जहाँ बिजली के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है वह क्षेत्र बाघ कोरिडोर में आता है जिस कारण ऐसे स्थलों पर अनापत्ति पी एम ओ कार्यालय दिल्ली से मिलती है, अगर अन्य जगह से बिजली लाइन खीचने का प्रापोजल बनता है तो वन विभाग अनापत्ति जारी करने में देर नही करेंगी।

## ई-रिक्शा पलटने से युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। शहर क्षेत्र के ज्वालागंज बस स्टाप के समीप शनिवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से उसके नीचे दबकर 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बा निवासी स्व0 कलीम का पुत्र आसिफ गांव के ही साथी के साथ उसके ई-रिक्शे में बैठकर शहर इलाज कराने आया था। जैसे ही वह ज्वालागंज बस स्टाप के समीप पहुंचा तभी अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे आसिफ दब गया। आस-पास के लोगों ने दौड़कर ई-रिक्शा उठाया जब तक देर हो चुकी थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## लिफ्टर मशीन का तार टूटने से मजदूर की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। राधानगर थाने के पुलिस लाइन स्थित निमार्णाधीन बिल्डिंग में शनिवार की सुबह लिफ्टर मशीन से ऊपर पेंटिग करने जाते समय अचानक तार टूट जाने से लिफ्टर मशीन नीचे गिर गई। जिससे उसमें बैठे 25 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के थाना बिसवां गांव सीसी रसैया निवासी अमरीका प्रसाद का पुत्र संजय अपने जीजा राजेश कुमार, बहन निशा व साथी प्रदीप कुमार के साथ एक माह पूर्व पुलिस लाइन में निमार्णाधीन बिल्डिंग में पेंटिग के लिए आया था। शनिवार की सुबह वह लिफ्टर मशीन से ऊपरी मंजिल में पेंटिग करने जा रहा था। जब लिफ्टर मशीन आठवी मंजिल पर पहुंची तभी अचानक तार टूट गया और लिफ्टर मशीन नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस लाइन में मौजूद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार दौरान मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमालीपुर मजरे दानियालपुर में एक सप्ताह पूर्व बाइक की चपेट में आया वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान शनिवार की सुबह कानपुर हैलट में मौत हो गई। बताते चलें कि कमालीपुर मजरे दानियालपुर गांव निवासी स्व0 दुलारे का पुत्र रामशरन 12 दिसंबर को साइकिल से घुइया के बीज लेकर घर आ रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया था। सदर अस्पताल से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर आए और पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खेत में पानी लगाए वृद्ध की अचानक मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेसहन में शनिवार की सुबह खेत में पानी लगा रहे 60 वर्षीय वृद्ध अचानक तबियत बिगड़ जाने पर गिर गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खेसहन गांव निवासी स्व0 बद्री का पुत्र पितांबर खेतों में पानी लगाए था। सुबह लगभग छह बजे अचानक तबियत बिगड़ गई और गिर गया। कुछ देर बाद उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो तत्काल घटनास्थल पहुंच वृद्ध को उपचार के लिए सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## कड़ाके की सर्दी में बच्चों को बाहर खड़ा रखने का आरोप, सेंट जॉन्स स्कूल पर अमानवीय रवैये के गंभीर आरोप!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! शहर स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब स्कूल प्रशासन पर करीब 30 छात्रों को मात्र दो मिनट की देरी पर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में स्कूल गेट के बाहर खड़ा रखने का



आरोप लगा।छात्रों का कहना है कि उन्होंने समय पर पहुंचने की बात समझाने की कोशिश की, लेकिन अनुशासन का हवाला देकर स्टाफ और शिक्षकों ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। बच्चों ने बताया कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी एक नहीं सुनी गई।

गौरतलब है कि जिलाधिकारी द्वारा सर्दी को देखते हुए स्कूल समय में बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं, इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आना स्कूल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

## एचटी लाइन टूटकर तालाब में गिरी, दो युवकों की मौत

### मछली पकड़ने के दौरान हुआ हादसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के मझटेनी गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। गांव के बाहर स्थित तालाब में मछली पकड़ते समय ऊपर से गुजरी ग्यारह हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन अचानक टूटकर तालाब में गिर गई। जिसकी चपेट में आने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मझटेनी गांव निवासी बृजलाल पुत्र महावीर व राजू पुत्र इंद्रपाल शनिवार की सुबह करीब ग्यारह बजे तालाब में मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान तालाब के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार वोल्ट की बिजली की तार अचानक टूटकर सीधे पानी में गिर गई। तेज करंट प्रवाहित होने के कारण तालाब में करंट फैल गया और दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद ग्रामीण कुछ समझ पाते, उससे पहले ही दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। कोतवाली पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं विद्युत विभाग ने लाइन की आपूर्ति तत्काल बंद कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली की जर्जर तारें पहले से ही लटकी हुई थीं, जिसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते मरम्मत कराई जाती तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह पटेल ने बताया कि मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है।

## प्रेम विवाह के बाद पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद !

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। न्यायालय ने प्रेम विवाह के बाद पत्नी की हत्या करने के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना नारखी क्षेत्र के बंछगाव निवासी रंजीत पुत्र रामवीर 07 जनवरी 2020 को जनपद आगरा के थाना छत्ता क्षेत्र के गांव गधा पाड़ा जीवनी मंडी निवासी ज्योति को भगा कर ले गया और उसके बाद प्रेम विवाह कर लिया। वह दोनों पति-पत्नी के रुप मे किराए के मकान में रहने लगे । 19 मार्च 2021 को ज्योति की मौत हो गई। मृतका की मां अनीता देवी ने रंजीत व उसके परिजनों पर दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना नारखी में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद पति रंजीत व उसकी मां शीला देवी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या2 विमल वर्मा के न्यायालय में हुई। अभियोजन पक्ष की पैरवी एडीजीसी अजय यादव ने की। उन्होंने बताया कि न्यायालय में कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व गवाहों की गवाही के आधार पर पति रंजीत को पत्नी ज्योति की जहर देकर हत्या का दोषी माना। न्यायालय ने दोषी रंजीत को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। दोषी पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में शीला देवी को दोषमुक्त किया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान 58 शिकायतें आईं, जिसमें से 12 का मौके पर ही किया गया निस्तारण।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण आए हैं, उन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुण वत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के लिए बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, उसकी शिकायत का एक ही बार में निस्तारण की जाए, यदि शिकायतों का निस्तारण में कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो, उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस दौरान राजस्व, कानून व्यवस्था, पेंशन, पूर्ति विभाग, नगर पालिका, भूमि कब्जा आदि मामले आए, इस दौरान देवेंद्र कुमार जो नगला झील शोभापुर शिकोहाबाद के निवासी हैं, उन्होंने शिकायत की है कि गांव के लोगों को आने-जाने के मार्ग में कठिनाई होती है, इस हेतु चकरोड काफी दिनों से अधूरा पड़ा हुआ, इसकी पैमाइश कराकर चकरोड बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को निर्देशित किया की स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्य वाही करना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार सुदामापुरी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत की की संयुक्त चिकित्सालय में महिला डॉक्टर की ड्यूटी निरंतर लगाये जाने के संबंध में बताया कि महिला डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं रहती है और इसके अलावा इस चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे मशीन खराब पड़ी है, उसे चालू कराया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती पत्र आए, जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आज उपस्थित रहें।

इसके बाद जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिकोहाबाद स्थित बस अड्डा पर बने महिला एवं पुरुष रैन बसेरे का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने रैन बसेरे में विद्युत, पेयजल, रजाई-गददे, पलंग की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा, जो रैन बसेरे में पाई गई और बस अड्डे पर शीत लहर को देखते हुए लकड़ी के अलाव एवं गैस के हीटर चलते हुए नजर आए, इस जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किए।

## इंडियन बैंक घोटाले में कैशियर को आजीवन, अन्य पांच को 10-10 साल की कैद

- जसराना इंडियन बैंक घोटाले के मामले में एडीजे-2 कोर्ट से सुनाई गई सजा
- कैशियर पर 5.50 लाख और अन्य दोषियों पर 5-5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया
- 19 मार्च 2025 ग्राहकों की शिकायत पर खुलीं थीं घोटाले की परतें, बैंक के अंचल प्रमुख तरुण कुमार विश्नोई ने दर्ज कराई थी एफआईआर
- मैनेजर सहित चार अभियुक्तों के खिलाफ अभी चल रही पुलिस जांच, उनके खिलाफ भी जल्द दाखिल होगी चार्जशीट
- 100 से अधिक ग्राहकों के 2.40 करोड़ रुपये से अधिक के गबन का है यह मामला



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। बहुचर्चित इंडियन बैंक (जसराना शाखा) घोटाले में शुक्रवार को एडीजे-2 सर्वेश कुमार पांडेय की अदालत ने करोड़ों रुपये के गबन और जनता के विश्वास को छलने के मामले में तत्कालीन कैशियर जयप्रकाश सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, इस सिंडिकेट में शामिल अन्य 5 दोषियों को 10-10 साल की कड़ी कैद की सजा दी गई है। न्यायालय ने जयप्रकाश सिंह पर 5.50 लाख रुपये का और अन्य 5 दोषियों पर 5-5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। इस महाघोटाले का खुलासा 19 मार्च 2025 को हुआ था। जब कई ग्राहकों ने बैंक में पैसा जमा होने के बावजूद खातों में राशि न दिखने की शिकायत की, तब बैंक प्रशासन में हड़कंप मच गया। बैंक के अंचल प्रमुख (जोनल मैनेजर) तरुण कुमार विश्नोई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जसराना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि यह 100 से अधिक ग्राहकों के साथ की गई 2.40 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी धोखाधड़ी थी। पुलिस ने पहले चरण में बैंक कैशियर जयप्रकाश सिंह निवासी शक्तिनगर टूंडला सहित प्रवीन कुमार और इसके होमगार्ड पिता कुंवरपाल निवासी ग्राम भेंडी, जसराना, आकाश मिश्रा निवासी मोहल्ला कोठीपुरा, जसराना, वीर बहादुर निवासी शिवनगर, कचहरी रोड, मैनपुरी और सुखदेव सिंह निवासी बालाजीपुरम, हाईवे, मथुरा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने ट्रायल में इस मामले को सामान्य चोरी या हेराफेरी नहीं, बल्कि एक 'संगठित अपराध' माना। कोर्ट ने माना कि दोषियों ने एक सुनियोजित गिरोह की तरह काम किया, जहां बैंक की मुहर और स्टेशनरी का इस्तेमाल कर जाली रसीदें बनाई गईं। कैशियर जयप्रकाश ने अपने पद की गरिमा को ताक पर रखकर ग्राहकों की गाढ़ी कमाई को हड़प लिया। साक्ष्यों व गवाही के आधार पर कोर्ट ने कैशियर जयप्रकाश को आजीवन कारावास व 5.50 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही अन्य पांचों दोषियों को 10-10 साल की कैद और 5-5 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

### मैनेजर सहित 4 अन्य पर लटकी तलवार

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि भले ही कैशियर और उसके साथियों को सजा मिल गई है, लेकिन इस घोटाले की आग अभी ठंडी नहीं हुई है। मामले में शाखा प्रबंधक (मैनेजर) राघवेंद्र सिंह, उसके साथी रवीश यादव, सोमिल, नीलेश के खिलाफ पुलिस की विवेचना (जांच) अभी भी प्रचलित है। विवेचक एवं थानाध्यक्ष जसराना राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस इनके खिलाफ भी साक्ष्य जुटा चुकी है और जल्द ही न्यायालय में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की जाएगी। जयप्रकाश सिंह, प्रवीन कुमार, कुंवरपाल, आकाश मिश्रा, वीर बहादुर, सुखदेव सिंह के खिलाफ पुलिस ने जब चार्जशीट दाखिल की थी, उस वक्त तक यह मामला 91 ग्राहकों के खाते से 1.86 करोड़ रुपये हड़पने के मामले का था। इसके बाद की जो जांच प्रबंधक (मैनेजर) राघवेंद्र सिंह, उसके साथी रवीश यादव, सोमिल, नीलेश के खिलाफ प्रचलित है। उसमें अभी तक 2.40 करोड़ रुपये से अधिक के गबन का मामला प्रकाश में आ चुका है। जनता का भरोसा तोड़ने वालों पर कोई नरमी नहीं: कोर्ट - सजा पाने के बाद दोषी कोर्ट में ही फफक-फफक कर रोने लगे, भेजे गए पुलिस अभिरक्षा में जेल फिरोजाबाद। एडीजे-2 कोर्ट में जयप्रकाश सहित अन्य पांच आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद बचाव पक्ष ने होमगार्ड कुंवरपाल की 60 वर्ष से अधिक उम्र होने का हवाला देते हुए सजा में नरमी बरतने का अनुरोध किया था। मगर, कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट लिखा है कि बैंकिंग प्रणाली में भ्रष्टाचार और जनता के साथ धोखाधड़ी करने वालों के लिए यह फैसला एक मिसाल बनेगा। वित्तीय संस्थानों में जनता का भरोसा तोड़ने वालों के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। इस मुकदमे में कोर्ट के फैसले पर उन 100 से अधिक बैंक ग्राहकों की निगाह थी, जिनकी गाढ़ी कमाई को इन दोषियों ने अपने लाभ के लिए ठग लिया। कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद दोषी फफक-फफक कर रोने लगे। अदालत से सजा सुनाए जाने के तत्काल बाद सभी दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इधर, ग्राहक इन दोषियों पर हमला न कर दें, इस लिहाज से कोर्ट में भारी सुरक्षा इंतजाम भी किए गए थे।

### इस प्रकार किया था गबन

यह मामला मार्च 2025 में तब प्रकाश में आया जब इंडियन बैंक के जोनल हेड तरुण कुमार विश्नोई को बैंक में हेर-फेर की शिकायतें मिलीं। जांच में सामने आया कि बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर एक संगठित गिरोह चला रहे थे। बैंक के कैशियर और उनके साथी ग्राहकों से पैसा जमा करने के लिए लेते थे, उन्हें बकायदा बैंक की मुहर लगी जमा पर्ची भी देते थे, लेकिन वह पैसा उनके खातों में जमा करने के बजाय अपने निजी साथियों और करीबियों के खातों में ट्रांसफर कर देते थे। गिरोह ने बैंक मैनेजर की आईडी और पासवर्ड के साथ-साथ उनके अंगूठे का क्लोन भी बना रखा था, जिससे बैंक मैनेजर की अनुपस्थिति में भी अवैध ट्रांजेक्शन किए जाते थे।

### ठगे गए ग्रामीण और किसान

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सामने आया कि गिरोह ने अधिकतर उन भोले-भाले ग्रामीणों को निशाना बनाया जो बैंक के भरोसे अपना पैसा जमा करने आते थे। ग्राहक अमित गुप्ता, नवीन कुमार आदि ने कोर्ट में बताया कि उन्होंने लाखों रुपये जमा किए, रसीद भी मिली, लेकिन बाद में पता चला कि उनके खाते खाली हैं। आरोपियों ने इन पैसों को ठेकेदारों के खातों में भेजकर ब्याज और मोटा मुनाफा कमाया।

### शाखा प्रबंधक का दोस्त है सुखदेव, कानपुर में साथ की थी पढ़ाई

धोखाधड़ी कर ग्राहकों की रकम हड़पने के मामले में सजा पाने वाला सुखदेव मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक राघवेंद्र का करीबी दोस्त रहा है। दोनों ने कानपुर में कई साल तक एकसाथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की थी। राघवेंद्र को बैंक में नौकरी मिल गई थी। लेकिन सुखदेव को नहीं मिली थी। शाखा प्रबंधक ग्राहकों की रकम हड़पने के बाद सुखदेव के भी खाते में भेजता था। इसके बाद मिलने वाले लाभ में हिस्सा देता था। मथुरा का होने के बावजूद भी राघवेंद्र ने उसका जसराना में खाता खुलवाया था। इसी प्रकार अन्य आरोपी आकाश मिश्रा, सोमिल, नीलेश, वीरबहादुर के खाते में रकम जमा कराई जाती थी। इनमें से कुछ लोग बैंक में रहकर खाता धारकों से नकदी लेकर फर्जी मोहर लगाकर पर्ची दे दिया करते थे।

### होमगार्ड कुंवरपाल के बेटे प्रवीन ने की थी पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी

सजा पाने वाले कुंवरपाल और उसके प्रवीन के विषय में पुलिस ने उस वक्त खुलासा किया था कि कुंवरपाल का पुत्र प्रवीन पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार था। वह पूरी रकम को ठेकेदारी के काम लगा देता था। इसके अलावा आरोपियों ने इसी रकम में से जेसीबी भी खरीदी थी। मैनेजर ठगी गई रकम का हिस्सेदारी के साथ ही ब्याज भी वसूलता था।

## बाल विवाह मुक्त भारत (100 दिवसीय व ऑपरेशन जागृति विशेष कार्यक्रम)

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! शनिवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान व ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम सुगरा बेगम इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में किया गया। कार्यक्रम में एस.पी. सिटी रवि शंकर प्रसाद व जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की मिशन शक्ति की अधिकारी अनम अकाशा ने बताया! कि किस तरह से विद्यार्थी सोशल मीडिया से प्रेम प्रसंग में पड़कर खुद को हिंसा का शिकार बनने दे रहे हैं एवं बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक किया गया। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है! तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप सूचित करें । हब स्टाफ की मोहिनी शर्मा द्वारा वूमेन हेल्पलाइन नंबर बताए गए और साथ में बाल विवाह न होने देना की शपथ ग्रहण करवाई गए । हब स्टाफ से अरुण द्वारा बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एचपी सिटी द्वारा समस्त बच्चों को साइबर हिंसा से बचने के टिप्स प्रदान किए गए

और समस्त महिला हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी दी गई इसके साथ कार्यक्रम के अंत में डी एच ए व स्टाफ मोहिनी शर्मा द्वारा समस्त को बाल विवाह मुक्त भारत पर शपथ कराई गई। कार्यक्रम में एसपी सिटी फिरोजाबाद का सिटी थाना अध्यक्ष थाना रसूलपुर एस आई अलका एवं संबंधित थाने के आरक्षी और जिला फिरोजाबाद एंपावरमेंट ऑफ वीमेन महिला कल्याण विभाग से मोहिनी शर्मा अरुण कुमार एवं सभी आदि लोग मौजूद रहे!

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के सम्बध में व्यापारी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद की अति आवश यक बैठक बिहार रोड लाइंस ढोलपुरा फिरोजाबाद आयोजित की गई । बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का व्यापारी वर्ग व प्रबुद्धजनों ने शहर के प्रमुख व्यवसायी अजय अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मतदाताओं का मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के सम्बध में



व्यापारी वर्ग व प्रबुद्धजनों को जानकारी देते हुए कहा कि

मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कुछ दिन शेष रह गए। हम सब सबका नैतिक कर्तव्य है इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस अभियान से वंचित न रह जाये। ऐसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिससे मतदाता सूची विश्वसनीय और पारदर्शी बनती है। इससे फर्जी मतदान पर रोक लगती है और लोकतंत्र की गुणवत्ता मजबूत होती है। साथ ही प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का सही अवसर मिलता है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की नींव है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनः परीक्षण अभियान चल रहा है, सही और निष्पक्ष चुनाव हेतु सही मतदाता सूची होना अति आवश्यक हैं इस दौरान अश्विनी भारद्वाज पूर्व क्षेत्रीय मंत्री , अरविन्द बघेल वरिष्ठ भाजपा नेता व अजय अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन उदय ठाकुर

महानगर उपा ध्यक्ष ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव , जगदीश अग्रवाल जग्गी , दीपक अग्रवाल बॉबी , योगेंद्र सिंह चौहान , प्रमेश बंसल वीटू , अनन्त अग्रवाल , सिद्धार्थ अग्रवाल,प्रशांत गुप्ता , सोहेल अग्रवाल , विवेक अग्रवाल , दिनेश गुप्ता महेन्द्र द्विवेदी , धीरज पाराशर , विशाल मोहन यादव , सतीश प्रजापति , कुशाग्र अग्रवाल , विष्णु तिवारी , धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे!

## कन्नौजः बन विभाग के आला अफसरों ने की जिले में वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौजः अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वृक्षारोपण ललित वर्मा, आईएफएस तथा मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मंडल नरेश कुमार जानू, आईएफएस ने आज कन्नौज वन प्रभाग कार्यालय से कानपुर मंडल में वृक्षारोपण-2026 की तैयारियों एवं पूर्व वर्षों में किए गए वृक्षारोपण की स्थिति की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने जनपद कन्नौज में संचालित विभिन्न वानिकी कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान वन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी वर्षा काल में प्रस्तावित वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु चांदपुर एवं पनगवां ट्रस्ट, चांदपुर स्थित पौधशालाओं का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने पौधशालाओं में स्थानीय मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप प्रजातियों के प्रावधान की सराहना की तथा नर्सरी में संचालित कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने वृक्षारोपण-2026 की प्रभावी तैयारी के लिए अगले 15 दिनों के भीतर सभी प्रस्तावित स्थलों का चयन पूर्ण करने एवं उनके पॉलीगॉन प्लांटेशन मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए, जिससे वृक्षारोपण में किसी भी प्रकार की ओवरलैपिंग न हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने कानपुर मंडल के समस्त जनपदों में माइक्रो प्लान समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, हरित चौपालों के नियमित आयोजन तथा पूर्व वर्षों में किए गए वृक्षारोपण की समुचित देखरेख सुनिश्चित करने के लिए मंडल के सभी प्रभागीय वन अधिकारियों (डीएफओ) को निर्देशित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुनियोजित तैयारी, समन्वय एवं सतत निगरानी के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ हरित आवरण में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो

## कन्नौजः एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। आज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं जनपद के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

मीटिंग में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर चर्चा की गई, जिनमें विशेष रूप से गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों, साइबर अपराध एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने



सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे विवेचना में तेजी लाएं और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने, एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने व चैकिंग करने तथा मुख्य चौराहों तिराहों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिक कैमरे लगवाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि सभी थानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, और विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए। इस क्राइम मीटिंग का मुख्य उद्देश्य जनपद को अपराध मुक्त बनाना और आमजन के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। सैनिक सम्मेलन में जिले के सभी थानों से आए पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों ने अपनी ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की कमी, एवं व्यक्तिगत समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सैनिक सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस बल के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करना और उनके कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाना है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और जनसेवा में उनकी निष्ठा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

# जेवरात लूट के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़, घायल अभियुक्त के कब्जे से लूट के सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। शक्तिनगर पुलिस ने जेवरात लूट के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल, कारतूस और लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड, काली मंदिर के पास हुई लूट की घटना में शामिल अभियुक्त हैलीपैड रोड पर झरना बस्ती के आगे मोड़ पर मौजूद है। सूचना में यह भी बताया गया कि उसके पास अवैध हथियार और लूटे गए जेवरात हैं। इस सूचना पर 20 दिसंबर 2025 को रात करीब 01:10 बजे थाना शक्तिनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस से घिरता देख अभियुक्त ने टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त के पास से एक .32 बोर की पिस्टल, दो खोखा कारतूस और लूटे गए जेवरात बरामद हुए। इन जेवरातों में एक सफेद धातु की सिकड़ी, आठ जोड़ी पायल, एक पीस पायल, 13 पीस तावीज (पांच चौड़े डिजाइन और आठ गोलाकार), एक बच्चे का चुड़िला, नौ बिछिया, चार लॉकेट (सभी सफेद धातु के), एक जोड़ी चार तल्ला झुमका, एक लॉकेट और छह नाक की रिंग (सभी पीली धातु के) शामिल हैं। गिरफ्तार घायल अभियुक्त की पहचान साजन पुत्र राजन (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी बस स्टैंड, काली मंदिर के पास, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए सीएचसी अनपरा भेजा गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। इस बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0- 191/25 में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने लूट की पूरी योजना का खुलासा किया है। आरोपी साजन ने बताया कि इस लूट की योजना रोशन के घर पर बनाई गई थी। इस बैठक में वह, सोनू, रोशन और रोहित मौजूद थे। योजना के अनुसार, रोहित का काम सोनार के दुकान बंद कर घर के लिए निकलते ही फोन पर सूचना देना था। घटना वाले दिन, जब सोनार दुकान बंद कर घर जा रहा था, तभी रास्ते में रोशन और सोनू ने उसे हथियार दिखाकर डराया और जेवरात से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। साजन ने बताया कि लूट में मिले हिस्से में से जो जेवरात उसके पास थे, वे बरामद कर लिए गए हैं। अभियुक्त ने यह भी बताया कि इस घटना के बाद रोशन और सोनू ने उनसे गढ़वा (झारखंड) के नगर उटारी में भी इसी तरह की एक और लूट की योजना बनाने को कहा था। हालांकि, साजन और रोहित उस घटना में शामिल नहीं हुए। रोशन और सोनू ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर 29 नवंबर 2025 को नगर उटारी, जिला गढ़वा में एक सोनार के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी की थी, जिसमें सोनार को गोली लगी थी।

# हिण्डालको के कर्मचारी रवि सिंह ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक, 10 देशों के बीच लहराया तिरंगा

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। रेणुकूट नगर और जिला सोनभद्र के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि हिण्डालको इंड स्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के ब्वायलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत रवि सिंह पुत्र महामाया प्रसाद सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर देश, प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 15वीं इंटरनेशनल ओपन फ्रेंडशिप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 से 20 दिसंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल कवरड हॉल, काठमांडू (नेपाल) में आयोजित हुई। इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका (USA), भारत, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, मालदीव, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), मलेशिया और थाईलैंड सहित कुल 10 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में लगभग 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रवि सिंह ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें नेपाल सरकार के माननीय युवा एवं खेल मंत्रालय के मंत्री द्वारा स्वयं पदक पहनाकर सम्मानित किया गया और बधाई दी गई, जो उनके लिए और भारत के लिए विशेष सम्मान की बात है। रवि सिंह की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से हिण्डालको परिवार, रेणुकूट नगर और पूरे सोनभद्र जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। सहकर्मियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी सफलता का श्रेय रवि सिंह ने अपने माता-पिता, गुरुजनों और अपनी निरंतर मेहनत व अनुशासन को दिया। उन्होंने कहा कि यह पदक न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि उनके शहर रेणुकूट, हिण्डालको कंपनी, उत्तर प्रदेश और भारत देश की उपलब्धि है। रवि सिंह की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत का परचम लहराया जा सकता है।

# ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर चोरी, करीब 3 लाख के आभूषण ले उड़े चोर, लोगों में आक्रोश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र/दुद्धी। नगर पंचायत दुद्धी कस्बे के रामनगर वार्ड नंबर 10 स्थित मुख्य मार्ग पर एक ज्वेलरी शॉप में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। 19/20 दिसंबर की रात/भोर में चोरों ने सीखा अलंकार ज्वेलर्स का शटर तोड़कर करीब बीवी कीतीन लाख रुपये के आभूषण चुरा लिए। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का फायदा उठाकर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। शनिवार सुबह जब मोहल्ले के लोग टहलने निकले, तो उन्होंने ज्वेलरी शॉप का शटर खुला देखा। उन्होंने तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकानदार ने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था और दुकान के न रि को की अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित दुकानदार ने तुरंत डायल 112 और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के साथ दुद्धी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह अपने पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, साक्ष्य जुटाए और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। इस घटना से पूरे कस्बे में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महज एक सप्ताह पहले इसी इलाके में लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक घर का ताला तोड़कर नकदी और लाखों रुपये के गहनों की चोरी हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि जब दुद्धी कस्बे में थाना स्थित था, तब रात में पुलिस वाहन और पैदल गश्त नियमित होती थी। लेकिन, थाना रजखड़ गांव स्थानांतरित होने के बाद रात्रि पैदल गश्त बंद हो गई है, जिसका फायदा उठाकर चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। नगरवासियों का दावा है कि दुद्धी कस्बे में अब तक एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन किसी भी मामले में चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ऐसे में बढ़ती चोरी की घटनाएं और अपराधियों की गिरफ्तारी न होना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# अलाव जलवाने व जरूरतमंदों में कंबल वितरण कराने हेतु समाजसेवी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। शनिवार को स्थानीय तहसील परिसर में सदस्य प्रतिनिधि वार्ड 03, ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी समाजसेवी गोविंद भारद्वाज के नेतृत्व में अत्यधिक ठंड के मद्देनजर क्षेत्र में अलाव रखवाने व जरूरतमंदों में कंबल वितरण कराने हेतु उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र अंतर्गत बारी मस्जिद व सेवा सदन से मां वैष्णो देवी मंदिर और बारी गांव क्षेत्र लगातार ग्राम पंचायत के विकास कार्यों से उपेक्षित रहा है। अत्यधिक ठंड में आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र में लोगों को बेहद कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। और बताया कि यहां आज भी कई ऐसे लोग व परिवार रहते हैं जिनके पास ठंड से बचाव हेतु मोटे कपड़े-जैकेट खरीदने के पैसे नहीं हो पाते, कई लोग किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मांग की गई कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र में कुछ मुख्य स्थानों जैसे सेवा सदन, लंगड़ा मोड़, दाढ़ी होटल, कोल बस्ती, आकाश गंगा होटल, मां वैष्णो देवी मंदिर, खन्ना कैंप, शिक्टहवा तोला, कोल बस्ती, शिव मंदिर बारी गांव, गोरदाह शमशान घाट, आदि स्थानों पर अत्यधिक ठंड को देखते हुए अलाव की लकड़ी गिरवाने व जरूरतमंदों में कंबल वितरण कराएं जाए। इस दौरान समाजसेवी बजरंगी सेठ, अमरजीत, सुशील निषाद व निजाम मौजूद रहे।

# गुरमा जिला जेल मुख्य मार्ग पर घटिया निर्माण, लोक निर्माण विभाग पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

## निर्माण कार्य ने गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही—तीनों की खोलकर रख दी है पोल

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। गुरमा जिला जेल का मुख्य मार्ग—जहां से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, न्यायाधीश समेत जनपद के तमाम आला हुक्मरान रोजाना गुजरते हैं—आज खुद अपने हाल पर रोता नजर आ रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य ने गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही—तीनों की पोल खोलकर रख दी है। सड़क बनते-बनते ही उखड़ने लगी है, जिससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर यह निर्माण है या खुलेआम जनता के पैसों की लूट? स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। मिट्टी युक्त पौन इंच गिट्टी का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। नियमानुसार आवश्यक तारकोल (बिटुमिन) का छिड़काव किए बिना ही भुनी गिट्टी बिछाकर रोलर चला दिया जा रहा है। गड्ढों की मरम्मत के नाम पर सिर्फ पौन इंच गिट्टी डालकर ऊपर से तारकोलिंग गिट्टी फैला दी जा रही है—मानो कागजों में सड़क चमकानी हो, जमीन पर नहीं।लोगों का कहना है कि ऐसी सड़क पहली ही तेज बारिश में बिखरकर बह जाएगी। ऊपर से ओवरलोड वाहनों की आवाजाही इस सड़क को जल्द ही धंसने पर मजबूर कर देगी। चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ और कई स्थानों पर सड़क उखड़नी शुरू हो चुकी है, जिससे घटिया गुणवत्ता की सच्चाई सामने आ गई है।

आरोप है कि यह सब ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। लाखो की लागत से बन रही सड़क में जमकर लूट-खसोट की जा रही है, जबकि विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।न कोई निगरानी,न कोई सख्ती—मानो सब कुछ पहले से तय हो।सवाल यह भी है कि जब अधिकारियों के रोजाना आवागमन वाले मार्ग पर इतनी बड़ी अनियमितताएं की जा रही हैं, तो दूर-दराज के निर्माणाधीन मार्गों का हाल क्या होगा?स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह सड़क नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल है। जनपद के आला अधिकारियों की निगाह इस ओर न जाना भी संदेह पैदा करता है। क्या जिम्मेदारों को सब कुछ दिख नहीं रहा, या फिर सब कुछ दिखते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है?

अब सवाल यह है कि लोक निर्माण विभाग इस पर क्या जवाब देता है। क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह सड़क भी अन्य सड़कों की तरह कुछ ही महीनों में गड्ढों में तब्दील होकर भ्रष्टाचार की कहानी बयां करती रहेगी? जनता जवाब चाहती है, और जिम्मेदारों की चुप्पी खुद बहुत कुछ कह रही है।

# ठंड बढ़ जाने को लेकर तेलगुडवा क्षेत्र में अलाव जलाने को लेकर स्थानीय लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। क्षेत्र में पड़ रही प्रचंड ठंड से परेशान ग्रामीणों ने अलाव जलाए जाने की व्यवस्था कराए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से समस्या समाधान करने की गुहार लगाई है । चोपन विकास खंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत क्षेत्र के तेलगुड़वा चौराहे पर अलाव जलाए जाने की मांग को लेकर माह भर में ग्रामीणों द्वारा शनिवार को दूसरी बार प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण इलाकों में इस कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए अभी तक अलाव की व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर व जिला प्रशासन द्वारा नहीं कराया गया जो चिंताजनक है। अलाव जलाए जाने की मांग कर रहे लोगों ने कहा कि वाराणसी झ्र शक्तिनगर व रांची झरीवा हाईवे को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पर स्थित तेलगुड़वा व हाथीनाला चौराहे से बस व आटो आदि वाहनों से यात्रा करने वाले प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही होती है इसके बावजूद उक्त स्थलों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। ग्रामीण क्षेत्र के कोटा गांव के तेलगुड़वा चौराहे सहित ग्राम पंचायत बेलहत्थी, हाथवानी डाला पीपर ,गरदरवा के गांव के चट्टी चौराहे आदि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीर और स्थानीय लोग ठिठुर रहे हैं। मजबूर होकर लोग टायर, रद्दी कागज और कूड़ा आदि जलाकर खुद ही तापने को विवश हैं। दिहाड़ी मजदूर, आटो चालक और दैनिक कामकाज के लिए निकलने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। रहवासीयों समेत राहगीरों ने तेलगुड़वा चौराहे पर प्रदर्शन कर इस समस्या की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। स्थानीयों ने बताया कि कोटा बाजार, परासपानी, गुरमुरा, हाथीनाला तिराहा और तेलगुड़वा बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। अलाव की कोई व्यवस्था न होने से भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर क्षेत्रीय लेखपाल से अलाव की मांग को लेकर गुहार लगाई गई थी लेकिन सप्ताह बितने को है अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया अगर जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी । हम लोग द्वारा मांग को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल व संबंधित लोगों को सूचित किया जा चुका है लेकिन क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर अभी भी अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया जिसके कारण हम लोग बहुत परेशानियां झेल रहे हैं । इस दौरान सुनिल कुमार,मदन, आर डी पासवान , राजेश कुमार ,मोनू जयसवाल, राजू पासवान, टिंकू जयसवाल, राकेश जयसवाल, नान्हक यादव, छोटे लाल ,आकाश जयसवाल आदि शामिल रहे।

# थाना अनपरा पुलिस ने 1 किलो 655 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-213/2025 धारा 8/20 NDPS Act से सम्बन्धित अभियुक्त अरुन कुमार पुत्र रामजतन, निवासी पूर्वी परासी, वार्ड नं0 07, नेहरू नगर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 44 वर्ष को आज दिनांक 20.12.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# शतचंडी महायज्ञ रामकथा में होगा 101 कन्याओं का विवाह

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। विकास खंड नगवां के वैनी बाजार में खेल मैदान पर 20 जनवरी से हो रहे श्री शतचंडी महायज्ञ और राम कथा की तैयारी को लेकर बैठक किया गया।

इस दौरान आयोजन समिति ने कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक कि अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने किया। उसके पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा कि गयी जिसमें 20 जनवरी को कलश यात्रा रामसरोवर तालाब खलियारी से चलकर वैनी स्थित यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। 21 जनवरी से सुबह सतचंडी महायज्ञ एवं परिक्रमा वहीं 2 बजे से वृंदावन से पधारे कथावाचिका कनक पांडेय द्वारा राम कथा किया जाएगा वहीं रात्रि में मथुरा के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन होगा। यज्ञ की समाप्ति 30 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 101 कन्याओं का विवाह एवं विशाल भंडारे के साथ होगी इस मौके पर समिति के संरक्षक ब्लॉक प्रमुख नगवां आलोक सिंह, पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, मनोज जायसवाल, मुरारी पटेल, रमेश सोनी, देवी सिंह, ओम प्रकाश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, हिरेश दुबे,राजेश चौरसिया, धीरेन्द्र पटेल, श्याम सुंदर, विजय,विजय पटेल, बाबुलाल विश्वकर्मा, संतोष दूबे, संतोष तिवारी, अरुण यादव, बुद्धिराम, मनोज गोड़, अजय पनिका, बमहेश खरवार, महेश पटेल, मुंशी खरवार, अशोक सिंह, महेन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, रोहित यादव,परमानंद सिंह, रमेश सिंह, बंशीधर पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, जोगेंद्र पासवान,बीचंद्रकांत सिंह, कविता, सलिता, दुगार्वाती, रुक्मिणी, श्रवण जायसवाल, रमन सिंह अनिल जायसवाल, विनय पटेल, प्रेमनाथ गुप्ता, सिनोद जायसवाल, अभिषेक सिंह, राजनाथ यादव, रमाकांत पटेल, राजेश प्रजापति, विमलेश, दिलीप, सुदामा,श्याम बहादुर जायसवाल, अनुपम आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने परिषदीय स्कूल के बच्चों को पठन-पाठन सामग्री की भेंट

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

म्योरपुर/ सोनभद्र। शनिवार को विकासखंड परिसर म्योरपुर में परिषदीय विद्यालय म्योरपुर के बच्चों को पठन-पाठन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पेन एवं कॉपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख ने बच्चों को सामग्री भेंट करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और



नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कंपोजित विद्यालय बभनडीहा के प्रधानाध्यापक रजनीश श्रीवास्तव, शानू, जितेंद्र अग्रहरि, कलामुद्दीन, सुंदर सहित ब्लॉक के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक रजनीश श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को बल मिलता है। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और आगे भी बच्चों के हित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# एसपी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया, हिन्दुआरी-सुकृत मार्ग पर 6 वाहन सीज, 50 का चालान

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 20 दिसंबर 2025 को एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान हिन्दुआरी से चौकी सुकृत बॉर्डर तक मुख्य मार्ग पर चला। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इसमें गलत दिशा में चलने वाले, मुख्य मार्ग और सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन, ओवरलोड वाहन और अवैध परिवहन में शामिल वाहन शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अभियान की निगरानी की। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई ढिलाई न बरती जाए और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस कार्रवाई में कुल 6 वाहनों को सीज किया गया और 50 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित और नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए सख्त चेतावनी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज और टीएसआई सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण और अनियमित पार्किंग को भी हटवाया गया, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यातायात नियमों का उल्लंघन कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसे सघन अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज का किया गया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

## सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने पर संधारित अभिलेखों, अभिरक्षा व्यवस्था, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, भोजनालय कक्ष तथा थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्म चारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाए रखने, अभिलेखों के समुचित संधारण, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण तथा जनता के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मिशन शक्ति टीम को निर्देशित किया गया कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु महिलाओं की चौपाल, जन जाग रूकता कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से महिलाओं एवं बालि काओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाए।

साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र पर प्राप्त महिलाओं से संबंधित प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# पटना में संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

## गले पर निशान मिलने से हत्या की आशंका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसापुर इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रूबी खातून (26) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रूबी खातून अपने चार वर्षीय बच्चे के साथ ईसापुर इलाके में किराए के मकान फ्लेट में रहती थी। उसके पति मोहम्मद अफसर हुसैन विदेश में काम करते हैं

गुरुवार की देर रात रूबी खातून के मोबाइल नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पिता मोहम्मद सलाउद्दीन खान को फोन कर बताया कि उनकी बेटी की तबीयत अचानक खराब हो गई है और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है।परिजन जब फुलवारी शरीफ पहुंचे तो पता चला कि रूबी खातून को पटना के राजा बाजार स्थित पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पारस हॉस्पिटल शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में आने के कारण वहां शास्त्री नगर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस के सामने परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव को लेकर फुलवारी शरीफ स्थित ईसापुर आ गए। इसके बाद किसी व्यक्ति द्वारा फुलवारी शरीफ थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। जांच के दौरान महिला के गले पर संदिग्ध निशान पाए गए, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ।फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि महिला की मौत संदिग्ध हालात में हुई है और गले पर निशान मिलने के कारण हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्थिति स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम आवश्यक है। पुलिस द्वारा समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हो गए। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# पटना में पुलिस टीम पर हुए हमला के दौरान सात पुलिसकर्मी घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल में शनिवार को लापता युवक की शव मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस घटना में सालिमपुर थानाध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पुलिस के वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। मामला सालिमपुर थाना क्षेत्र का है, जहां बीते दो दिनों से लापता एक युवक का शव गंगा नदी से बरामद होने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया, हालांकि फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, लखीपुर निवासी कन्हैया शर्मा बीते 16 दिसंबर से लापता थे। परिजन शुरू से ही उनके अपहरण कर हत्या किए जाने की आशंका जता रहे थे। शनिवार को जब पुलिस ने कन्हैया शर्मा का शव गंगा नदी से बरामद किया, तो यह खबर इलाके में आग की तरह फैल गई। शव मिलने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठाने लगे। परिजनों का कहना है कि कन्हैया शर्मा के लापता होने के बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी। उनका आरोप है कि शुरूआत में पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और लापरवाही बरती गई। परिजनों के मुताबिक, यदि समय रहते सख्त कार्रवाई होती तो शायद कन्हैया शर्मा की जान बचाई जा सकती थी। इसी आरोप को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती चली गई। बताया गया है कि 16 दिसंबर की शाम कन्हैया शर्मा अपने भाई के साथ रामनगर दियारा इलाके में खेत देखने गए थे। इसी दौरान हथियारबंद कुछ लोग वहां पहुंचे और जबरन कन्हैया शर्मा को अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद परिजनों की शिकायत पर सालिमपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर में कुल 14 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया



है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। शनिवार को जैसे ही कन्हैया शर्मा का शव गंगा से बरामद होने की खबर सामने आई, ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोग बड़ी संख्या में जमा होकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। देखते ही देखते हंगामा बढ़ता गया और हालात हिंसक हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया और मौके पर मौजूद पुलिस वाहनों में भी तोड़फोड़ शुरू कर दी। ग्रामीणों के हमले में सालिमपुर थानाध्यक्ष समेत कुल सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में अनंत कुमार, मनोज कुमार, सतीश चंद्र, राजेश गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि सभी की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद सालिमपुर थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल बन गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। एसडीपीओ-2 आयुष श्रीवास्तव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कन्हैया शर्मा हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक इस मामले में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों से न केवल हत्या के मामले में पूछताछ की जा रही है, बल्कि पुलिस टीम पर हुए हमले और तोड़फोड़ की घटना को लेकर भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हंगामे के दौरान किन लोगों ने पुलिसकर्मियों

# नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए संघर्ष जारी बैठक में लिए गए कई निर्णय

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) शनिवार को नबीनगर के मारवाड़ी धर्मशाला में अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति नबीनगर की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संतन सिंह ने की और संचालन सचिव शंकर प्रसाद ने किया।जानकारी देते हुए सचिव ने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए गए।लिए गए निर्णय के अनुसार अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल 21 दिसंबर को पूर्व सांसद आनंद मोहन से मिलकर नवीनगर को अनुमंडल बनने की पात्रता एवं अहर्ता को एक लिखित प्रतिवेदन समर्पित करेगा । बैठक मे नबीनगर के नवनिर्वाचित विधायक



चेतन आनंद का नागरिक अभिनंदन भी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल बनाओ संगठन में एक संयोजक का पद सृजित किया गया और अगली बैठक में इस पद पर सर्वसम्मति से एक योग्य व्यक्ति का चयन करने का निर्णय लिया गया।वहीं अगली बैठक विधायक के समयानुसार निर्धारित करने की निर्णय लिया गया। मौके पर ललन सिंह, चंदन कुमार, सरजु सिंह, राजेन्द्र सिंह, रवींद्र पाण्डेय, दिवाकर चन्द्रवंशी, अरविन्द कुमार तिवारी, दरगाही साव, धनंजय पांडेय, श्रीराम पाण्डेय, बिनय कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद सोनी, अनिल कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, सुजीत कुमार, गुलाम मोहम्मद सहित अन्य मौजूद थे

# सरकारी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक, भू माफियाओं पर नकेल की तैयारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री और निजी हस्तांतरण पर अब पूरी तरह से लगाम लगाने की तैयारी कर ली गई है। नीतीश कुमार सरकार ने एक बड़ा और अहम फैसला लेते हुए राज्य भर में सरकारी भूमि की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह निर्णय भू-माफियाओं के बढ़ते नेटवर्क और सरकारी जमीन के अवैध हस्तांतरण के मामलों को देखते हुए लिया गया है। सरकार ने साफ संकेत दिया है कि अब सरकारी जमीन से जुड़े किसी भी प्रकार के गड़बड़झाले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकारी भूमि के अवैध निजी हस्तांतरण, दाखिल-खारिज और जमाबंदी सृजन जैसे मामलों पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव द्वारा जारी पत्र



में यह स्पष्ट किया गया है कि हाल के वर्षों में राज्य के विभिन्न जिलों से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें सरकारी भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम अवैध रूप से दर्ज कर दिया गया। कई मामलों में क्षेत्रीय राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर अवैध जमाबंदी बना दी गई और फिर उसकी खरीद-बिक्री कर दी गई। सरकार ने इसे न केवल नियमों के विरुद्ध बल्कि पूरी तरह अनैतिक और जनहित के खिलाफ बताया है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सरकारी जमीन आम जनता की संपत्ति होती है, जिसका उपयोग जनकल्याण के कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। ऐसे में उसका निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग राज्य के संसाधनों पर सीधा हमला है। सरकार की समीक्षा में यह भी सामने आया है कि सिर्फ सामान्य सरकारी भूमि ही नहीं, बल्कि सुयोग्य श्रेणी के वासभूमिहीन परिवारों और व्यक्तियों को आवंटित की गई जमीन की भी अवैध खरीद-बिक्री की गई है। इसमें गैर मजरूआ खास, गैर मजरूआ आम, भूमि सीलिंग की अधिशेष जमीन और बिहार विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्ति वासभूमि अभिघृति अधिनियम, 1947 के तहत आवंटित भूमि शामिल है। इन जमीनों का उद्देश्य गरीब और भूमिहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराना था, लेकिन भू-माफियाओं और कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से इनका भी निजी हस्तांतरण कर दिया गया। सरकार ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए तत्काल रोक लगाने का निर्णय लिया है। सरकारी जमीन के दुरुपयोग को रोकने के लिए मुख्य सचिव ने पांच अहम निर्देश जारी किए हैं, जिन्हें हर हाल में लागू करने को कहा गया है। निदेशों के अनुसार अब किसी भी प्रकार की सरकारी भूमि का हस्तांतरण या आवंटन बिना राज्य सरकार की अनुमति के किसी व्यक्ति, संस्था या संगठन को नहीं किया जाएगा। मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के बाद ही सरकारी जमीन के हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी। इसके अलावा राजस्व पदाधिकारियों के स्तर पर जो मामले लंबित या विचाराधीन हैं, उनमें अब एक स्तर ऊपर के अधिकारी की स्वीकृति अनिवार्य होगी। यानी अंचल स्तर पर लंबित मामलों के लिए जिलाधिकारी या प्रमंडलीय आयुक्त की मंजूरी जरूरी होगी। इससे मनमाने फैसलों और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की कोशिश की जाएगी। हालांकि यह भी स्पष्ट किया गया है कि उच्चतम न्यायालय और पटना उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए निर्णयों और आदेशों पर यह प्रक्रिया लागू नहीं होगी। राज्य सरकार द्वारा लैंड बैंक सृजन की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे जिला स्तर पर लैंड बैंक पोर्टल का निर्माण करें, जिससे उद्योगों और विकास परियोजनाओं के लिए भूमि की पारदर्शी और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अपने पत्र में यह भी साफ किया है कि यदि किसी सरकारी सेवक की संलिप्तता सरकारी भूमि के अवैध हस्तांतरण में पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसमें विभागीय कार्रवाई, निलंबन और जरूरत पड़ने पर आपराधिक मुकदमा भी शामिल है। सरकार का कहना है कि सिर्फ भू-माफिया ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने आम लोगों से कहा है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री से पहले संबंधित अभिलेखों की अच्छी तरह जांच कर ले और संदेह की स्थिति में प्रशासन को सूचना दे। सरकार का उद्देश्य है कि सरकारी भूमि की रक्षा हो और उसका उपयोग सही उद्देश्य के लिए किया जाए। नीतीश सरकार का यह फैसला भू-माफियाओं पर नकेल कसने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# पटना में उपहार लेकर फंस गए थानेदार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम थाने में आयोजित थानेदार की बिदाई समारोह में बालू तथा शराब माफिया से थानाध्यक्ष को उपहार लेना बहुत महंगा पड़ गया। इस मामले में थानेदार विनोद कुमार पर बालू और शराब माफियाओं से विदाई समारोह में उपहार लेने का आरोप लगा है। इसके बाद अब जांच में उन्हें दोषी पाया गया। जिसको लेकर अब इनके ऊपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर एक लेख के माध्यम से यह जानकारी सामने आई थी कि तत्कालीन बिक्रम थानाध्यक्ष, विनोद कुमार ने अपने विदाई समारोह के दौरान शराब माफिया, बालू माफिया और अन्य अपराध से अर्जित संपत्ति जब्ती हेतु भेजे गए प्रस्ताव से संबंधित व्यक्तियों से उपहार (गिफ्ट) प्राप्त किए हैं। इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) यानी सिटी एसपी



(पश्चिमी) पटना ने स्वतः संज्ञान लिया और मामले की विस्तृत जाँच का आदेश दिया। जाँच 24 घंटे के भीतर पूरी की गई और प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष विनोद कुमार दोषी पाए गए हैं। जाँच के दौरान सामने आया कि उन्होंने बिहार सरकार सेवक नियमावली का उल्लंघन किया। इस नियम के तहत किसी भी सरकारी अधिकारी को उपहार स्वीकार करने के लिए निर्धारित प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होता है। विनोद कुमार द्वारा विदाई समारोह में प्राप्त उपहारों की उचित स्वीकृति नहीं ली गई, जिससे यह नियम का उल्लंघन माना गया। इसके अलावा, बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली के अनुसार थानाध्यक्ष जैसे पद पर नियुक्त व्यक्ति को विदाई समारोह आयोजित करने के लिए सरकार की पूर्व स्वीकृति लेना आवश्यक है। जाँच में यह भी पाया गया कि विनोद कुमार ने बिना किसी पूर्व अनुमति के यह समारोह आयोजित किया जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

# प्रधानमंत्री ने विकसित भारत-जी राम जी विधेयक को रेखांकित करने वाला एक लेख साझा किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का एक लेख साझा किया है, जिसमें विकसित भारत-जी राम जी विधेयक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया है। लेख में बताया गया है कि विकसित भारत-जी राम जी विधेयक रोजगार गारंटी को बढ़ाकर, स्थानीय नियोजन को लागू करके, श्रमिक सुरक्षा एवं कृषि उत्पादकता के बीच संतुलन बनाकर, योजनाओं को एकीकृत करके, अग्रिम पंक्ति की क्षमता को मजबूत कर शासन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करके ग्रामीण आजीविका में परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखता है। लेख में यह भी कहा गया है कि यह विधेयक सामाजिक



PMO India
@PMOIndia · Follow

In this must-read article, Union Minister Shri @ChouhanShivraj explains how the Viksit Bharat G RAM G Bill aims to transform rural livelihoods by enhancing the employment guarantee, embedding local planning, balancing worker security with farm productivity, converging schemes, Show more

Shivraj Singh Chouhan @ChouhanShivraj
The new job law expands guaranteed work and modernises enforcement. My take in the @IndianExpress.

New job law is not a retreat from social protection. It aims to reform

सुरक्षा से पीछे हटना नहीं बल्कि उसका नवीनीकरण है।

केंद्रीय मंत्री के लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मोदी ने कहा, इस अत्यंत महत्वपूर्ण लेख में, केंद्रीय मंत्री श्री @ChouhanShivraj ने समझाया है कि विकसित भारत-जी राम जी विधेयक रोजगार गारंटी को बढ़ाकर, स्थानीय नियोजन को लागू करके, श्रमिक सुरक्षा और कृषि उत्पादकता के बीच संतुलन बनाकर, योजनाओं को एकीकृत करके, अग्रिम पंक्ति की क्षमता को मजबूत कर शासन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करके ग्रामीण आजीविका में परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि यह विधेयक सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं, बल्कि उसका नवीनीकरण है।

# कुटुंबा से 5 लोग गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना अंतर्गत ग्राम चनकप में धान की चोरी करते हुए एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




पकड़े गए अभियुक्त थाना क्षेत्र के चनकप गांव निवासी इंदल मेहता का पुत्र श्यामलाल मेहता है।वही समकालीन अभियान के तहत चार अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों मे बिनोद पासवान, शत्रधु न पासवान, महेंद्र पासवान और लखन पासवान शामिल हैं। ये सभी ग्राम पिपरा ढिबर, थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद के निवासी हैं । थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान दो घायल, रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम थानांतर्गत असपुरा दनारा मोड़ के नजदीक अन्यंत्रित ट्रेक्टर के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत अख्तियारपुर निवासी श्याम किशोर सिंह के पुत्र बिटटू कुमार अपने साथी बेनीबीघा निवासी उमाकांत शर्मा के पुत्र सूरज कुमार के साथ




मोटरसाइकिल से अख्तियारपुर की ओर से बिक्रम बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में असपुरा में अन्यंत्रित ट्रैक्टर के टक्कर से दोनो बुरी तरह से घायल हो गया। वही टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर दनारा की ओर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को घायल अवस्था मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रम लाया। जहां से घायलों की गम्भीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पटना एम्स रेफर किया गया।

# प्रधानमंत्री 20-21 दिसंबर को असम का दौरा करेंगे

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20-21 दिसंबर को असम की यात्रा पर रहेंगे। 20 दिसंबर को दोपहर लगभग 3 बजे प्रधानमंत्री गुवाहाटी पहुंचकर लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण और इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

21 दिसंबर को सुबह लगभग 9:45 बजे, प्रधानमंत्री गुवाहाटी के बोरागांव स्थित शहीद स्मारक क्षेत्र में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद, वे असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप जाएंगे, जहां वे असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की अमोनिया-यूरिया परियोजना के लिए भूमि पूजन करेंगे। वे इस अवसर पर एक सभा को संबोधित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जो असम की कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और वैश्विक जुड़ाव में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा।

लगभग 1.4 लाख वर्ग मीटर में विस्तारित नवनिर्मित एकीकृत नया टर्मिनल भवन, रनवे, एयरफील्ड सिस्टम, एप्रन और टैक्सीवे में किए गए बड़े उन्नयन के समर्थन से, प्रति वर्ष 1.3 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता के साथ तैयार किया गया है। भारत का पहला प्रकृति-विषय से जुड़ा यह हवाई अड्डा टर्मिनल, असम की जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है, जिसका विषय "बांस के उद्यान" है। टर्मिनल में पूर्वोत्तर से प्राप्त लगभग 140 मीट्रिक टन बांस का अभूतपूर्व उपयोग किया गया है, जो काजीरंगा से प्रेरित हरे-भरे परिदृश्य, जापी आकृतियां, प्रतिष्ठित गैंडे का प्रतीक और कोपो फूल को प्रतिबिंबित करने वाले 57 बाग-विषय वाले स्तंभों से पूरित है। एक अनूठा "आकाश वन", जिसमें लगभग एक लाख स्थानीय प्रजातियों के पौधे हैं और यह यहां आने वाले यात्रियों को वन जैसा अनुभव प्रदान करता है।

यह टर्मिनल यात्रियों की सुविधा और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता है। तेज और सहज सुरक्षा जांच के लिए फुल-बॉडी स्कैनर, डिजियात्रा-सक्षम संपर्क रहित यात्रा, स्वचालित सामान प्रबंधन, त्वरित आव्रजन और एआई-संचालित हवाई अड्डा संचालन जैसी सुविधाएं निर्बाध, सुरक्षित और कुशल यात्रा सुनिश्चित करती हैं। प्रधानमंत्री ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद स्मारक क्षेत्र का दौरा करेंगे। यह छह साल तक चला एक जन-आंदोलन था, जो विदेशी-मुक्त असम और राज्य की पहचान की सुरक्षा के सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना।

बाद में दिन में, प्रधानमंत्री असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के वर्तमान परिसर के भीतर स्थित नई ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे।

# सुदृढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था: ग्रामीण जीवन की सुरक्षा की पहली कड़ी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

स्वास्थ्य सुविधा किसी भी समाज के लिए केवल बीमारी के समय उपचार का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह जीवन की निरंतर सुरक्षा, गरिमा और भविष्य की नींव होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच, नियमित देखभाल और निःशुल्क उपचार की उपलब्धता न केवल रोगों को नियंत्रित करती है, बल्कि परिवारों को आर्थिक और मानसिक संकट से भी बचाती है। बिहार सरकार की मंशा है कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक परिवार और प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे, जिससे कोई भी नागरिक इलाज के अभाव में पीड़ित न हो।

**गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान: बढ़ते खतरे पर नियंत्रण**

गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इन रोगों की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि प्रारंभिक अवस्था में इनके लक्षण स्पष्ट नहीं होते। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और पुनः जांच अत्यंत आवश्यक हो जाती है। समय पर पहचान से न केवल गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव है, बल्कि व्यक्ति सामान्य जीवन भी जी सकता है। स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध निःशुल्क जांच सुविधा ग्रामीण जनजीवन के लिए एक बड़ी राहत है।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य: सुरक्षित भविष्य की बुनियाद**



महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मीन ने बताया कि गर्भावस्था के समय महिला का समय पर पंजीकरण, नियमित जांच और चार अनिवार्य प्रसव पूर्व परीक्षण मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सुरक्षित मातृत्व सेवाओं के माध्यम से जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान पहले ही हो जाती है। वहीं जन्म के बाद शिशु की गृह आधारित देखभाल से नवजात के स्वास्थ्य पर निरंतर नजर रखी जाती है, जिससे प्रारंभिक दिनों में होने वाली जटिलताओं को रोका जा सकता है।बचपन में पूर्ण टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करता है। नियमित टीकाकरण सर्वे के माध्यम से छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर टीका दिया जाना आवश्यक है। साथ ही रोग निगरानी व्यवस्था के जरिए संक्रामक रोगों की सूचना समय रहते मिलने से किसी भी संभावित महामारी को फैलने से पहले ही नियंत्रित किया जा सकता है।

**टेलीमेडिसिन और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र: गांव में ही विशेषज्ञ सलाह**

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि दूरदराज क्षेत्रों के लिए टेलीमेडिसिन सेवा किसी वरदान से कम नहीं है। इसके माध्यम से ग्रामीण मरीज विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों पर बाह्य रोगी सेवाएं, दवा वितरण और परामर्श जैसी सुविधाएं ग्रामीण जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और भरोसेमंद बनाती हैं।

क्षय रोग मुक्त पंचायत और व्यवहार परिवर्तन: स्वस्थ समाज की दिशा में पहल

ठाकुरगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखलाकुर रहमान ने बताया कि क्षय रोग मुक्त पंचायत की अवधारणा केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज की दिशा में सामूहिक संकल्प है। समय पर जांच, पूर्ण उपचार और समुदाय की सहभागिता से इस रोग को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। वहीं व्यवहार परिवर्तन आधारित स्वास्थ्य कार्यक्रम लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।इन्हीं सभी स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थिति पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

**सशक्त स्वास्थ्य व्यवस्था से ही सशक्त समाज**

सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने कहा कि जब प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होती हैं, तभी समाज स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनता है। सरकार, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय के साझा प्रयास से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना ही सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की कुंजी

# सामाजिक कुरीति निवारण एवं बाल विवाह मुक्त झारखण्ड विषय पर अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**



आज दिनांक 20.12.2025 को सामाजिक कुरीति निवारण योजना, राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, बाल विवाह मुक्त झारखण्ड एवं मिशन शक्ति योजना से संबंधित अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, हजारीबाग में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद मेहता एवं उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में झारखण्ड महिला विकास समिति की राज्य नोडल पदाधिकारी सुजाता कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देव प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी-सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) श्रीमती सुनीता कुमारी, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक कुमार दिव्य दीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा पौधा भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह उन्मूलन हेतु केंद्र सरकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विवाह के लिए बालिकाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं बालकों की 21 वर्ष निर्धारित है, इससे कम उम्र में विवाह कराना कानूनन अपराध है। बाल विवाह की सूचना टोल फ्री नंबर 1098 पर देने की अपील की गई।

उन्होंने डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करने पर तीन माह तक का कारावास, एक हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं–चिकित्सीय सुविधा, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श एवं अल्पावधि आश्रय–की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना, सामूहिक विवाह कार्यक्रम, सामूहिक अंतिम संस्कार योजना एवं दिव्यांग कल्याणार्थ योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है। इसके लिए दोषियों पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना एवं दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। उन्होंने महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा एवं अमानवीय कृत्यों को समाज के लिए घातक बताया। उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव ने पंचायत से राज्य स्तर तक सामूहिक जागरूकता के माध्यम से बाल विवाह मुक्त झारखण्ड बनाने का आह्वान किया।

राज्य नोडल पदाधिकारी सुजाता कुमारी एवं रिसोर्स पर्सन श्री विक्रम कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त झारखण्ड की शपथ दिलाई गई। धन्यवाद ज्ञापन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा किया गया। मंच संचालन महिला पर्यवेक्षिकाएं माधवी कुमारी एवं अनविता सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मुखियागण, जिला परियोजना सहयोगी आदित्य कुमार, यूनिसेफ के जिला समन्वयक अश्लेश श्रीवास्तव, समर के क्षेत्रीय प्रबंधक रंजीत कुमार, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस सदस्य, जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# शीतलहर और घने कोहरे में सतर्कता जरूरी, बच्चों व चिर रोगियों को घर में रहने की सलाह

## डॉ. आरसी प्रसाद मेहता ने जारी की स्वास्थ्य एडवाइजरी, स्कूल समय में बदलाव पर भी दिया जोर

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**



बढ़ती ठंड, शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मेहता हॉस्पिटल के निदेशक एवं कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. आरसी प्रसाद मेहता ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और डायबिटीज, हृदय, किडनी व अस्थमा जैसी चिर रोगों से ग्रसित लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

उन्होंने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर जाएं और गर्म कपड़े, स्वेटर, कोट, दस्ताने व टोपी पहनकर निकलें। साथ ही गर्म पानी और गर्म तरल पदार्थ का अधिक सेवन करें। छोटे स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉ. मेहता ने सरकारी एवं निजी स्कूल संचालकों से कोहरे के दौरान स्कूल समय में बदलाव या आवश्यकता पड़ने पर स्कूल बंद रखने की अपील की, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

डॉ. आर सी प्रसाद मेहता ने कहा कि ठंड के मौसम में फ्रिज में रखे खाद्य पदार्थों से परहेज करें और हृदय रोगी नियमित रूप से ब्लड प्रेशर, पल्स और ब्लड शुगर की जांच कराते रहें। उन्होंने चेतावनी दी कि सर्दी में हीटर, अंगीठी या बोरसी का उपयोग बंद कमरे में सोते समय न करें, क्योंकि इससे ऑक्सीजन की कमी और कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ने से दुर्घटना या जान का खतरा हो सकता है।

खान-पान को लेकर उन्होंने बताया कि शाकाहारी लोग पनीर, मटर व हरी सब्जियों का सेवन करें, जबकि मांसाहारी व्यक्ति सामर्थ्य अनुसार अंडा, मांस और मछली का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने पर जोर देते हुए कहा कि सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही धूम्रपान और मदिरापान से दूर रहने की सलाह दी। वाहन चालकों को सतर्क करते हुए डॉ. आर सी प्रसाद मेहता ने कहा कि कोहरे के समय वाहन की लाइट जलाकर धीमी गति से चलें और चारों ओर देखकर सुरक्षित ड्राइविंग करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# पदमा में सड़क हादसा, बाइक सवार सहित दो लोग घायल

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा- ओपी क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी मोड़ के पास शनिवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना हुई। धान लदे ट्रक को पीछे से आ रही एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल




ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक और उस पर सवार व्यक्ति घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पदमा ओपी के अवर निरीक्षक राजेश हाजरा मौके पर पहुंचे और पुलिस वाहन से दोनों घायलों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, धान से भरा ट्रक पदमा से हजारीबाग की ओर जा रहा था, जबकि मोटरसाइकिल हजारीबाग से पदमा की दिशा में आ रही थी। इसी दौरान इटखोरी मोड़ के समीप यह हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घाघीडीह में वर्षों पुरानी सड़क मांग पूरी 24 लाख की लागत से बनेगी सड़क, विधायक संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण 20.12.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पोटका प्रखंड अंतर्गत घाघीडीह जेल से टीआरएफ कॉलोनी होते हुए बस्ती तक वर्षों से लंबित पीसीसी सड़क निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। पोटका विधायक संजीव सरदार के अथक प्रयासों से इस सड़क को स्वीकृति मिली और शनिवार को विधायक द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए शिलान्यास किया गया।

**स्थानीय जनता को मिलेगा सीधा लाभ**

इस पीसीसी सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से उनकी प्रमुख मांग रही थी, जो अब धरातल पर उतरती दिख रही है।

जनता ने जिस भरोसे के साथ हमें चुना है, उस भरोसे को निभाना हमारी जिम्मेदारी : संजीव सरदार

**विधायक संजीव सरदार ने कहा**

ह्लघाघीडीह क्षेत्र के लोगों की यह सड़क वर्षों पुरानी मांग थी। जनता ने जिस भरोसे के साथ हमें चुना है, उस भरोसे को निभाना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी प्राथमिकता है कि हर बस्ती तक पक्की सड़क, बेहतर सुविधा और विकास पहुँचे। हेमंत सोरेन की सरकार में जनहित के काम तेजी से जमीन पर उतर रहे हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**24 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण**

सड़क निर्माण कार्य की कुल लागत 24 लाख रुपये निर्धारित की गई है। शिलान्यास के अवसर पर झामुमो जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के जगत मार्डी, मनोज नाहा, सण्टु कर्मकार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बरई स्कूल में किया निरीक्षण

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के नावाडीह प्रखण्ड स्थित ऊपरघाट के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरई में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। मध्य विद्यालय बरई में उन्होंने पोषाहार में खाना पकाने वाली को ठंड को देखते हुए कंबल दे कर ठंड से बचने की सलाह दिए। विद्यालय में 202 छात्र-छात्राएं में 198 की उपस्थित पायी जाने से प्रधानाध्यापक गोस्वामी का सराहनीय प्रयास और बेहतर शिक्षा के लिए तारीफ किए। जबकि वर्ग सप्तम और आठवीं की बच्चों को परीक्षा पत्र में उतर देने और लिखने का सरल उपाय भी बताए जिससे बच्चों को अच्छे मार्क्स प्राप्त होगा। मौके मैं सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने मौखिक रूप से विद्यालय से दो शिक्षक का सहायक शिक्षक में चयन हो जाने से बच्चों को पठन - पाठन में दिक्कत हो रही है इसकी चर्चा प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी से किया । जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का निदान किया जाएगा । वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बरई के शिक्षक गोस्वामी जी का पोषाहार और बच्चों का अनुशासन सराहनीय है। नावाडीह प्रखण्ड के हर विद्यालय के शिक्षक इसी तरह का अनुशासन बच्चों और शिक्षक में बनाए रखे जिसे बच्चों को प्रश्न पूछने में आशानि होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल में लग रहे फाइबर ब्लॉक से स्कूल की सुंदरता बढ़ेगी। वही विद्यालय का हर रिकार्ड विद्यालय में शत प्रतिशत सही पाया गया। मौके पर उपमुखिया जागेश्वर महतो, गावस्कर , नरेश सिंह,नागेश्वर कुमार, चंचला कुमारी, पूजा कुमारी, जलेश्वर महतो, जितेंद्र महतो सहित आदि लोग उपस्थित थे।

# मोटापे का इलाज शॉर्टकट से नहीं किया जा सकता; भ्रामक सूचनाओं पर अंकुश लगाएं, वजन घटाने वाली दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग करें: डॉ. जितेंद्र सिंह

**समाज जागरण**




विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि वर्तमान में उपलब्ध वजन घटाने वाली या मोटापा कम करने वाली दवाओं का उपयोग बहुत ही विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

मंत्री जी, जो स्वयं एक प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ और चिकित्सा के प्रोफेसर हैं, उन्होंने कहा कि मोटापा एक जटिल, दीर्घकालिक और बार-बार होने वाला विकार है, न कि केवल एक सौंदर्य संबंधी या जीवनशैली से जुड़ी चिंता। उन्होंने भारत की सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक के रूप में उभरी इस समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समग्र समाज के दृष्टिकोण का आह्वान किया।

डॉ. क्यौंग कोन किम, डॉ. वोल्कान युमुक, डॉ. महेंद्र नरवारिया, डॉ. बीएम मक्कर, डॉ. बंशी साबू और अन्य सहित क्षेत्र के कुछ प्रमुख विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित दो दिवसीय "एशिया ओशिनिया कॉनफ्रेंस ऑन ऑबेसिटी" (एओसीओ) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि डॉक्टरों, शोधकताओं, नीति निमार्ताओं और अन्य हितधारकों का एक मंच पर एकत्रित होना ही भारत में मोटापे की महामारी की बढ़ती गंभीरता को दशार्ता है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अर्थशास्त्र इतना गंभीर विषय है कि इसे केवल एक अर्थशास्त्री के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, उसी प्रकार मोटापा भी इतना गंभीर विषय है कि इसे केवल एक चिकित्सक या महामारी विज्ञानी के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि इसकी गहरी सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जड़ें हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में गैर-संक्रामक रोगों में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है जो किसी न किसी रूप में मोटापे से जुड़े हैं और इनका कुल मृत्यु दर में लगभग 63 प्रतिशत का योगदान है। उन्होंने बताया कि टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी स्थितियां मोटापे से जुड़ी हैं, जिनमें केंद्रीय या आंतरिक मोटापा भी शामिल है, जो विशेष रूप से भारतीयों में प्रचलित है और शरीर के कुल वजन से परे भी स्वतंत्र स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि भारतीय संदर्भ में किसी प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय मंचों से बार-बार मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में बोलना अभूतपूर्व है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खान-पान की आदतों और दैनिक दिनचर्या में छोटे, निरंतर बदलावों पर प्रधानमंत्री का बल मोटापे को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में स्पष्ट रूप से मान्यता देता है। यह फिट इंडिया, खेलो इंडिया जैसी पहलों और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2014 से स्वास्थ्य राष्ट्रीय नीति निर्माण के केंद्र में आ गया है और सरकार रोकथाम, किफायती और शीघ्र जांच पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने आयुष्मान भारत, व्यापक जांच कार्यक्रमों और स्वदेशी टीकों के विकास सहित निवारक स्वास्थ्य देखभाल में भारत के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व को इस बदलाव के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को एकीकृत करने पर सरकार के जोर का भी उल्लेख किया।

मंत्री जी ने मोटापे की रोकथाम से जुड़े बढ़ते व्यवसायीकरण और भ्रामक सूचनाओं के प्रति आगाह किया और चेतावनी दी कि अवैज्ञानिक दावे और तथाकथित त्वरित समाधान अक्सर लोगों को गुमराह करते हैं और उन्हें प्रमाण-आधारित देखभाल से दूर करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल औपचारिक अनुमोदन ही नैदानिक अभ्यास में पूरी सच्चाई नहीं बताते, और याद दिलाया कि कैसे पूर्व के दशकों में रिफाइंड तेलों के व्यापक उपयोग से अनपेक्षित दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणाम सामने आए। जनहित की रक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने मिथकों और गलत सूचनाओं का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से आधुनिक मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के जिम्मेदार उपयोग के माध्यम से निरंतर प्रयासों का आह्वान किया।

युवा पीढ़ी तक पहुंचने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जन जागरूकता को चिकित्सा सम्मेलनों और विशेषज्ञ चचाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा, "हमें न केवल जानकार लोगों से बात करनी चाहिए, बल्कि उन लोगों से भी बात करनी चाहिए जो यह नहीं जानते कि वे नहीं जानते।" उन्होंने आगे कहा कि 2047 तक एक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भारत के युवाओं के स्वास्थ्य और ऊर्जा की रक्षा करना आवश्यक है इस कार्यक्रम के दौरान, मंत्री ने एआईएएआरओ मोटापा रजिस्ट्री का भी शुभारंभ किया जो व्यवस्थित डेटा संग्रह, प्रमाण-आधारित अंतर्दृष्टि और दीर्घकालिक नीतिगत समर्थन के माध्यम से भारत के मोटापा अनुसंधान तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है।

दो दिवसीय एशिया ओशिनिया कॉनफ्रेंस ऑन ऑबेसिटी (एओसीओ) एशिया और ओशिनिया में मोटापा संबंधी समाजों का प्रतिनिधित्व करने वाली क्षेत्रीय संस्था, एशिया ओशिनिया एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ ऑबेसिटी (एओएएसओ) का प्रमुख सम्मेलन है। भारत में, यह सम्मेलन ऑल इंडिया एसोसिएशन फॉर एडवांसिंग रिसर्च इन ऑबेसिटी (एआईएएआरओ), जो राष्ट्रीय मोटापा समाज और एओएएसओ का सदस्य है, द्वारा एओएएसओ के सहयोग से और आईएईपीईएन इंडिया और ओएसएसआई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके, अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देकर और मोटापे के प्रमाण-आधारित प्रबंधन को मजबूत करके चिकित्सकों, शोधकताओं और नीति निमार्ताओं को सशक्त बनाना है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, एओसीओ मोटापे को न केवल एक चिकित्सीय बल्कि एक सामाजिक चुनौती का समाधान करना चाहता है जिसके लिए समन्वित कार्रवाई, निरंतर जागरूकता और सूचित सार्वजनिक भागीदारी की आवश्यकता है।

# वीर बाल दिवस के भव्य आयोजन को लेकर झारखंड भाजपा की प्रदेश स्तरीय टीम गठित

**समाज जागरण 20.12.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अमर बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर बाल दिवस के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश ने प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया है। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह को दायित्व सौंपा गया है, जबकि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी और रांची महानगर के पूर्व उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह बेदी को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में, झारखंड भाजपा ने निर्णय लिया है कि 26 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों से लेकर मंडल स्तर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलों में प्रभात फेरी, क्विज प्रतियोगिताएं और बौद्धिक संगोष्ठियां होंगी, वहीं मंडल स्तर पर गठित टीमें कार्यक्रमों के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता इन आयोजनों में सक्रिय सहभागिता करेंगे। वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं गुरुद्वारा जाकर मत्था टेकेंगे और बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह के अप्रतिम बलिदान को स्मरण कर राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर वे साहिबजादों की वीरगाथा से देश को अवगत कराते हुए एकता, साहस और राष्ट्रधर्म का संदेश भी देंगे।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 में प्रारंभ किए गए वीर बाल दिवस का उद्देश्य साहिबजादों के अद्वितीय त्याग, शौर्य और धर्मनिष्ठा की गाथा को देश के प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय ने राष्ट्र को अपने वीर सपूतों के बलिदान से जोड़ने का कार्य किया है और नई पीढ़ी को कर्तव्यबोध, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा दी है। कहा कि भाजपा का संकल्प है कि वीर बाल दिवस के माध्यम से साहिबजादों के त्याग और शौर्य की प्रेरक गाथा प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचे जिससे हमारी युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस का यह सप्ताह सिख समाज के लिए 'शहीदी सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान सिख समाज के लोग किसी भी प्रकार के शुभ कार्य, उत्सव या हर्षोल्लास के आयोजन नहीं करते, बल्कि साहिबजादों के अमर बलिदान का स्मरण करते हुए श्रद्धा, संयम और आत्मचिंतन के साथ उन्हें नमन करते हैं।

# भारत के पुल : कठिनाइयों पर स्थापत्य की विजय

**समाज जागरण**

बलखाती नदियों, गहरी खाइयों और बेचैन समंदरों के ऊपर तने भारत के पुल इंजीनियरी में देश की महत्वाकांक्षाओं के मूक साक्षी हैं। ये सिर्फ शहरों और क्षेत्रों को ही नहीं, बल्कि व्यक्तियों, संस्कृतियों और अर्थव्यवस्थाओं को भी जोड़ते हैं। ये पुल अक्सर उन स्थानों को एक दूसरे से मिलाते हैं जिन्हें भूगोल ने लंबे समय से अलग-थलग कर रखा था। समूचे भारत में पुल जिस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को संवारते हैं उस ओर हममें से ज्यादातर का ध्यान नहीं जाता। वे उन दूरियों को घटाते हैं जिन्हें तय करने में कई दिन लग जाते थे। वे दूरदराज के समुदायों तक पहुंच बनाते और प्रकृति के सबसे उग्र रूपों का सामना करते हैं। देश भर में फैले अनगिनत पुलों के जाल में कई प्रमुख पुल विशालता और भारतीय अवसंरचना की दृष्टि की मिसाल हैं। इनमें से हर पुल अपने में साहसिक डिजाइन तथा निर्मम मौसम और मुश्किल भूभागों पर विजय पाने के मानवीय संकल्प की कहानी समेटे है।

**अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी–न्हावा शेवा अटल सेतु**

अरब सागर के ऊपर अटल सेतु मुंबई महानगर के कैनवस पर कूची के बिंदास स्पर्श की तरह है। इसे मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के नाम से भी जाना जाता है। यह भीड़भाड़ और समय के बंधनों से मुक्त क्षितिज की ओर मुंबई का सबसे बड़ा कदम है। इसे मुंबई के द्वीपीय शहर पर ट्रैफिक के भारी बोझ को घटाने के लिए विकसित किया गया है।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, कल्याण और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**समाज जागरण**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने 18 दिसंबर 2025 को अल्पसंख्यक दिवस मनाया। इस अवसर पर छह अल्पसंख्यक समुदायों - मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी (जोरोस्ट्रियन) के समुदायिक नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

माउंट कार्मेल स्कूल के अतिथि वक्ता डॉ. माइकल वी. विलियम्स ने सभा को याद दिलाया कि अल्पसंख्यक दिवस क्यों महत्वपूर्ण है, और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में ईसाई समुदाय के लंबे और मौन योगदान को रेखांकित किया - ये ऐसी संस्थाएं हैं जो सांप्रदायिक सीमाओं से कहीं आगे बढ़कर सेवा करती हैं।

जामिया हमदर्द के मोहम्मद तौहीद आलम ने 'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास' के व्यापक ढांचे के भीतर अल्पसंख्यक कल्याण पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि आज के शासन का मूल आधार समावेश है। खालसा कॉलेज के प्रोफेसर हरबंस सिंह ने गुरुबानी से प्रेरणा लेते हुए समझाया कि सहअस्तित्व और सामूहिक समृद्धि केवल नारे नहीं बल्कि जीवंत परंपराएं हैं।

आचार्य येशी फुंटसोक और डॉ. इंदु जैन ने बौद्ध और जैन समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से उचित समाधान की मांग की। अनुभवी पारसी नेता श्री मराजबान नरीमन जैवाला ने अल्पसंख्यक-केंद्रित कार्यक्रमों और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए अपने संबोधन का समापन किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत के विभिन्न समुदायों को एक साझा नागरिक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**अल्पसंख्यक समुदाय के लिए खुला सत्र**

अल्पसंख्यक समुदायों के काफी संख्या में प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। खुले सत्र के दौरान, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र से लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन तक के मुद्दों पर कई प्रश्न उठाए गए। इस संवाद में सशक्त भागीदारी और संवाद के माध्यम से चिंताओं के समाधान के प्रति साझा प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

**एक समावेशी समाज का निर्माण**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय ने अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों ने राष्ट्र के समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक समावेशी और न्यायसंगत समाज के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए शुरू की गई विभिन्न पहलों के बारे में बात की, जिनमें शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय सहायता और सशक्तिकरण से संबंधित योजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई भी पीछे न छूटे और सभी समुदायों को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, प्रगति और समृद्धि के समान अवसर प्राप्त हो। उन्होंने विभिन्न समुदायों के बीच निरंतर संवाद के महत्व को भी रेखांकित किया।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव सुश्री उपाध्याय ने कहा कि अपनी स्थापना से ही राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण, कल्याण और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकारों, हितधारकों और अल्पसंख्यक समुदायों के साथ निरंतर संपर्क के माध्यम से अल्पसंख्यकों की आवाज सुनी जाती है, उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया जाता है।

# * बहिरघाट में अवैध रेत उत्खनन और खनिज विभाग मौन

**समाज जागरण**

कटनी ।जिला इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। जानकारों के अनुसार जिले की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर मशीनों से उत्खनन कराया जा रहा है। कई स्थानों पर तो नदी के बीच तक जेसीबी मशीनें पहुंचाई जा रही हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। बताया जाता है कि कटनी जिले में रेत कंपनी का ठेका वर्तमान में नहीं है लेकिन इसके बाद भी कंपनी के द्वारा बिजराघवगढ़ क्षेत्र के बहिर्घाट स्थित नदी से मशीन लगाकर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के राजनेताओं एवं खनिज विभाग के अधिकारियों का संरक्षण भी प्राप्त है। सूत्रों का आरोप है कि पुरानी रेत कंपनी के कर्मचारी शरद एवं निगम के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है।इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जिले के अंतर्गत कटनी में एक सफेदपोस नेता के संरक्षण में बड़वारा, खतौली के आसपास बिजरावगढ़ क्षेत्र एवं मैहर जिले की सीमा से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है।

जिले के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर कटनी जिला रेत माफियाओं की गिरफ्त में यूं ही फंसा रहेगा।

# कानपुर में गोविंद नगर का पार्क बना 'कंक्रीट का जंगल', एफ आई आर और ध्वस्तीकरण की मांग

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। शहर के गोविंद नगर (ब्लॉक-8) स्थित सार्वजनिक पार्क के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। पार्क के 70% हरित क्षेत्र को नष्ट कर वहां अवैध निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। भाजपा साहित्य प्रचार विभाग के जिला संयोजक, प्रकाश वीर आर्य ने इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और मुख्य सचिव यूपी को पत्र लिखकर अधिकारियों की मिलीभगत और कोर्ट के आदेशों की अवमानना का गंभीर आरोप लगाया है। एस सीऔर एन जी टी के नियमों की अनदेखी शिकायत के अनुसार, पार्क के एक बड़े हिस्से को जानबूझकर कंक्रीट से पाट दिया गया है। जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का स्पष्ट नियम है कि पार्क में केवल 5% हिस्से पर ही वॉकिंग ट्रैक बनाया जा सकता है। यहाँ नियमों को ताक पर रखकर 'ऑक्सीजन जोन' को खत्म किया जा रहा है। अवैध धार्मिक निर्माणः पार्क के भीतर दो साल पहले 10७20 फीट का एक चबूतरा बनाया गया था। आरोप है कि नगर निगम अधिकारियों ने इसे 'पुराना निर्माण' बताकर संरक्षण दिया, जिसके कारण आज वहाँ स्थायी कब्जों का जाल बिछ गया है। श्री आर्य ने आरोप लगाया कि विधायक/सांसद निधि जैसे सार्वजनिक धन का उपयोग पार्क की हरियाली उजाड़ने के लिए किया जा रहा है, जो कि भारतीय न्याय संहिता ( बी एन एस) की धारा 324 के तहत दंडनीय अपराध है। अधिकारियों की 'गुमराह' करने वाली रिपोर्ट : शिकायत में कहा गया है कि आई जी आर एस और आर टी आई के जवाब में अधिकारियों ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया है, ताकि दोषियों को बचाया जा सके। 15 दिनों का अल्टीमेटम भाजपा नेता ने मांग की है कि पार्क को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए और अवैध टाइल्स व निर्माण को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर दोषियों पर रिपोर्ट और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हुई, तो वे माननीय उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेंगे।

# तीन साल से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।थाना बिजुरी पुलिस ने धोखाधड़ी के प्रकरण में तीन वर्ष से फरार चल रहे आरोपी पंचराम कश्यप को जिला बिलासपुर (छ.ग.) से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 10/24, धारा 420 भा.दं.सं. के तहत प्रकरण दर्ज है। फरियादिया संतोषी कश्यप से आरोपी ने आर्थिक तंगी और आत्महत्या की धमकी का हवाला देकर फोनपे के माध्यम से 10 बार में कुल ड्ढ94,160/- प्राप्त कर लिए थे और बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। जिला पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य एवं थाना प्रभारी बिजुरी निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सायबर सेल की मदद से आरोपी का नया मोबाइल नंबर ट्रेस कर बिलासपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा धोखाधड़ी की राशि की रिकवरी हेतु आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि बृजेश पाण्डेय, आरक्षक आनंद कुमार, सुनील यादव, नरेन्द्र सिंह, सत्यभान सिंह एवं सायबर सेल से प्रआर राजेन्द्र अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।

# एनपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांचक समापन, माती इलेवन स्टार बनी विजेता.....

**समाज जागरण**

लखनऊ,निगोहां के एसएनटी मैदान में आयोजित एनपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को उत्साह और रोमांच के साथ खेला गया। 20 ओवर के इस फाइनल मैच में माती इलेवन स्टार और नीलमथा की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर नीलमथा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए नीलमथा की पूरी टीम 18.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी माती इलेवन स्टार की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 16.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल





मुकाबला जीतकर टूनार्मेंट की विजेता बनी।फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। टूनार्मेंट के संरक्षक एवं सपा नेता अमरपाल सिंह, सपा नेत्री अर्चना रावत, पूर्व प्रधान अजय सिंह और आयोजक शैलेन्द्र दीपू ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले निखिल शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। उन्होंने सीरीज में 185 रन बनाने के साथ 7 विकेट भी चटकाए और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।इस मौके पर चंदन सिंह, अनिल सिंह, निशु मिश्रा, विकास सिंह, योगेश बाजपेई, मधुकर यादव, पंकज मिश्रा, सौरभ सिंह, कॉमेंटेटर अंशुल त्रिवेदी, जतिन सिंह, राजा शंकर त्रिपाठी, अंपायर टिंकू द्विवेदी, सूरज नागर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजकों ने टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और दर्शकों का आभार जताया।

# ऐतिहासिक कार्यक्रम में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को मिला सहारा व सम्मान।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 15101 कंबल एवं 51 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 251व्हील चेयर व सहायक उपकरण वितरित आपको बता दें की जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण हेतु एक सराहनीय पहल करते हुए वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के बीच 15101 कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही 51 दिव्यांग लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, व्हील चेयर एवं बैसाखी, कमर की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, छड़ी, वाकर व सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रबंधक डॉ अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद वृद्धजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने हेतु मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, रामचंद्र प्रधान, अवनीश पटेल, उमेश द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्वमंत्री गोपाल नारायण मिश्रा, विधायक अमरेश कुमार, डॉ मंदाकिनी प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह, उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा विजय कुमार मौर्या, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र राहुल रस्तोगी, पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी , अम्बरीष पुष्कर, सदस्य राज्य महिला आयोग डॉ प्रियंका मौर्या, ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय धीरू, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, समाजसेवी शिव शंकर अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन लखनऊ जी एन शुक्ला, चेयरमैन नगराम सूफियान, चेयरमैन गोसाईगंज निखिल मिश्रा, डॉ अल्का पांडे, समाजसेवी अजीत शुक्ला, अधिशाषी अधिकारी अंकिता देवी, सहायक पुलिस आयुक्त मोहन लालगंज, थाना प्रभारी गोसाईगंज, मोहन लालगंज, निगोहां, अधि वक्तागण, पत्रकार गण, सभासदगण व वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सहित ट्रस्ट के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ट्रस्ट की इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। ट्रस्ट के स्वयंसेवक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता कार्यक्रम संचालक अवधेश कुमार ने बताया कि जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए इसी तरह के सेवा और कल्याणकारी कार्यक्रम लगातार संचालित करता रहेगा।

# पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ने मतदाता सूची मैपिंग कार्य पूरा करने पर दिया जोर

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज।संवाददाता राजधानी लखनऊ की विधानसभा क्षेत्र 176 मोहनलालगंज के सेक्टर समेसी और मीरखनगर में शनिवार को समाज वादी पार्टी से जुड़े बीएलओ-2 के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ लेवल अधिकारियों के सहयोग से मतदाता सूची से संबंधित मैपिंग कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए प्रेरित करना रहा।

बैठक में सांसद आर के चौधरी, पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, सपा अधिवक्ता सभा के श्रवण कुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमा शंकर वर्मा, विजय यादव सहित संबंधित सेक्टर व बूथ अध्यक्ष तथा बीएलओ-2 उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने निर्वाचन से जुड़े कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान बीएलओ-2 को मैपिंग कार्य की महत्ता बताते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की अपील की गई। साथ ही बूथ स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने दोनों सेक्टरों के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकताओं और बूथ पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया।

इस बैठक और बूथ भ्रमण को आगामी चुनावी तैयारियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इस मौके पर बरजोर यादव, ओमकार लोधी, सुभाष गुप्ता, कलासर रावत ,वेद प्रकाश रावत, सहदेव रावत, राम सनेही, सुरेश, विशम्भर रावत, आदि लोग मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड में प्रशासन बेपरवाह, समाजसेवी एजाज खान ने जलवाए अलाव

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



निगोहां। लखनऊ,कड़ाके की ठंड के बावजूद तहसील प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी ने आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। दिसंबर की सर्द रातों में जहां सरकारी स्तर पर अलाव जलाने की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है, वहीं समाजसेवी और निगोहां कोटेदार एजाज खान ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कस्बे में अलाव जलवाकर इस मुहिम की शुरूआत कर दी है।एजाज खान द्वारा कस्बे के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जाने से राहगीरों, मजदूरों, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को राहत मिली है। उनका यह प्रयास न केवल सराहनीय है बल्कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिम्मेदार प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं, तब एक समाजसेवी आगे आकर लोगों को ठंड से बचाने का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों और कस्बेवासियों में मौजूदा प्रधान को लेकर खासा रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि प्रधान द्वारा न तो अलाव की व्यवस्था कराई गई और न ही ठंड से बचाव के कोई अन्य इंतजाम किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बजट आने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई कार्य दिखाई नहीं देता।गांव वासियों ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि समाजसेवी एजाज खान की पहल से सबक लेते हुए तत्काल कस्बे व गांवों में अलाव और अन्य शीतकालीन राहत की व्यवस्था की जाए, ताकि ठंड से होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत मिल सके।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में थाना पिपरी पुलिस द्वारा अपहृता की सकुशल बरामदगी

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपहृत व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि वादी मुकदमा श्री सूरज पुत्र रामलाल, निवासी हनुमान मंदिर, वार्ड नं-10, तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के प्रार्थना-पत्र के आधार पर दिनांक 11.11.2025 को थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-223/2025, धारा 137(2), 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग से संबंधित अपहृता उम्र लगभग 17 वर्ष, की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 18.12.2025 को थाना सेक्टर-39, नोएडा, जनपद गौतम बुद्धनगर से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।बरामद अपहृता के संबंध में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–01- प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।02-उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।03- हे0का0 संजय वर्मा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।04- हे0का0 महेश कुमार सरोज, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।05- म0आ0 नेहा गिरी, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।

# छिबरामऊः प्रेमिका की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। निगोह खास मोड़ पर महिला की नृशंस हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान कानपुर निवासी 35 वर्षीय मुस्कान पुत्री नवाब के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी एहतिशाम ने बताया कि मुस्कान का उसके दोस्त के साथ भी प्रेम संबंध था और वह उससे भी निकाह का वादा कर रही थी। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने मुस्कान की हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने और पुलिस को गुमराह करने के इरादे से शव को छिबरामऊ क्षेत्र में लाकर जला दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर आरोपियों की तलाश के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई थीं। लगातार दबिश और छानबीन के बाद शुक्रवार सांय पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है और कानून के मुताबिक आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कन्नौज : अखिलेश यादव पर सुब्रत पाठक का पलटवार: लाल टोपी को बताया आतंक का प्रतीक

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



अखिलेश यादव की इस टिप्पणी पर भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने शुक्रवार को उन्हीं के अंदाज में सोशल मीडिया पर पलटवार किया।

कन्नौजः समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग तेज हो गई है। यह विवाद अखिलेश यादव की सुब्रत पाठक के काले चश्मे पर की गई टिप्पणी से शुरू हुआ, जिसके जवाब में पाठक ने सपा की लाल टोपी को 'आतंक का प्रतीक' बताया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दो दिन पहले सुब्रत पाठक के काले चश्मे को 'काले कारनामों' से जोड़ते हुए टिप्पणी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि "कन्नौज के पूर्व भाजपाई सांसद का बयान बेहद आपत्तिजनक है। क्या वो जायज वोटों को कटवाने की सलाह दे रहे हैं। चुनाव आयोग तत्काल संज्ञान ले। काले कारनामों का काला चश्मा लगाए, ये महानुभाव बोलते समय भूल गये कि ये जो कह रहे हैं वो उन्हीं के दल के भाजपाई मुख्यमंत्री से उल्टी बात है"। उन्होंने लिखा, "काला चश्मा आंखों को धूप से ठंडक देता है, जिससे पहनने वाले की नजर पैनी बनी रहती है। किंतु लाल टोपी उत्तर प्रदेश में आतंक की प्रतीक है और इन टोपीबाजों की टोपी का रंग भले ही लाल हो, किंतु ये जाने तो काले कारनामों के लिए ही जाते हैं।" जारी किया। इसमें उन्होंने अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का सही मतलब नहीं बता पा रहे हैं। पाठक ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री का बेटा भला पिछड़ा कैसे हो सकता है, जबकि मुलायम सिंह यादव जैसे नेता संघर्ष कर के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव खुद को पीडीए का नेता मानते हैं, तो उन्हें कन्नौज लोकसभा के सबसे गरीब व्यक्ति को नेता या मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। पाठक ने इसमें अपना समर्थन देने की बात भी कही। इन टिप्पणियों से सोशल मीडिया पर सियासी हलचल तेज हो गई है।

# कन्नौजः पीडीए दंगल में शामिल हुए सपा नेता

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौजः जिले के ग्राम झउआ मदनापुर में ऐतिहासिक दंगल में अखिल भारतीय पीडीए दंगल कमेटी की तरफ से विराट दंगल का आयोजन में वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता सौरभ रतन यादव सेक्टर प्रभारी व पहलवान आधार बाबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कन्नौज के सभी वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पहुँचकर दंगल का शुभारम्भ करवाया जिसमे मुख्य रूप से तिर्वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाल, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, कन्नौज विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह बघेल, तिर्वा विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव युवा सपा नेता आशीष यादव, वरिष्ठ सपा नेता बाल कृष्ण यादव (डमरूवाले), संजीव यादव प्रदेश महासचिव मजदूर सभा, वीरेंद्र कटियार ब्लाक अध्यक्ष सपा मो 0 तुफैल अहमद विधानसभा उपाध्यक्ष, प्रभात यादव (मोनू ) गोविंद कठेरिया सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान सपा नेताओं ने कहा कि 2027 में सपा सरकार आयेगी तो और भी खेलो को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ियों को सम्मान मिलेगा श्रद्धेय नेता जी की इस विरासत को और मजबूती से आगे बढ़ाएँगे और उत्तर प्रदेश में खेल को और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन समाज वादियों ने हमेंशा दिया और आगे मौका मिलेगा और सम्मान किया जायेगा।दंगल में आये हुये पहलवानों को सभी सपा नेताओं ने सम्मानित किया।

# कन्नौजः 3.33 लाख विद्यार्थियों की बनेगी अपार आईडी

## बीएसए बोले, वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी की परिकल्पना होगी साकार, अभिभावकों को बताएं खासियत

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिले भर के 03 लाख 33 हजार विद्यार्थियों की अपार आईडी (आटोमेटेड परमानेन्ट एकेडमिक एकाउण्ट रजिस्ट्री) तैयार की जा रही है। कक्षा 01 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की 12 अंकों की यूनिक आईडी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि अभिभावकों से सहमति पत्र लेकर इस कार्य को शिक्षक-शिक्षिकाएं आगे बढ़ाएं। कक्षा 12 तक के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की अपार आईडी बनाई जानी है। इस योजना से जनपद के कुल 2883 परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, आई सीएसई, सीबीएसई, समाज कल्याण के आश्रम पद्धति

**बेसिक शिकाधिकारी संदीप कुमार।**

छात्र-छात्राओं का शैक्षिक इतिहास का विवरण डिजिलॉकर में संरक्षित रहेगा। अपार आईडी शैक्षणिक एवं कॅरियर में आजीवन उपयोगी है। बच्चों के शैक्षिक, अभिलेखों तथा अंकपत्रों, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्रों के खो जाने का डर नहीं रहेगा। ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रैकिंग कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आसान हो जाएगा। विद्यालय, श्रम विभाग आवासीय विद्यालय एवं मदरसा बोर्ड में पढ़ने वाले लगभग 3.33 लाख छात्र छात्राएं आच्छादित होंगे। बताया कि अपार आईडी बनने से प्रत्येक सरकार की ओर से छात्रों को दी जाने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं में यह आईडी उपयोगी सावित होगी। यू-डायस व पोर्टल पर दर्ज बच्चों के डाटा के आधार पर अपार आईडी का निर्माण होगा। यू-डायस के स्टूडेण्ट मॉड्यूल पर मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई होगी

समस्त विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाध्यापक शत-प्रतिशत बच्चों का डाटा यू-डायस पोर्टल पर अंकित कर सभी की अपार आईडी सुमित कर ले। यदि किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय ने इस कार्य में रुचि नहीं ली या समय से कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो नियमानुसार मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई की जाएगी जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय का होगा। काउन्सलर कॉर्नर उमेश क्लिक करके संक्षिप्त विवरण भरते ही अपार आईडी सृजित हो जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक विद्यालय में विशेष पीटीएम आयोजित कर अपार की आवश यकता एवं उपयोगिता को अभिभावकों से साझा करें। 20 फीसदी से अधिक पेंडेंसी पर देना होगा स्पष्टीकरण अपार आईडी के मामले में जिले की स्थित खराब मिली जिले की कुल पेंडेंसी 45.69 प्रतिशत है कन्नौज। अपार आईडी के तहत कक्षा 01 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक कुंडली देखने को मिलेगी। अपार आईडी को प्रगति बेहतर न होने को लेकर बीएसए संदीप कुमार ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को चिट्ठी जारी की है। इसमें कहा है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 29 नवंबर व 08 दिसंबर को समीक्षा बैठक की जिसमें जिले की प्रगति खराब मिली है। यह उदासीनता व लापरवाही दशार्ता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि 24 दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक हर हाल में अपार आईडी सुजन कर ले। अन्यथा जिन विकास खंडों में सुजन की पेडेसी 20 फीसदी से अधिक होगी उनके बीईओं को साक्ष्य समेत स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय में 24 दिसंबर को ही दोपहर 3 बजे तक यू-डायस कमी के साथ उपस्थित होना पड़ेगा। अगर निदेर्शों का पालन नहीं किया गया तो विभागीय कार्रवाई के लिए उच्चाधरियों को लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि छिबरामऊ ब्लॉक इलाके में 52.22 फीसदी पेंडेंसी है। गुगरापुर में 44.42 प्रतिशत, हसेरन में 50.42. जलालाबाद में 46.36, कन्नौज में 35.34, नगर क्षेत्र में 44.29, सौरिख में 48.65, तालग्राम में 53.32 व उमदां में 52.07 फीसदी पेडेसों है। जिले की कुल पेंडेसी 48.69 प्रतिशत है।